हिन्दी दैनिक
# प्रत्यूष नवबिहार
जोहार
रांची संस्करण
www.tezraftarlive.com
Email-navbiharjh@gmail.com
रांची, पटना और दिल्ली से प्रकाशित
रांची • शनिवार • 14.02.2026 • वर्ष : 16 • अंक : 200 • पृष्ठ : 12 • आमंत्रण मूल्य : ~~3 रुपये~~ 2 रुपये
RNI Regn.: JHAHIN/2011/40902

बलदेव साहू मेमोरियल टी-20 क्रिकेट टूर्नामेंट के समापन समारोह में शामिल हुए मुख्यमंत्री

# देश और दुनिया में राज्य का नाम रोशन कर रहे हमारे खिलाड़ी : हेमन्त सोरेन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**लोहरदगा :** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने कहा कि खेल के क्षेत्र में झारखंड निरंतर आगे बढ़ रहा है। यहां के नौजवानों के रग-रग में खेल बसता है। झारखंड के खिलाड़ी देश और दुनिया में राज्य का नाम रोशन कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि विश्व क्रिकेट में इस राज्य के खिलाड़ी महेंद्र सिंह धोनी ने अपना परचम लहराया है। लम्बे समय से हॉकी इंडिया में भी झारखंड के खिलाड़ियों का दबदबा रहा है। भारतीय महिला हॉकी टीम में कप्तान सहित कई खिलाड़ी झारखंड से हैं। यह हम सबके लिए गर्व का विषय है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सिर्फ हॉकी और क्रिकेट ही नहीं बल्कि राज्य सरकार का प्रयास है कि तीरंदाजी, फुटबॉल, लॉनबॉल सहित अन्य खेलों में भी हमारे राज्य के खिलाड़ी आगे बढ़ सके, इसके लिए बेहतर खेल नीति बनाई गई है। उक्त बातें मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने शुक्रवार को बीएस कॉलेज मैदान लोहरदगा में





पूर्व भारतीय क्रिकेटर वीरेंद्र सहवाग और हरभजन सिंह विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहे

- मुख्यमंत्री ने विजेता और उप विजेता टीम को ट्रॉफी सौंपी।
- खेल के क्षेत्र में निरंतर आगे बढ़ रहा झारखंड : मुख्यमंत्री

लोहरदगा लायंस ने पलामू जगलर्स को 8 विकेट से हराकर टूर्नामेंट पर कब्जा जमाया

आयोजित बलदेव साहू मेमोरियल टी-20 क्रिकेट टूर्नामेंट के समापन समारोह को संबोधित करते हुए कही। मौके पर विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व भारतीय क्रिकेटर वीरेंद्र सहवाग एवं हरभजन सिंह उपस्थित थे। मुख्यमंत्री ने दोनों पूर्व भारतीय क्रिकेटर से राज्य सरकार द्वारा खेल के क्षेत्र में किए जा रहे प्रयास एवं संभावनाओं पर विस्तृत चर्चा की।

### सिर्फ खनिज संपदा ही नहीं बल्कि खिलाड़ियों के नाम से भी जाना जाएगा झारखंड

मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड पूर्व से ही खनिज संपदा के लिए जाना जाता है। राज्य सरकार का प्रयास है कि आने वाले समय में इस राज्य को खिलाड़ियों के नाम से भी जाना जाए, इस हेतु बेहतर कार्य योजना बनाते हुए हम आगे बढ़ रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज पहली बार इस मैदान में मुझे आने का मौका मिला है। बीएस कॉलेज स्थित इस मैदान को बेहतर स्वरूप देने में राज्य सरकार का भी सहयोग रहा है। पूर्व राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू ने भी इस मैदान के सर्वांगीण विकास में अपनी महत्ती भूमिका निभाई है। मुख्यमंत्री ने विश्वास जताया कि आने वाले समय में यह स्टेडियम आकर्षण का केंद्र बनेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज इस क्रिकेट प्रतियोगिता में हिस्सा ले रहे हमारे नौजवान खिलाड़ी एवं बड़ी संख्या में पहुंचे खेल प्रेमी तथा दर्शकों का उत्साह और जोश देखते बन रहा है। मुख्यमंत्री ने अपनी ओर से सभी खिलाड़ियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने विजेता टीम को ट्रॉफी सौंपी।

इस अवसर पर मंत्री डॉ. इरफान अंसारी, मंत्री दीपिका पाण्डेय सिंह, मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की, विधायक रामचंद्र सिंह, विधायक भूषण बाड़ा, विधायक नमन विक्सल कोंगाड़ी, विधायक राजेश कच्छप, पूर्व राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू सहित अन्य गणमान्य एवं बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## एक नजर

### डीजीसीए की इंडिगो पर बड़ी कार्रवाई लगाया 22.20 करोड़ रुपये जुर्माना

**नयी दिल्ली :** भारतीय विमानन नियामक नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने देश की सबसे बड़ी एयरलाइन इंडिगो के खिलाफ अब तक की सबसे सख्त कार्रवाई की है। दिसंबर 2025 में बड़े पैमाने पर उड़ानों के रद्द होने और देरी के मामले में नियामक ने एयरलाइन पर 22.20 करोड़ रुपये का भारी जुर्मानां लगाया है। एयरलाइन को डीजीसीए के पक्ष में बैंक गारंटी देने को कहा गया है। डीजीसीए ने इंडिगो पर न केवल वित्तीय दंड लगाया है, बल्कि एयरलाइन के शीर्ष प्रबंधन को कड़ी फटकार भी लगाई है। इसमें सीईओ को चेतावनी और एक वरिष्ठ उपाध्यक्ष को परिचालन जिम्मेदारी से हटाने का निर्देश शामिल है। यह कार्रवाई 3 से 5 दिसंबर 2025 के बीच इंडिगो की उड़ानों में आई भारी बाधा के बाद की गई है। इस दौरान एयरलाइन की 2,507 उड़ानें रद्द हुईं और 1,852 उड़ानों में देरी हुई, जिससे हवाई अड्डों पर 3 लाख से अधिक यात्री फंस गए थे। डीजीसीए द्वारा गठित चार सदस्यीय जांच समिति ने पाया कि यह संकट संसाधनों के 'ओवर-ऑप्टिमाइजेशन' (अत्यधिक उपयोग) का परिणाम था।

### लखनऊ, अयोध्या व काशी समेत 19 कचहरी को बम से उड़ाने की धमकी

**लखनऊ :** यूपी में लखनऊ, अयोध्या और वाराणसी समेत 19 जिलों की कचहरी में बम विस्फोट करने की धमकी भरे मेल से हड़कंप मच गया है। सूचना मिलते ही कचहरी परिसर को तत्काल खाली करा लिया गया है। इस घटना के मद्देनजर पूरे परिसर में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है। कचहरी को वकीलों व वादकारियों से खाली कराया जा रहा है। बम निरोधक दस्ता और डॉग स्क्वायड की टीमें मौके पर पहुंच गई हैं और परिसर की गहन तलाशी ली जा रही है। किसी भी अप्रिय घटना से निपटने के लिए पुलिस प्रशासन पूरी तरह से मुस्तैद है। धमकी भरे मेल की जांच की जा रही है कि यह किसने और क्यों भेजा है। सीजेएम ने सुरक्षा व्यवस्था की कमान संभाल ली है। सीओ सिटी सहित काफी संख्या में पुलिस बल को तैनात कर दिया गया है। फिलहाल, किसी भी तरह की अफवाहों पर ध्यान न देने की अपील की गई है।

## मुख्यमंत्री से डॉ. मिहिर शाह और कुलदीप सिंह ने की शिष्टाचार भेंट



**रांची :** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से शुक्रवार को जल संसाधन प्रबंधन विशेषज्ञ डॉ मिहिर शाह तथा भारत रूरल लाइवलीहुड्स फाउंडेशन के मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी (सीईओ) कुलदीप सिंह ने शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर उन्होंने झारखंड में जनजातीय समुदायों की स्थायी आजीविका, ग्रामीण विकास, प्राकृतिक संसाधन और जल संसाधन प्रबंधन के विषय पर मुख्यमंत्री के साथ चर्चा की और राज्य सरकार के साथ मिलकर कार्य करने की इच्छा जताई। मुख्यमंत्री ने इस दिशा में हर संभव सहयोग करने का भरोसा दिलाया।

## चूटूपालू घाटी में दर्दनाक हादसा ट्रक ड्राइवर की जलकर मौत

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रामगढ़ :** रामगढ़ जिले के चूटूपालू घाटी में शुक्रवार को एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ। रांची से रामगढ़ की ओर जा रहा एक कंटेनर ब्रेक फेल होने के कारण आगे चल रहे ट्रेलर से टकरा गया। टक्कर इतनी जोरदार थी कि कंटेनर का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और देखते ही देखते उसमें आग लग गई।



आग लगने के कारण कंटेनर के चालक केबिन में फंस गए और झुलसने से मौके पर ही उनकी मौत हो गई। हादसे की सूचना मिलते ही स्थानीय प्रशासन और फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची और आग को काबू में किया। घटना के कारण ट्रैफिक भी प्रभावित रहा। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## राहुल गांधी ने किसान नेताओं के साथ भारत-अमेरिकी व्यापार समझौते पर की चर्चा

एजेंसी

**नयी दिल्ली :** लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने संसद भवन परिसर स्थित कार्यालय में देशभर के किसान संगठनों के नेताओं से शुक्रवार को मुलाकात की। उन्होंने बैठक में किसानों से भारत-अमेरिका व्यापार समझौते पर मक्का, सोयाबीन, कपास, फल और मेवा जैसी फसलों पर किसानों के पक्ष को सुना। राहुल गांधी ने कहा कि इस व्यापार समझौते से कृषि आयात के दरवाजे खुल गए हैं और जल्द ही अन्य फसलें भी इसके दायरे में आ सकती हैं। उन्होंने किसानों और खेत मजदूरों की आजीविका बचाने के लिए बड़े पैमाने पर राष्ट्रीय आंदोलन की आवश्यकता पर जोर दिया।



बैठक में शामिल किसान नेताओं में ऑल इंडिया किसान कांग्रेस के सुखपाल एस. खैरा, जीकेएस राजस्थान के रंजीत एस संधू, भारतीय किसान मजदूर यूनियन हरियाणा के एडवोकेट अशोक बल्हारा, केएमएम केरल के पीटी जॉन, प्रोग्रेसिव फार्मर्स फ्रंट के आर नंदकुमार ऑल इंडिया किसान कांग्रेस के अखिलेश शुक्ला और दक्षिण हरियाणा किसान यूनियन के सतबीर खटाना शामिल रहे।

### सरकार राहुल के खिलाफ प्रस्ताव नहीं लाएगी एक सदस्य पहले ही दे चुके हैं नोटिस : रिजिजू

**नयी दिल्ली :** केंद्र सरकार संसद के बजट सत्र के दौरान असंसदीय भाषा के इस्तेमाल के लिए लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के खिलाफ विशेषाधिकार हनन का प्रस्ताव नहीं लाने जा रही है। इस संबंध में एक सदस्य पहले ही नोटिस दे चुके हैं। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने शुक्रवार को मीडिया को बताया कि सरकार ने पहले राहुल गांधी के खिलाफ प्रस्ताव लाने का फैसला किया था, लेकिन अब सरकार प्रस्ताव नहीं लाने जा रही है। इसके पीछे कारण है कि भाजपा सांसद निशिकांत दुबे पहले ही इस मामले में एक 'सब्सटैंटिव प्रस्ताव' पेश कर चुके हैं।

## बांग्लादेश में बीएनपी की दो दसक बाद सत्ता में वापसी



एजेंसी

**ढाका :** बांग्लादेश के 13वें राष्ट्रीय संसदीय चुनाव में एक अहम राजनीतिक घटनाक्रम सामने आया है। बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) के वरिष्ठ नेता और अल्पसंख्यक हिंदू समुदाय से आने वाले गायेश्वर चंद्र रॉय ने ढाका-3 संसदीय सीट पर प्रभावशाली जीत दर्ज की है। सरकारी समाचार एजेंसी के मुताबिक, रॉय ने 99,163 वोट हासिल कर अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी मोहम्मद शाहिनुर इस्लाम को पराजित किया। शाहिनुर इस्लाम जमात-ए-इस्लामी के उम्मीदवार थे।

यह जीत 1971 में स्वतंत्रता के बाद ढाका से चुने गए पहले हिंदू सांसद के रूप में दर्ज की गई है। रॉय की जीत ऐसे समय में आई है जब देश में हिंदू अल्पसंख्यक समुदाय के खिलाफ कथित हमलों और उत्पीड़न की खबरें सामने आती रही हैं। दिसंबर में कट्टरपंथी युवा नेता शरीफ उस्मान हादी की हत्या के बाद कई स्थानों पर तनाव की स्थिति बनी थी। भारत ने भी बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों, खासकर हिंदू समुदाय की सुरक्षा को लेकर चिंता जताई है। ऐसे माहौल में एक हिंदू नेता का राजधानी क्षेत्र से जीतना राजनीतिक और सामाजिक रूप से महत्वपूर्ण माना जा रहा है। दूसरी ओर, जमात-ए-इस्लामी द्वारा उतारे गए इकलौते हिंदू उम्मीदवार कृष्णा नंदी को खुलना-1 सीट से हार का सामना करना पड़ा। नंदी को 70,346 वोट मिले, जबकि बीएनपी के उम्मीदवार अमीर एजाज खान ने 1,21,352 वोट हासिल कर स्पष्ट जीत दर्ज की।

बता दें कि बांग्लादेश में जारी सत्ता के लिए संघर्ष और घमासान के 18 महीनें के बाद हुए चुनाव में बीएनपी को बड़ा जनादेश मिला। मतगणना के ताजा आंकड़ों के अनुसार बीएनपी को दो तिहाई बहुमत मिले है। वहीं जबकि जमात-ए-इस्लामी के नेतृत्व वाले गठबंधन को अभी तक केवल 73 सीटें मिली हैं। बांग्लादेश की संसद, जिसे जातीय संसद कहा जाता है, में कुल 300 सीटें हैं।

इनमें से 299 सीटों पर मतदान हुआ। शेरपुर-3 सीट पर एक उम्मीदवार की मृत्यु के कारण चुनाव रद्द कर दिया गया।

### पीएम मोदी ने बांग्लादेश चुनाव में ऐतिहासिक जीत पर तारिक रहमान से की बातचीत



**नयी दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ट्वीट कर जानकारी दी कि उन्होंने तारिक रहमान से बातचीत की और बांग्लादेश के चुनावों में उनकी उल्लेखनीय जीत पर उन्हें हार्दिक बधाई दी। प्रधानमंत्री ने अपने संदेश में कहा कि उन्होंने तारिक रहमान को बांग्लादेश की जनता की अपेक्षाओं को पूरा करने के उनके प्रयासों के लिए शुभकामनाएं और समर्थन भी व्यक्त किया। उन्होंने विश्वास जताया कि नए नेतृत्व में बांग्लादेश विकास और स्थिरता की दिशा में मजबूती से आगे बढ़ेगा। पीएम मोदी ने यह भी कहा कि भारत और बांग्लादेश दो निकट पड़ोसी देश हैं, जिनके बीच ऐतिहासिक और सांस्कृतिक रिश्ते बेहद गहरे हैं। इसी परंपरा को आगे बढ़ाते हुए भारत ने दोनों देशों के लोगों की शांति, प्रगति और समृद्धि के प्रति अपनी निरंतर प्रतिबद्धता दोहराई।

## पीएम मोदी सेवा तीर्थ का लोकार्पण कर बोले- स्वतंत्र भारत की स्वतंत्र पहचान, गुलामी से मुक्त निशान

एजेंसी

**नयी दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को सेवा तीर्थ परिसर से कर्तव्य भवन 1 और 2 का उद्घाटन किया। इसके साथ ही सिक्का और डाक टिकट भी जारी किया। इससे पहले पीएम मोदी ने शुक्रवार सुबह 'सेवा तीर्थ' कॉम्प्लेक्स का उद्घाटन किया था। यह नया भवन प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ), राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद सचिवालय और कैबिनेट सचिवालय का केंद्र बन गया है। इसके साथ ही केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल ने बताया कि अब उद्योग भवन मेट्रो स्टेशन का नाम बदलकर सेवा तीर्थ मेट्रो स्टेशन किया जाएगा। पीएम मोदी ने सार्वजनिक कार्यक्रम के दौरान अपने संबोधन में कहा कि यह





कदम विकसित भारत के संकल्प को मजबूती देने का संकल्प लेकर सेवा-तीर्थ और कर्तव्य भवन में प्रवेश की दिशा में अहम है। आज नया इतिहास बनते देख रहे हैं। आज भारत नए आरंभ का साक्षी बन रहा है। यह भारत कि विकास यात्रा में नई शुरूआत है। पुराने भवनों में जगह की कमी थी। सुविधाओं की सीमाएं थी। करीब 100 साल पुरानी इमारतें अंदर से जर्जर होती जा रही थी। मैं समझता हूं कि इन चुनौतियों के बारे में भी देश को निरंतर बताया जाना चाहिए।

पीएम ने कहा 'आजादी के बाद साउथ ब्लॉक और नॉर्थ ब्लॉक में अनेक अहम निर्णय हुए, कई नीतियां बनीं लेकिन ये इमारते ब्रिटिश शासन के प्रतीक के तौर पर बनाई गई थीं। इनका मकसद भारत को सदियों तक गुलामी की जंजीरों में जकड़े रखना था। एक समय था, जब कोलकाता शहर देश की राजधानी हुआ करता था।' उन्होंने कहा कि 1905 के बंगाल विभाजन के दौर में कोलकाता ब्रिटिश विरोधी आंदोलन का प्रबल केंद्र बन चुका था। इसलिए 1911 में अंग्रेजों ने भारत की राजधानी को दिल्ली शिफ्ट किया। उसी के बाद अंग्रेजी हुकूमतों की जरूरतों और उसकी सोच को ध्यान में रखकर नॉर्थ ब्लॉक और साउथ ब्लॉक जैसी इमारतें बनी। भवन ब्रिटेन के महाराज के सोच को गुलाम भारत की जमीन पर उतारने का माध्यम था। रायसीना हिल्स को इसलिए चुना गया ताकि ये इमारते अन्य इमारतों से ऊंची रहे। सौभाग्य से सेवा तीर्थ की इमारते जमीन से जुड़ी है, पहाड़ पर नहीं है।

पीएम मोदी ने कहा पुराने भवनों को तोड़ने के बजाय म्यूजियम बनाया जाएगा, ताकि नई पीढ़ी वहां जाकर इतिहास को समझ सके। आजादी के इतने साल बाद भी केंद्र सरकार के कई मंत्रालय दिल्ली में करीब 50 अलग-अलग जगहों से काम कर रहे हैं और हर साल सिर्फ किराए पर लगभग 1,500 करोड़ रुपये खर्च हो जाते हैं। सभी मंत्रालय एक साथ आने से खर्च कम होगा, समय बचेगा और कर्मचारियों की काम करने की क्षमता बढ़ेगी।

## हजारीबाग में सोते परिवारों पर टूटा हाथियों का कहर, छह की दर्दनाक मौत

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**हजारीबाग :** हजारीबाग में गुरुवार की देर रात दिल दहला देने वाली घटना सामने आई, जहां हाथियों के झुंड ने छह लोगों को कुचलकर मार डाला। मृतकों में एक साल का मासूम बच्चा से लेकर 50 वर्ष से अधिक आयु के लोग शामिल हैं। यह हादसा अंगो थाना क्षेत्र और चुरचू प्रखंड के गोंदवार गांव में रात करीब एक से डेढ़ बजे के बीच हुआ। जानकारी के अनुसार, पांच हाथियों का झुंड अचानक गांव में घुस आया। उस समय सभी ग्रामीण अपने-अपने घरों में सो रहे थे। हाथियों ने एक घर का गेट उखाड़ दिया और अंदर घुसकर सो रहे लोगों को बेरहमी से कुचल डाला। इस भयावह हमले में सुमन कुमारी, धनेश्वर राम, सूरज राम, सविता देवी, अनुराग राम और संजना



कुमारी की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद पूरे इलाके में मातम और आक्रोश का माहौल है। ग्रामीणों का कहना है कि हाथियों का झुंड पिछले एक महीने से क्षेत्र में विचरण कर रहा था। वन विभाग की ओर से समय-समय पर अलर्ट जारी किए जा रहे थे, लेकिन इतनी बड़ी त्रासदी को रोका नहीं जा सका। पूर्वी वन प्रमंडल के डीएफओ विकास कुमार उज्ज्वल ने घटना की पुष्टि करते हुए कहा कि इस दुखद घड़ी में पूरा वन विभाग पीड़ित परिवारों के साथ खड़ा है और नियमानुसार सहायता उपलब्ध कराई जाएगी।

गौरतलब है कि क्षेत्र में हाथियों का आतंक लगातार बढ़ता जा रहा है। रामगढ़ और गोमिया प्रखंड में भी हाथियों के हमलों की घटनाएं लगातार सामने आ रही हैं। कुछ दिन पहले ही गोमिया में हाथियों के हमले में पांच लोगों की जान चली गई थी।

एक नजर

## महाशिवरात्रि पूजा को लेकर थाना परिसर में शांति समिति की हुई बैठक

**बड़कागांव** : बड़कागांव प्रखंड में शांतिपूर्वक महाशिवरात्रि पूजा संपन्न कराने को लेकर पुलिस प्रशासन की ओर से तैयारी शुरू हो गई है। जिसे लेकर शनिवार शाम 4:00 बजे बड़का गांव थाना परिसर में शांति समिति विशेष बैठक बुलाई गई है। बड़कागांव थाना प्रभारी कृष्ण कुमार गुप्ता ने बताया कि बैठक में बड़कागांव थाना क्षेत्र अंतर्गत तमाम पंचायत के प्रबुद्ध नागरिक जनप्रतिनिधि आमंत्रित है।

## आज राम जानकी मंदिर से निकलेगी शिव बारात

**बड़कागांव** : झारखंड में प्रसिद्ध महुदी पहाड़ स्थित बुढ़वा महादेव में महाशिवरात्रि पूजा करने को लेकर बुढ़वा महादेव महाशिवरात्रि पूजा समिति के द्वारा तैयारी जोरों पर की जा रही है। लगभग सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। कल 9:00 सुबह से बडकागांव राम जानकी मंदिर से शिव बारात निकाली जाएगी जो सूर्य मंदिर सूर्य मंदिर सोते हुए श्रद्धालु मुख्य चौक, थाना रोड ,छवनिया रोड होते हुए बुढ़वा महादेव मंदिर प्रांगण पहुंचेंगे और पूजा अर्चना करेंगे। शिव बारात में उत्तर प्रदेश के कानपुर से आए कलाकारों के द्वारा एक से बढ़कर एक कला प्रस्तुत किया जाएगा। शिवरात्रि एवं पूजा को लेकर रामचरित्र प्रसाद दांगी को अध्यक्ष बनाया गया।जबकि सचिव विकास कुमार कुशवाहा गोंदलपुरा, कोषाध्यक्ष भाजपा मंडल अध्यक्ष शिव शंकर कुमार उर्फ शिबू मेहता का चयन किया गया। जबकि उपाध्यक्ष सत्यजीत विद्या अलंकार उपसचिव अवध किशोर कुमार, उपकोषाध्यक्ष विनोद कुमार का चयन सर्व समिति से किया गया। तथा संरक्षक के रूप में शशि कुमार मेहता, अरविंद कुमार, भोला प्रसाद दांगी, विनोद प्रसाद दांगी को बनाया गया और संयोजक जयशंकर प्रसाद मेहता दर्शन महतो, बीगल किशोर मेहता, संजय कुमार एवं नरसिंह प्रसाद मेहता का चयन किया गया।

## विद्युत चोरी को लेकर चलाई गई छापामारी अभियान

**विष्णुगढ़** : प्रखंड क्षेत्र में बिजली चोरी रोकथाम को लेकर चलाई गई छापामारी अभियान में 5 लोगों के विरुद्ध कार्रवाई की गई है। सहायक विद्युत अभियंता प्रदीप प्रजापति के नेतृत्व में अभियान चलाईं गई। इस सबंध में विष्णुगढ़ थाना में आवेदन दिया हैं। जिसमें विकास कुमार पिता सीताराम साव विष्णुगढ़, विजय बर्मन पिता स्व० जगदीश बर्मन गाँधी स्मारक विष्णुगढ़, सोगरा खातून पति सौकत राजा, राजा नगर नवादा विष्णुगढ़, मो० मुख्तार अहमद पिता अलीजान मियां, राजा नगर नवादा विष्णुगढ़, शहनाज खातून पिता मो० यूनुस, राजा नगर नवादा विष्णुगढ़ सभी अवैध बिजली चोरी के दोषी पाए गए हैं।बताया गया कि यह अभियान बिजली बिल बकाया रखने तथा पोल से टोका लगाकर अतिरिक्त फेज खींचकर विद्युत उर्जा की चोरी करते हुए पकड़े गये हैं। विद्युत कनिया अभियंता प्रदीप प्रजापति ने बताया कि यह अभियान आगे भी जारी रहेगा।

## वैलेंटाइन डे पर सांस्कृतिक मयार्दा बनाए रखने की अपील

**रामगढ़** : वैलेंटाइन डे की पूर्व संध्या पर विश्व हिंदू परिषद की युवा इकाई बजरंग दल और दुर्गा वाहिनी की रामगढ़ इकाई ने संयुक्त रूप से एक वक्तव्य जारी कर समाज से सजग रहने की अपील की है। बजरंग दल के जिला संयोजक महेंद्र ठाकुर और दुर्गा वाहिनी की जिला संयोजिका अनामिका श्रीवास्तव ने कहा कि संगठन किसी भी उत्सव के विरोध में नहीं है, लेकिन उसके नाम पर सार्वजनिक स्थलों पर अश्लीलता, फूहड़ता और भारतीय सांस्कृतिक मूल्यों के विपरीत गतिविधियों को स्वीकार नहीं किया जा सकता।

# चुरचू में हाथियों का कहर एक ही रात में छह की मौत

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**हजारीबाग** : हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के चुरचू प्रखंड अंतर्गत गोंदवार वार गांव में प्रकृति और मानव के बीच बढ़ते असंतुलन ने उस वक्त एक भयावह रूप अख्तियार कर लिया, जब हाथियों के झुंड ने एक ही रात में छह मासूम जिंदगियों को बेरहमी से कुचलकर खत्म कर दिया। इस हृदयविदारक घटना की सूचना मिलते ही हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल अपने तमाम कार्यक्रमों को छोड़कर तुरंत घटनास्थल पर पहुंचे। वहां का मंजर अत्यंत पीड़ादायक था, जहां टूटे हुए कच्चे मकानों के मलबे और अपनों को खोने का चीत्कार गूंज रहा था। आसपास के लोग इस घटना और वन विभाग की निष्क्रियता को लेकर रोषव्याप्त थे। सांसद मनीष जायसवाल ने खुद घटनास्थल पर पहुंचकर एक-एक शव का अवलोकन किया और पीड़ित परिवारों के बीच बैठकर उन्हें इस गहरे दुख की घड़ी में ढांढस बंधाया। मृतकों में दीपक कुमार की पत्नी सविता कुमारी, उनका आठ माह का शिशु अनुराग, चार वर्षीय पुत्री संजना, बुजुर्ग पिता सूरज राम और बसंत कुमार की पत्नी सुमन कुमारी सहित एक अन्य ग्रामीण शामिल थे। एक ही परिवार के चार सदस्यों का इस तरह चले जाना किसी भी कलेजे को चीर देने के लिए काफी था। घटनास्थल पर मौजूद आक्रोशित ग्रामीणों और प्रशासनिक अधिकारियों के बीच समन्वय स्थापित करते हुए सांसद मनीष जायसवाल ने इस त्रासदी के पीछे के असल कारणों पर तीखा प्रहार किया। उन्होंने दो टूक शब्दों में कहा कि हाथियों की यह उग्रता स्वाभाविक नहीं है, बल्कि यह इंसानी घुसपैठ और वर्तमान झारखंड सरकार के संरक्षण में इस क्षेत्र में फल-फूल रहे अवैध खनन के काले कारोबार का नतीजा है। जंगलों का विनाश और हाथियों के सदियों पुराने गलियारों में अवैध माइंस के जरिए होने वाले भारी धमाकों ने इन शांत जीवों को हिंसक बना दिया है। रात के सन्नाटे में अवैध माइंस ने धमाके की गूंज और वाहनों का अनियंत्रित परिचालन हाथियों के प्राकृतिक व्यवहार को अस्त-व्यस्त कर रहा है, जिसका खामियाजा निर्दोष ग्रामीणों को अपनी जान देकर भुगतना पड़ रहा है। सांसद मनीष जायसवाल ने स्पष्ट किया कि जब तक अवैध माइंस पर पूर्ण प्रतिबंध नहीं लगता और वन क्षेत्र को सुरक्षित नहीं किया जाता, तब तक यह द्वंद्व थमने वाला नहीं है। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए सांसद मनीष जायसवाल ने जिला प्रशासन और वन विभाग के अधिकारियों के साथ मौके पर ही वार्ता की और ग्रामीणों की जायज मांगों को मनवाया। उन्होंने पीड़ित परिवारों के जीविकोपार्जन के लिए परिवार के एक सदस्य को वन विभाग में नौकरी दिलाने की विभागीय अनुशंसा करने और सभी मृतकों के आश्रितों को जल्द से जल्द मुआवजा दिलाने पर सहमति बनाई। तत्काल राहत के रूप में प्रत्येक मृतक के नाम पर 25 हजार रुपये की राशि आवंटित कराई गई और विभागीय अधिकारियों ने एक माह के भीतर शेष मुआवजा राशि देने का भरोसा दिया। साथ ही हाथियों के हमले से सुरक्षा हेतु प्रभावित इलाकों में रहने वाले कच्चे मकानों के मालिकों को तत्काल प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत पक्के मकान आवंटित करने की दिशा में सकारात्मक पहल करने और ग्रामीणों को आधुनिक लाइट, टॉर्च व विशेष प्रशिक्षण से लैस करने के निर्देश दिए। सांसद मनीष जायसवाल ने भावुक स्वर में कहा कि सरकार, प्रशासन और वन विभाग की तत्परता और हम सबकी सामूहिक जागरूकता ही भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोक सकती है। उन्होंने ईश्वर से दिवंगत आत्माओं की शांति और शोकाकुल परिजनों को यह अपार दुख सहने की शक्ति देने की प्रार्थना भी की।

## महाशिवरात्रि को लेकर छवनिया रोड में पुलिस का फ्लैग मार्च



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बड़कागांव** : बड़कागांव प्रखंड बुढ़वा महादेव महाशिवरात्रि पूजा को सबसे महत्वपूर्ण एवं संवेदनशील स्थानों में माना जा रहा है। जिसे लेकर बड़का गांव पुलिस निरीक्षक ललित कुमार के नेतृत्व में भारी संख्या में पुलिस बल के द्वारा छवनिया रोड पर फ्लैग मार्च निकाली गई । ताकि क्षेत्र में शांति बनाए रखा जा सके। पुलिस निरीक्षक ललित कुमार ने कहा महाशिवरात्रि के त्यौहार को देखते हुए पुलिस प्रशासन बिल्कुल चौकस है शरारती तत्वों पर विशेष नजर रखी जा रही है। गड़बड़ी करने वाले को बख्सा नहीं जाएगा। जिस पर पुलिस की कड़ी से कड़ी कार्रवाई होगी। फ्लैग मार्च में मुख्य रूप से मेजर कुमार देवव्रत, अवर पुलिस निरीक्षक अमित कुमार, वरुण कुमार, सहायक अवर पुलिस निरीक्षक हादी खान बसंत भगत के अलावा सशस्त्र पुलिस बल शामिल थे।

## हजारीबाग नगर निगम : जनसंपर्क अभियान को मिल रहा अपार समर्थन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**हजारीबाग** : हजारीबाग नगर निगम क्षेत्र में भाजपा समर्थित मेयर प्रत्याशी सुदेश चंद्रवंशी ने आज कोलघट्टी, नूरा, राजा बंगला, ओकनी, लोहसिंघना, दक्षिणी शिवपुरी, उत्तरी शिवपुरी, न्यू एरिया एवं ओकनी आदर्श नगर में व्यापक जनसंपर्क अभियान चलाया। इस दौरान उन्होंने घर-घर जाकर जनता-जनार्दन से मुलाकात की, उनकी समस्याएँ सुनीं तथा आशीर्वाद प्राप्त किया। जनसंपर्क के दौरान क्षेत्रवासियों ने अत्यंत आत्मीयता, विश्वास और उत्साह के साथ स्वागत किया तथा भारी समर्थन और स्नेह व्यक्त किया। विभिन्न मोहल्लों में लोगों ने नगर निगम के समग्र विकास, स्वच्छता, आधारभूत सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण और पारदर्शी प्रशासन की अपेक्षाएँ साझा कीं, जिन पर मेयर प्रत्याशी ने सकारात्मक आश्वासन दिया। जनसंपर्क मुहिम में हजारीबाग के सांसद मनीष जायसवाल, विधायक प्रदीप प्रसाद सहित पार्टी के नेता व सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे और जनसंपर्क अभियान को सफल बनाने में सक्रिय भूमिका निभाई। मेयर प्रत्याशी सुदेश चंद्रवंशी ने सभी सम्मानित मतदाताओं से विनम्र अपील की है कि आगामी 23 फरवरी को अधिक से अधिक संख्या में बैलेट के क्रम संख्या 07 पर मतदान कर बक्सा चुनाव चिह्न पर अपना अमूल्य मत प्रदान करें तथा हजारीबाग के उज्ज्वल, स्वच्छ और विकासोन्मुख भविष्य के निर्माण में सहभागी बनें।

## मोहित कुमार ने इंडिया ओपेन इंटरनेशनल किक बॉक्सिंग में जीता ब्रॉन्ज मेडल

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



बड़कागांव : बड़कागांव प्रखंड के नयाटांड एवं कोयलंग निमियांटोला निवासी शंकर साव के पुत्र मोहित कुमार ने नई दिल्ली में चल रहे इंडिया ओपेन 5 वें इंटरनेशनल किक बॉक्सिंग प्रतियोगिता में भाग लिया । जिसमें उन्होंने बेहतरीन प्रदर्शन कर ब्रांज मेडल हासिल किया है। बता दें कि मोहित कुमार वर्तमान में आन्नदा महाविद्यालय हजारीबाग के छात्र हैं और पूर्व एन सी सी कैडेट भी हैं। मोहित कुमार इस उपलब्धि को हासिल कर जिला एवं गांव का नाम रोशन किया है। मोहित कुमार का परिवार एक साधारण परिवार है । इनके पिता शंकर साव एक साधारण व्यापारी हैं। माता मंजू देवी एक गृहिणी हैं। मोहित कुमार के इस उपलब्धि को सुनकर उनके घर परिवार से लेकर प्रखंड एवं जिले के लोग काफी खुश हैं। वहीं बधाई देने वालों में मुख्य रूप बड़कागांव विधायक रोशन लाल चौधरी, पूर्व लोकनाथ महतो पूर्व विधायक अम्बा प्रसाद, प्रमुख फुलवा देवी, जिप सदस्य गीता देवी, नयाटांड मुखिया लीलावती देवी, मुखिया प्रतिनिधि अजीत महतो, तलसवार मुखिया गीता देवी, पंसस मेघा कुमारी, पूर्व मुखिया शुक्ला तुरी, पूर्व पंसस केदार महतो, मुखिया प्रतिनिधि संजय महतो, पंसस प्रतिनिधि मिथलेश साव, वार्ड सदस्य अजय कुमार महतो, राजेन्द्र प्रसाद महतो, नागेश्वर तुरी, एतवा तुरी, रामलाल तुरी, बिमल करमाली, जंगल गंझू, राथो गंझू, सुबेदार करमाली, प्रदीप महतो,शतीश करमाली, जितेन्द्र महतो, नारायण प्रसाद, अजय कुमार, ईश्वर कुमार महतो, ज्ञानचंद महतो, गणेश महतो, मंगल तुरी एवं संजय मिर्धा का नाम शामिल है।

## सनातन हिंदू सम्मेलन की तैयारी को लेकर विहिप की हुई बैठक

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बरही** : सनातन हिंदू सम्मेलन की तैयारी को लेकर छोटकी बरही के महावीर मंदिर में विश्व हिंदू परिषद की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता राखी देवी ने की। सम्मेलन की तैयारी को लेकर विहिप के क्षेत्र सेवा प्रमुख त्रिवेणी साहू, अध्यक्ष प्रो बद्री साव, विहिप के जिला सह मंत्री गुरुदेव गुप्ता, विहिप के कोषाध्यक्ष नितेश कुमार, चेतलाल साहू, सुनैना देवी, राखी देवी, शोभा रानी ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि हिन्दुत्व तब तक जिंदा है जब तक भारत में सनातन संस्कृति गतिमान है। सनातन संस्कृति को मजबूत बनाने के आह्वान करते हुए कहा कि हिंदू हिंदू एक रहे, भेदभाव को नहीं सहें। संघर्षों से दुखी जगत को, मानवता की शिक्षा दें। कहा कि इसी भाव को विकसित करने के लिए सनातन हिन्दू सम्मेलन का भव्य आयोजन रसोइयाधमना के दुर्गा मंदिर परिसर में २२ फरवरी को होगा। बैठक में बताया कि सम्मेलन की तैयारी को लेकर छोटी छोटी गोष्ठी का आयोजन किया जा रहा है। बैठक में लश्करी गांव की सविता देवी, बेंदगी गांव की फूलमतिया देवी, हरिनगर उजैना की पायल केशरी, न्यू कालोनी बरही के दिवाकर मिश्र समेत छोटकी बरही के ग्रामीण मौजूद थे।

## इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन लिमिटेड ने मनाया 'सक्षम संरक्षण महोत्सव 2026', हरित ऊर्जा का दिया संदेश

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**हजारीबाग** : हजारीबाग जिले में (इंडियन ऑयल) द्वारा सक्षम संरक्षण महोत्सव 2026 का उत्साहपूर्ण आयोजन किया गया। इस महोत्सव का उद्देश्य हरित एवं स्वच्छ ऊर्जा को बढ़ावा देना, पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता फैलाना तथा ईंधन बचत के लिए आम लोगों को प्रेरित करना रहा। कार्यक्रम के माध्यम से स्वच्छ ऊर्जा स्वस्थ भारत का संदेश जन-जन तक पहुंचाया गया। महोत्सव के तहत हजारीबाग शहर में भव्य साइकिल रैली निकाली गई। इस रैली में कारगिल पॉइंट के कर्मियों एवं राधा कृष्ण शारदा आश्रम बी.एड. कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। साइकिल रैली शहर के विभिन्न मार्गों से गुजरते हुए लोगों को ऊर्जा संरक्षण, प्रदूषण नियंत्रण और पर्यावरण सुरक्षा का संदेश देती रही। प्रतिभागियों ने नारे लगाकर लोगों से अपील की कि वे ईंधन का सोच-समझकर उपयोग करें और स्वच्छ ऊर्जा को अपनाएं। कार्यक्रम में इंडियन ऑयल हजारीबाग क्षेत्र के विक्रय प्रबंधक राहुल कुमार, चतरा क्षेत्र के विक्रय प्रबंधक मयंक कुमार, इंडेन के प्रबंधक विकास आनंद, बी.एड. कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ. सोमापित पाल, उप-प्रधानाचार्य परिमीत लायक, सहायक प्राध्यापक धर्मेंद्र यादव, डॉ. शिव कुमार राणा, अरविंद कुमार, रितेश कुमार तथा कारगिल पॉइंट के रवि शंकर सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। वक्ताओं ने कहा कि ऊर्जा संरक्षण समय की आवश्यकता है। यदि आज हम ईंधन और प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण करेंगे, तो आने वाली पीढ़ियों के लिए सुरक्षित भविष्य सुनिश्चित कर पाएंगे। विदित हो कि इंडियन ऑयल ने वर्ष 2046 तक नेट जीरो ऑपरेशनल ऊर्जा प्राप्त करने का लक्ष्य रखा है, जिसके अंतर्गत 18 गीगावाट हरित ऊर्जा क्षमता विकसित करने की योजना पर कार्य किया जा रहा है। सक्षम संरक्षण महोत्सव 2026 ने जिले में पर्यावरण जागरूकता की नई अलख जगाई और लोगों को हरित भारत के निर्माण हेतु प्रेरित किया।

संक्षिप्त खबरें

## जरहिया का युवा बना हाई कोर्ट में सहायक प्रशाखा पदाधिकारी, क्षेत्र में हर्ष का माहौल

**बरही** : बरही प्रखंड के जरहिया निवासी समाजसेवी उमेश प्रसाद गोप के पुत्र अमन कुमार ने झारखंड हाई कोर्ट के असिस्टेंट ऑफ जुडिशल एकेडमी परीक्षा में पांचवां स्थान प्राप्त कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। अमन की इस उल्लेखनीय सफलता से जरहिया गांव सहित पूरे बरही क्षेत्र में हर्ष और गर्व का माहौल है। अमन कुमार की प्रारंभिक शिक्षा मैट्रिक और इंटरमीडिएट की पढ़ाई संत जेवियर स्कूल, हजारीबाग से हुई। इसके बाद उन्होंने स्नातक (बीएससी) और स्नातकोत्तर (एमएससी) की पढ़ाई संट जेवियर्स कॉलेज, रांची से पूरी की। पढ़ाई के साथ-साथ वे प्रतियोगिता परीक्षाओं की तैयारी में भी लगातार जुटे रहे। अपनी सफलता पर अमन कुमार ने कहा कि कड़ी मेहनत, दृढ़ संकल्प और लगन से किसी भी लक्ष्य को हासिल किया जा सकता है। उन्होंने अपनी उपलब्धि का श्रेय माता-पिता के सहयोग, गुरुजनों के मार्गदर्शन और निरंतर अभ्यास को दिया। गौरतलब है कि अमन के पिता उमेश प्रसाद गोप एक किसान होने के साथ-साथ सामाजिक कार्यकर्ता भी हैं। वहीं उनकी माता कंचन कुमारी झारखंड सिविल सेवा परीक्षा उत्तीर्ण कर वर्तमान में अधिकारी के रूप में कार्यरत हैं। परिवार की शैक्षणिक और सामाजिक पृष्ठभूमि ने अमन को आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। अमन की सफलता पर बरही विधायक मनोज कुमार यादव, जिला परिषद उपाध्यक्ष किशुन यादव, स्थानीय मुखिया नीलम देवी, मुखिया संघ अध्यक्ष विजय यादव, करियातपुर मुखिया मनोज कुमार, भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, पूर्व मुखिया हरेंद्र गोप सहित कई जनप्रतिनिधियों और समाजसेवियों ने उन्हें बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी हैं। अमन कुमार की इस उपलब्धि से क्षेत्र के युवाओं में नई ऊर्जा और प्रेरणा का संचार हुआ है।

## बरही कस्तूरबा विद्यालय में सत्र 2026-27 के लिए नामांकन शुरू, कक्षा षष्ठ में 75 सीटें उपलब्ध



**बरही** : बरही प्रखंड के बरसोत में स्थित कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय में शैक्षणिक सत्र 2026 - 27 के लिए कक्षा षष्ठ में 75 छात्राओं का नामांकन किया जाना है। इसी क्रम में शुक्रवार को कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय में बीडीओ की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें जिला जिप उपाध्यक्ष किशुन यादव, भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर एवं स्थानीय मुखिया मोतीलाल चौधरी शामिल हुए। बीडीओ जयपाल महतो ने बताया कि सत्र 2026 - 27 में कुल 75 सीटों पर नामांकन किया जाना है। नामांकन प्रपत्र 28 फरवरी तक विद्यालय में जमा करने की अंतिम तिथि है, साथ ही उन्होंने कहा कि नामांकन में किसी भी प्रकार का कोई शुल्क नहीं लगता है। कक्षा षष्ठ में 75 बच्चों का नामांकन किया जाएगा, जिसमें से एसटी 02, एससी 10, ओबीसी 33, अल्पसंख्यक 11 एवं बीपीएल 19 कुल 75 नामांकन में अनाथ/ विहीन छात्राओं, दुर्लभ आदिवासी/ तथा गरीबी रेखा से नीचे रहने वाले परिवारों की छात्राओं को प्राथमिकता दी जाएगी। इसके लिए आवेदन छात्रा का प्रखंड निवासी होना अनिवार्य होगा। बैठक में वार्डन रौशनी बाड़ा, लेखापाल फारा एवं विद्यालय प्रबंधन समिति अध्यक्ष मालती देवी मुख्य रूप से मौजूद थे।

## हनुमान मंदिर में ध्वजारोहण के साथ सात दिवसीय श्री हनुमंत महायज्ञ का शुभारंभ



**चौपारण** : श्री हनुमंत सेवा संस्थान के तत्वावधान में आयोजित सातवें सात दिवसीय श्री हनुमंत वार्षिकोत्सव सह महायज्ञ को लेकर हनुमान मंदिर, बिगहा बाजार परिसर में विधिवत ध्वजारोहण किया गया। ध्वजारोहण के साथ ही धार्मिक अनुष्ठानों की औपचारिक शुरूआत हो गई, जिससे संपूर्ण क्षेत्र में भक्तिमय एवं उत्सवपूर्ण वातावरण व्याप्त हो गया। संस्थान की ओर से कुमार राहुल एवं प्रेम चंद्रवंशी ने जानकारी देते हुए बताया कि यह महायज्ञ 22 फरवरी से 28 फरवरी तक श्रद्धा एवं विधि-विधान के साथ आयोजित किया जाएगा। महायज्ञ के दौरान प्रतिदिन रामचरितमानस के सातों कांडों का पारायण, वैदिक मंत्रोच्चार के साथ हवन-पूजन तथा विशेष धार्मिक अनुष्ठान संपन्न होंगे। यज्ञ का आयोजन काशी (वाराणसी) से पधारे विद्वान आचार्यों के मार्गदर्शन में किया जाएगा। आयोजन का मुख्य उद्देश्य क्षेत्र में धर्म, शांति, समृद्धि एवं जनकल्याण की भावना को सुदृढ़ करना है। ध्वजारोहण कार्यक्रम का संपादन आचार्य कामेश्वर पांडेय एवं विशाल पांडेय द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के बीच कराया गया। इस अवसर पर आनंद चंद्रवंशी, कुमार राहुल, संजय सिंह, रामचंद्र सिंह, कामदेव प्रजापति, नीरज, प्रेम, अशोक चंद्रवंशी, ओमप्रकाश सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक एवं श्रद्धालु उपस्थित रहे। सभी ने यज्ञ को सफल बनाने हेतु तन-मन-धन से सहयोग करने का संकल्प लिया। संस्थान के पदाधिकारियों ने बताया कि महायज्ञ के दौरान श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए समुचित व्यवस्था की जा रही है। साथ ही अधिक से अधिक लोगों से यज्ञ में भाग लेकर पुण्य लाभ अर्जित करने की अपील की गई है। यज्ञ के सफल आयोजन को लेकर मुखिया प्रतिनिधि बिनोद सिंह, मनीष सिन्हा, टोनी सिंह, बलराम यादव, पवन सिंह, प्रकाश साहु, बीरेंद्र सिंह, बिजय साहु, संतोष अग्रवाल, सिवेश सिंह, अरुण कुमार, संजय चंद्रवंशी, शिवनाथ महतो, पंकज चंद्रवंशी, नीरज चंद्रवंशी, अंकित केशरी, प्रदीप शर्मा समेत बड़ी संख्या में संस्था के सदस्य सक्रिय सहयोग कर रहे हैं।

## हाइवा की टक्कर से नई नवेली कार के उड़े परखच्चे, बाल-बाल बचा चालक

**टाटीझरिया** : एनएच-522 हजारीबाग-बगोदर मुख्य मार्ग पर टाटीझरिया चौक के समीप शुक्रवार को हाइवा और कार के बीच सीधी टक्कर हो गई। इस दुर्घटना में कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई है, जबकि कार चालक बाल-बाल बच गया। कार चालक छोटा डहरभंगा निवासी महेंद्र ठाकुर (पिता- मथुरा ठाकुर) है। महेंद्र ठाकुर ने बताया कि उन्होंने महज एक दिन पहले ही शोरूम से नई बलेनो कार (जेए 02 बीएक्स 1139) खरीदी थी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, हाइवा संख्या (जेएच 02 बीआर 0129) हजारीबाग की ओर से होलंग की दिशा में जा रहा था। इसी दौरान टाटीझरिया चौक के पास कार से उसकी भिड़ंत हो गई। घटना के बाद आसपास के लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई। गनीमत रही कि महेंद्र ठाकुर को केवल हल्की चोटें आईं। घटना की सूचना मिलने के बाद टाटीझरिया थाना के एएसआई दीपक पाल दलबल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर राहत कार्य शुरू किया और दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को सड़क से हटवाया ताकि आवागमन बाधित न हो।

# हाई कोर्ट ने सुखदेवनगर अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई पर लगाई रोक

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** रांची के सुखदेवनगर क्षेत्र में अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई पर झारखंड उच्च न्यायालय ने रोक लगा दी है। न्यायालय के इस आदेश से प्रभावित लोगों को तत्काल राहत मिली है। मामले की सुनवाई न्यायमूर्ति राजेश शंकर की एकल पीठ में हुई। दरअसल, रौनक कुमार सहित 11 लोगों की ओर से उच्च न्यायालय में हस्तक्षेप याचिका दाखिल कर अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई पर रोक लगाने का अनुरोध किया गया था। हस्तक्षेपकताओं का कहना है कि जिस जमीन पर वे रह रहे हैं, उसके संबंध में उनके पास सेटलमेंट एग्रीमेंट है और वे उस जमीन के लिए करीब सवा करोड़ रुपये खर्च कर चुके हैं।




याचिकाकर्ताओं ने यह भी आरोप लगाया कि मूल याचिकाकर्ता ने अदालत से महत्वपूर्ण तथ्य छुपाए और उन्हें मामले में प्रतिवादी नहीं बनाया गया, जिससे वे अपना पक्ष अदालत के समक्ष नहीं रख सके। अदालत ने मामले की सुनवाई के दौरान हेहल के अंचल अधिकारी (सीओ) को निर्देश दिया है कि हस्तक्षेपकताओं की ओर से दिए गए आवेदन पर कोई आदेश पारित किया गया है या नहीं, इसकी जानकारी न्यायालय को दी जाए। हस्तक्षेपकर्ताओं की ओर से अधिवक्ता गौरव राज ने अदालत में पक्ष रखा। मामले की अगली सुनवाई चार सप्ताह बाद निर्धारित की गई है।

उल्लेखनीय है कि इस मामले में महादेव उरांव ने अपनी 48 डिसमिल जमीन खाली कराने की मांग की थी। इस पर उच्च न्यायालय ने अक्टूबर 2024 में अंचल अधिकारी, हेहल को उक्त जमीन खाली कराने का निर्देश दिया था। हाल ही में जिला प्रशासन ने खादगढ़ा शिव दुर्गा मंदिर रोड स्थित मुंडारी प्रकृति की जमीन पर बने 12 घरों को तोड़ने का आदेश दिया था। इसके बाद प्रशासन ने बुलडोजर कार्रवाई शुरू कर दी, जिसका स्थानीय निवासियों ने विरोध किया।

स्थानीय निवासियों का कहना है कि उन्होंने प्रति कट्ठा 5.25 लाख रुपये की दर से जमीन खरीदी है और वर्षों से वहां घर बनाकर रह रहे हैं। लोगों के अनुसार, 38.25 डिसमिल जमीन के लिए उन्होंने कुल लगभग 1 करोड़ 8 लाख 93 हजार 750 रुपये का भुगतान किया था। इसके बावजूद अब उन्हें बेदखल किया जा रहा है, जिससे उनमें आक्रोश है। उच्च न्यायालय की ओर से कार्रवाई पर रोक लगाए जाने के बाद फिलहाल प्रभावित लोगों को राहत मिली है। अब अदालत द्वारा मांगी गई रिपोर्ट और अगली सुनवाई के बाद मामले में आगे की कानूनी स्थिति स्पष्ट होगी।

## एक नजर

### परीक्षा को लेकर निषेधाज्ञा लागू

**रांची :** झारखंड कर्मचारी चयन आयोग (जेएसएससी) की ओर से आयोजित कम्प्यूटर आधारित तकनीकी, विशिष्ट योग्यताधारी स्नातक स्तरीय संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा-2023 15 से 21 फरवरी तक होगी। साथ ही परीक्षा 24 से लेकर 26 फरवरी और 28 से 02 मार्च तक रांची जिला के विभिन्न 17 परीक्षा केंद्रों में आयोजित की गयी है। परीक्षा के दौरान कदाचारमुक्त संचालन और विधि-व्यवस्था बनाए रखने के लिए रांची के उपायुक्त-सह-जिला दंडाधिकारी मंजूनाथ भजंत्री और वरीय पुलिस अधीक्षक राकेश रंजन के संयुक्तादेश पर पुलिस बल एवं पुलिस पदाधिकारी के साथ दंडाधिकारी की प्रतिनियुक्ति की गई है। परीक्षा में शामिल होने वाले छात्र और अभिभावक परीक्षा केंद्रों में भीड़ लगाकर विधि-व्यवस्था भंग करने की चेष्टा कर सकते हैं, इस आशंका को देखते हुए अनुमंडल दंडाधिकारी, सदर की ओर से बीएनएसएस की धारा-163 के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए इन परीक्षा केन्द्रों के 200 मीटर की परिधि में निषेधाज्ञा जारी की गई है। यह निषेधाज्ञा 15 फरवरी से 21 फरवरी तक, 24 से लेकर 26 फरवरी और 28 से लेकर दो मार्च तक के लिए प्रातः 05:00 बजे से अपराह्न 08:00 बजे तक प्रभावी रहेगा। निषेधाज्ञा के दौरान पांच या पांच से अधिक व्यक्तियों का एक जगह जमा होने, किसी प्रकार का ध्वनि विस्तारक यंत्र का व्यवहार करने, किसी प्रकार का अस्त्र-शस्त्र, लाठी-डंडा, तीर-धनुष, गड़ासा, भाला, बंदूक, राईफल, रिवाल्वर, बम, बारूद लेकर चलने और किसी प्रकार की बैठक या आमसभा का आयोजन करने पर पाबंदी रहेगी।

### एचईसी से सीआईएसएफ हटाने का फैसला लूट को बढ़ावा देने की साजिश : लालदेव

**रांची :** हटिया कामगार यूनियन एटक के उपाध्यक्ष लालदेव सिंह ने हेवी इंजीनियरिंग कॉरपोरेशन लिमिटेड (एचईसी) हटिया से केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) को हटाने के फैसले का विरोध किया है। उन्होंने शुक्रवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि सरकार का यह निर्णय एचईसी में चोरी और लूट की घटनाओं को खुली छूट देने जैसा मालूम पड़ता है। लालदेव सिंह ने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार पहले ही एचईसी को आर्थिक सहायता नहीं देने की बात कह चुकी है और अब सुरक्षा हटाने का फैसला संस्थान को कमजोर करने की कड़ी का अहम हिस्सा है। उन्होंने सरकार से मांग किया कि एचईसी हित में सीआईएसएफ को तत्काल बनाए रखा जाए। उन्होंने कहा कि स्थापना काल से ही एचईसी की सुरक्षा की जिम्मेदारी सीआईएसएफ के पास रही है।

### लोक भवन उद्यान में 14,753 लोगों ने किया भ्रमण

**रांची :** राज्यपाल के निदेश पर आम नागरिकों के भ्रमण एवं परिदर्शन हेतु खोले गए लोक भवन, रांची उद्यान में आज कुल 14,753 लोगों ने उद्यान का भ्रमण किया। उल्लेखनीय है कि राज्यपाल द्वारा लोक भवन उद्यान को आम नागरिकों के लिए 15 फरवरी, 2026 तक खुला रखने का निर्देश दिया गया है, जिससे अधिक से अधिक लोग इस मनोहारी परिसर का अवलोकन कर सकें। उद्यान भ्रमण का समय प्रतिदिन पूर्वाह्न 10 बजे से अपराह्न 3 बजे तक निर्धारित है। लोक भवन उद्यान का भ्रमण करने के इच्छुक व्यक्ति गेट संख्याझ2 से सुरक्षा जांच के उपरांत अपराह्न 1 बजे तक प्रवेश कर सकते हैं। लोक भवन उद्यान में आम नागरिकों की बढ़ती सहभागिता से यह स्पष्ट है कि लोगों में ऐतिहासिक एवं प्राकृतिक स्थलों के प्रति विशेष आकर्षण है।

# आजसू ने की राहुल बुधिया पर वन भूमि के अवैध हस्तांतरण के जांच की मांग

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** आजसू पार्टी के केंद्रीय कार्यालय सचिव बनमाली मंडल ने प्रधान मुख्य वन संरक्षक को पत्र लिख अधिसूचित वन भूमि के अवैध हस्तांतरण की जांच करने की मांग की है। मंडल ने अपने पत्र में वन विभाग के रिकॉर्ड में दर्ज वन भूमि को अंचल कार्यालय के अभिलेखों में खतियानी भूमि दर्शाकर उसकी खरीद-बिक्री की जा रही है।

आपने पत्र में रांची जिले के कांके अंचल स्थित रूदिया पंचायत में खाता संख्या 32, प्लॉट संख्या 441 (रकबा 16.55 एकड़) तथा खाता संख्या 32, प्लॉट संख्या 455 (रकबा 7.50 एकड़) की अधिसूचित वन भूमि को कथित रूप से अवैध तरीके से राहुल बुधिया के नाम हस्तांतरित किए जाने की शिकायत की है।

उन्होंने कहा कि वर्ष 2025 में अंचल अधिकारी द्वारा उक्त जमीन पर जमाबंदी भी खोल दी गई और चहारदीवारी का निर्माण भी करा लिया गया, जबकि वन विभाग को इसकी जानकारी नहीं होने का दावा किया जा रहा है।

पत्र में कहा गया है कि राज्य में इस तरह के सैकड़ों मामले सामने आ सकते हैं। अनुमान के अनुसार, केवल रांची जिले में ही कम से कम 500 एकड़ वन भूमि का अवैध हस्तांतरण हुआ हो सकता है, जबकि पूरे राज्य में हजारों एकड़ भूमि प्रभावित होने की आशंका जताई जा रही है। इस पूरे प्रकरण में वन विभाग के कुछ अधिकारियों की संलिप्तता भी हो सकती है। पत्र में मांग की गई है कि संगठित गिरोह द्वारा किए जा रहे वन भूमि हस्तांतरण पर तत्काल रोक लगाई जाए और पूर्व में हुए सभी संदिग्ध हस्तांतरण की जांच किसी स्वतंत्र एजेंसी से कराई जाए।

# यूजीसी समानता कानून लागू करने की मांग को लेकर छात्रों का प्रदर्शन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** देश भर में यूजीसी रेगुलेशन 2026 लागू करने की मांग को लेकर शुक्रवार को प्रदर्शन किए गए। छात्रों ने अपनी मांगों के समर्थन में मार्च निकाला। शिक्षण संस्थानों में जातीय भेदभाव के खिलाफ सख्त कानून बनाने और यूजीसी के उच्च शिक्षण संस्थानों में समानता कानूनता 2026 को प्रभावी ढंग से लागू कराने की मांग को लेकर ये प्रदर्शन किया गया। ऑल इंडिया फोरम फॉर इक्विटी के बैनर तले विभिन्न छात्र संगठनों ने संयुक्त रूप से "अखिल भारतीय वंचित अधिकार दिवस" मनाया। ऑल इंडिया स्टूडेंट्स एसोसिएशन (आइसा), आदिवासी छात्र संघ, छात्र राजद, एआईएसएफ, एनएसयूआई समेत अन्य संगठनों के बैनर तले निकाला गया मार्च डीएसपीएमयू के मुख्य गेट से शुरू होकर विश्वविद्यालय परिसर तक गया। इसके बाद आयोजित सभा में छात्र नेताओं ने अपने विचार रखें। वक्ताओं ने कहा कि वे यूजीसी के इक्विटी रेगुलेशन 2026 का स्वागत करते हैं, लेकिन इसके साथ यह भी जरूरी है कि इंजीनियरिंग, मेडिकल सहित सभी उच्च शिक्षण संस्थानों में रोहित एक्ट की तर्ज पर ठोस गाइडलाइंस लागू की जाएं और कैंपस में जातीय भेदभाव के खिलाफ सख्त कानून बनाया जाए। उन्होंने सर्वोच्च न्यायालय द्वारा यूजीसी इक्विटी रेगुलेशन पर रोक लगाए जाने को दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए कहा कि उच्च शिक्षण संस्थानों में 2019 से 2024 के बीच जातीय भेदभाव की घटनाओं में 118 प्रतिशत वृद्धि दर्ज की गई है। प्रदर्शन में रोहित वेमुला, पायल तड़वी और दर्शन सोलंकी की संस्थानिक मौतों का उल्लेख करते हुए कहा गया कि जातीय उत्पीड़न आज भी छात्रों के पढ़ाई छोड़ने और आत्महत्या जैसे कदम उठाने का कारण बन रहा है।




# हिंडाल्को में किया गया नेशनल डिजास्टर रिस्पॉन्स फोर्स के साथ संयुक्त मॉक ड्रिल



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**सिल्ली :** हिंडाल्को इंडस्ट्रीज लिमिटेड की मुरी इकाई में आपातकालीन तैयारियों को और अधिक सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से एक संयुक्त मॉक ड्रिल का सफल आयोजन किया गया। यह अभ्यास संभावित बॉयलर ब्लास्ट जैसी आपदा की स्थिति को ध्यान में रखते हुए आयोजित किया गया, जिसका उद्देश्य किसी भी आकस्मिक परिस्थिति में त्वरित, सुरक्षित और प्रभावी प्रतिक्रिया सुनिश्चित करना था। यह संयुक्त मॉक ड्रिल एनडीआरएफ की टीम के साथ समन्वय में संपन्न हुआ, जिसका नेतृत्व एनडीआरएफ के इंस्पेक्टर काबी ने किया। अभ्यास के दौरान एनडीआरएफ और हिंडाल्को की आपातकालीन प्रतिक्रिया टीम के बीच उत्कृष्ट तालमेल देखने को मिला।

हिंडाल्को की ओर से आपातकालीन प्रतिक्रिया टीम ने कर्नल राहुल साहनी एवं श्री प्रशांत बोस के नेतृत्व में सक्रिय सहभागिता निभाई। टीम ने आपदा की स्थिति में त्वरित निर्णय क्षमता, समन्वित कार्रवाई और संसाधनों के प्रभावी उपयोग की अपनी मजबूत दक्षता का प्रदर्शन किया।

मॉक ड्रिल के दौरान बचाव एवं राहत कार्य, सुरक्षित निकासी प्रक्रिया, विभिन्न विभागों के बीच समन्वय, संचार प्रणाली, चिकित्सा सुविधा तथा आपदा प्रतिक्रिया तंत्र का व्यापक परीक्षण किया गया। वास्तविक परिस्थितियों के अनुरूप तैयार किए गए इस सिमुलेशन अभ्यास से प्रतिक्रिया समय और संकट प्रबंधन क्षमता का गहन मूल्यांकन संभव हो सका। कंपनी प्रबंधन के अनुसार, इस प्रकार के नियमित संयुक्त अभ्यास न केवल बाहरी एजेंसियों के साथ बेहतर समन्वय स्थापित करने में सहायक होते हैं, बल्कि कर्मचारियों की सुरक्षा, औद्योगिक सुरक्षा मानकों और आपातकालीन प्रबंधन प्रणाली को और अधिक मजबूत बनाते हैं।

# सिल्ली थाना परिसर में महाशिवरात्रि की तैयारियां जोरों पर



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**सिल्ली :** महाशिवरात्रि पर्व को लेकर सिल्ली थाना परिसर स्थित शिव मंदिर में तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं। मंदिर परिसर को आकर्षक ढंग से सजाया जा रहा है और श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए विशेष व्यवस्थाएं की जा रही हैं। महाशिवरात्रि के दिन प्रातःकाल विशेष पूजा-पाठ एवं रुद्राभिषेक का आयोजन किया जाएगा। श्रद्धालु भगवान शिव का जलाभिषेक कर आशीर्वाद प्राप्त करेंगे। इसके साथ ही भक्तों के लिए प्रसाद वितरण की व्यवस्था भी सुनिश्चित की गई है।

रात्रि में भव्य शिव बारात की झांकी निकाली जाएगी, जो क्षेत्र का प्रमुख आकर्षण होगी। इसके उपरांत श्रद्धालुओं के लिए जागरण कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा, जिसमें भजन-कीर्तन के माध्यम से पूरी रात भक्तिमय वातावरण बना रहेगा। सभी धार्मिक अनुष्ठानों को विधि-पूर्वक संपन्न कराने तथा शांति-व्यवस्था बनाए रखने के लिए थाना प्रशासन, मीडिया प्रतिनिधि, समाजसेवी और स्थानीय नागरिकों की सक्रिय भागीदारी रहेगी। आयोजन को सफल एवं सुव्यवस्थित बनाने के लिए प्रशासनिक टीम और स्थानीय श्रद्धालु मिलकर तैयारियों में जुटे हुए हैं।

# वीर बुधु भगत के शहादत दिवस पर दी गयी श्रद्धांजलि

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** अमर शहीद वीर बुधु भगत हुही मोर्चा के तत्वावधान में बुधु भगत का 194वां शहादत दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में आदिवासी समाज के लोग शामिल हुए और अमर शहीद को श्रद्धांजलि अर्पित की।इस अवसर पर मोर्चा के अध्यक्ष प्रदीप तिर्की ने कहा कि इतिहास के पन्नों में दर्ज 1857 की क्रांति को देश की पहली क्रांति माना जाता है, जबकि उससे पहले 1831-32 में छोटानागपुर क्षेत्र में अंग्रेजों, जमींदारों और साहूकारों के अत्याचारों के खिलाफ कोल विद्रोह के रूप में वीर बुधु भगत के नेतृत्व में बिगुल फूंका जा चुका था। उन्होंने कहा कि ऐसे महान क्रांतिकारी को इतिहास में उचित स्थान और सम्मान नहीं मिलना दुर्भाग्यपूर्ण है।



उन्होंने बताया कि वीर बुधु भगत छापामार युद्ध (गोरिल्ला वारफेयर) में पारंगत थे और उनके नेतृत्व में पारंपरिक हथियारों से लैस हजारों अनुयायियों की सशक्त टोली थी। 13 फरवरी 1832 को कैप्टन इम्पें के नेतृत्व में ब्रिटिश सेना के साथ हुए भीषण संघर्ष में वे अपने दो पुत्रों हलधर और गिरधर के साथ वीरगति को प्राप्त हुए। उनके बलिदान के बाद अंग्रेजी हुकूमत को छोटानागपुर क्षेत्र में प्रशासनिक बदलाव करने पड़े और 1833 में इस इलाके को नान-रेगुलेशन प्रांत घोषित किया था। कार्यक्रम में वक्ताओं ने सरकार से मांग की कि वीर बुधु भगत के आंदोलन और बलिदान को इतिहास के पन्नों में प्रमुखता से दर्ज कर उन्हें राष्ट्रीय स्तर पर उचित सम्मान दिया जाए।इस अवसर पर अरगोड़ा से सुखाड़ी पहान, शिबू पहान तथा वीर बुधु भगत के वंशज शिवपूजन भगत सहित गोपाल उरांव (महासचिव), प्रो. परमेस्वर भगत (संरक्षक), महादेव उरांव, रामधनी भगत, मोरह उरांव, प्रदीप तिर्की, विद्यासागर केरकेट्टा, संजय कुजूर, मधु तिर्की, राजू तिर्की, विजित भगत, पंकज कुमार भगत, डोली मिंज, शीला टोप्पो, कलावती तिग्गा, कामिनी तिर्की सहित विभिन्न गांवों से आए हजारों आदिवासी महिला-पुरुष उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### आरपीएफ ने 'ऑपरेशन नारकोस' के तहत 7.5 किलो गांजा के साथ तस्कर को किया गिरफ्तार




**रांची :** रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) ने 'ऑपरेशन नारकोस' के तहत कार्रवाई करते हुए हटिया रेलवे स्टेशन से साढ़े सात किलोग्राम गांजा के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार व्यक्ति की पहचान मोहन प्रसाद के रूप में हुई है, जो बिहार के पूर्वी चंपारण जिले के रक्सौल थाना क्षेत्र का निवासी बताया गया है। आरपीएफ के उपनिरीक्षक दीपक कुमार ने शुक्रवार को बताया कि रांची मंडल के कमांडेंट पवन कुमार के निर्देश पर आरपीएफ अवैध मादक पदार्थों की तस्करी के विरुद्ध विशेष अभियान चला रही है। इसी दौरान हटिया रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म संख्या तीन पर एक व्यक्ति हल्के हरे रंग के ट्रॉली बैग के साथ संदिग्ध अवस्था में बैठा दिखाई दिया। संदेह होने पर जब आरपीएफ जवानों ने उससे पूछताछ की, तो उसने स्वीकार किया कि उसके बैग में प्लास्टिक में लिपटा गांजा रखा हुआ है। इसकी सूचना तत्काल आरपीएफ रांची के एएससी अशोक कुमार सिंह को दी गई, जो मौके पर पहुंचे। उनके निदेर्शानुसार कानूनी प्रक्रिया का पालन करते हुए आरोपित की तलाशी ली गई और ट्रॉली बैग की जांच की गई। तलाशी के दौरान बैग से भूरे रंग के प्लास्टिक में लिपटे कुल नौ पैकेट गांजा बरामद किए गए। बरामद गांजा का कुल वजन 7.5 किलोग्राम पाया गया, जिसकी अनुमानित कीमत लगभग 3 लाख 75 हजार रुपये आंकी गई। जब्त सामग्री को मौके पर ही विधिवत कब्जे में ले लिया गया। पूछताछ में आरोपित ने बताया कि वह गांजा संबलपुर के धनपाली क्षेत्र से रंजीत कुमार पंडित नामक व्यक्ति के माध्यम से प्राप्त कर रक्सौल ले जा रहा था।

### सीसीएल जन आरोग्य केन्द्र द्वारा निःशुल्क मेगा स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन




**रांची :** सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड के जन आरोग्य केन्द्र, गांधीनगर द्वारा शुक्रवार को सृजन वैली स्कूल, अम्बाटोली, रांची में निःशुल्क मेगा स्वास्थ्य जांच शिविर का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। यह शिविर निदेशक (मानव संसाधन) हर्ष नाथ मिश्र के देखरेख एवं मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। शिविर में विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा कुल 197 लोगों की निःशुल्क स्वास्थ्य जांच की गई तथा उन्हें आवश्यक चिकित्सीय परामर्श प्रदान किया गया। इस अवसर पर विशेष रूप से हीमोग्लोबिन, ब्लड शुगर एवं हाइपरटेंशन की निःशुल्क जांच की गई। इसके अतिरिक्त अन्य सामान्य बीमारियों की जांच एवं उपचार भी किया गया तथा सभी लाभार्थियों को निःशुल्क दवाइयां वितरित की गईं। शिविर के सफल संचालन में डॉ. भरत सिंह (सीएमओ इंचार्ज, गांधीनगर), डॉ. प्रीति तिग्गा (सीएमओ, सीएसआर इंचार्ज), डॉ. आशिमा, डॉ. सत्यप्रकाश रंजन, डॉ. नीलू, डॉ. शिल्पी झा, डॉ. नीतू सिंह, डॉ. वीणा,जॉन बोदरा (प्रबंधक, सीएसआर), चंदन कुमार (प्रबंधक, सीएसआर), मुन्ना कुमार सिंह, कमलेश पंडित एवं समस्त पारा मेडिकल स्टाफ का सराहनीय योगदान रहा। सीसीएल द्वारा आयोजित इस स्वास्थ्य शिविर में आए मरीजों एवं स्थानीय लोगों ने कंपनी के इस प्रयास की काफी सराहना की।

### श्री श्याम मंदिर में विजया एकादशी पर उमड़ा श्रद्धा का सैलाब



**रांची :** हरमू रोड स्थित श्री श्याम मंदिर में आज विजया एकादशी के पावन अवसर पर प्रातः मंगला आरती के साथ ही भक्तों की अपार भीड़ उमड़ पड़ी। फागुन माह के कृष्ण पक्ष की एकादशी का विशेष धार्मिक महत्व होने के कारण सुबह से ही श्रद्धालु हाथों में मोर पंख, लाल गुलाब और अपनी अर्जी-मनोकामनाएं लेकर बाबा श्याम के दरबार में पहुंचे और श्रद्धा भाव से अर्पित करते रहे। मंदिर की मान्यता है कि सच्चे मन से यहां की गई प्रार्थना अवश्य फलित होती है। "हारे का सहारा, बाबा श्याम हमारा" के जयघोष से पूरा मंदिर परिसर और हरमू रोड क्षेत्र भक्तिमय वातावरण में सराबोर रहा। मंडल के महामंत्री गौरव अग्रवाल ने बताया कि दिन-प्रतिदिन मंदिर की मान्यता बढ़ती जा रही है और हजारों की संख्या में भक्त यहां अपनी अर्जी लगाने पहुंच रहे हैं। मंडल के अध्यक्ष गोपाल मुरारका, कोषाध्यक्ष मनोज खेतान तथा वरिष्ठ कार्यकारिणी सदस्य श्याम सुंदर शर्मा के सानिध्य में आज बाबा का अनुपम एवं दिव्य श्रृंगार किया गया। बाबा को नवीन पोशाक पहनाकर गुलाब के रूह से मालिश की गई। कोलकाता और बेंगलुरु से मंगाए गए ब्लू चेरी, येलो चेरी, लाल एवं ऑरेंज गुलाब तथा पीले गेंदा की मोटी-मोटी मालाओं से भव्य श्रृंगार किया गया। मुकुंद शर्मा एवं मनीषा शर्मा ने नवीन पोशाक (बागा सेवा) अर्पित की, वहीं विशेष श्रृंगार सेवा मुरारी लाल शर्मा एवं सीता देवी शर्मा द्वारा निवेदित की गई। श्रृंगार आरती में हजारों श्रद्धालु उपस्थित रहे। नवीन अग्रवाल एवं मनोज अग्रवाल ने पंचमेवा भोग सेवा अर्पित की। हरि, प्रमोद एवं संजय परशुरामपुरिया के परिवार द्वारा तिलक श्रृंगार के अवसर पर पहनाए जाने वाले पोशाक (बागा सेवा) अर्पित की गई। दोपहर 12:15 बजे विश्राम आरती के उपरांत मंदिर के पट बंद कर दिए गए। संध्या 4:30 बजे पुनः द्वार खुलने पर पहले से प्रतीक्षारत सैकड़ों भक्तों ने अपने आराध्य के दिव्य दर्शन किए। पूरे दिन मंदिर परिसर भक्ति, आस्था और उल्लास से गुंजायमान रहा।

### फिरायालाल स्कूल के बच्चों ने बिरसा मुंडा जेल पार्क में बिताया आनंदमय शैक्षणिक दिन

**रांची :** फिरायालाल पब्लिक स्कूल के कक्षा 1 और 2 के विद्यार्थियों के लिए बिरसा मुंडा जेल पार्क, रांची में एक जीवंत और आनंदमय शैक्षणिक भ्रमण आयोजित किया गया। ऐतिहासिक महत्व और भव्य प्राकृतिक सौंदर्य के लिए प्रसिद्ध यह पार्क विरासत और हरियाली का अद्भुत संगम प्रस्तुत करता है। यह भ्रमण विद्यार्थियों के लिए कक्षा की चारदीवारी से बाहर निकलकर प्रेरणादायक स्मारकों और हरे-भरे उद्यानों में समय बिताने का ताजगीभरा अवसर बना। खुले मैदानों की विस्तृत हरियाली और भगवान बिरसा मुंडा की भव्य प्रतिमा ने पूरे दिन के लिए एक आदर्श और प्रभावशाली पृष्ठभूमि प्रदान की। यह भ्रमण जितना सीखने से जुड़ा था, उतना ही खेलने और आनंद लेने से भी। झूलों और फिसलपट्टियों से सुसज्जित खेल क्षेत्र में बच्चों ने पूरे उत्साह के साथ खेलते हुए आपसी मित्रता और सामूहिकता का अनुभव किया। इस भ्रमण का मुख्य उद्देश्य नन्हे-मुन्नों को उनकी दैनिक शैक्षणिक दिनचर्या से थोड़ी राहत देकर उन्हें तरोताजा और ऊर्जावान बनाना था।

# कोडरमा पुलिस की बड़ी कार्रवाई, चार देशी हथियार और पांच जिंदा कारतूस के साथ एक तस्कर गिरफ्तार

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

कोडरमा : सतगावां थाना क्षेत्र में अवैध हथियारों के खिलाफ सघन अभियान, स्कूल परिसर से आरोपी दबोचा गया कोडरमा। पुलिस अधीक्षक अनुदीप सिंह के निर्देश पर जिले में अपराध एवं अवैध हथियारों के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत सतगावां थाना क्षेत्र में बड़ी कार्रवाई की गई। गुप्त सूचना के आधार पर गठित विशेष टीम ने ग्राम कटैया के गजहड टोला स्थित प्राथमिक सरकारी विद्यालय में छापेमारी कर एक संदिग्ध व्यक्ति को गिरफ्तार किया।गिरफ्तार आरोपी की पहचान रामेश्वर प्रसाद उर्फ राकेश साव उर्फ राम ईश्वर प्रसाद (54 वर्ष), निवासी मई, थाना काको ओपी भेलावार, जिला जहानाबाद (बिहार) के रूप में हुई है। तलाशी के दौरान उसके पास से





एक आईटेल कंपनी का कीपैड मोबाइल बरामद हुआ, जबकि मौके से एक प्लास्टिक बोरे में छुपाकर रखे गए 4 सिंगल शॉट देशी हथियार और 5 जिंदा कारतूस (8MM-KF अंकित) बरामद किए गए। बरामद सामानः 2 कार्बाइननुमा देशी रायफल (24 इंच एवं 18.5 इंच) 2 देशी रायफल (22.2 इंच एवं 24 इंच) 5 जिंदा कारतूस, 1 कीपैड मोबाइल पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह पहले रामगढ़ में मजदूरी करता था, लेकिन आर्थिक तंगी के कारण नालंदा जिले के एक व्यक्ति के संपर्क में आकर अवैध हथियारों की खरीद-बिक्री में संलिप्त हो गया। वह सतगावां-गोविंदपुर क्षेत्र में हथियार बेचने की फिराक में आया था और स्कूल की सीढ़ियों के नीचे रात्रि में छुपकर रहता था। इस संबंध में सतगावां थाना कांड संख्या 14/26 दिनांक 12.02.26 के तहत धारा 25 (1-बी) ए/26 शस्त्र अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर अग्रिम कार्रवाई की जा रही है। पुलिस आरोपी के अन्य सहयोगियों की तलाश में छापेमारी कर रही है।

पुलिस अधीक्षक ने स्पष्ट किया कि जिले में अवैध हथियारों और अपराध पर पूर्ण नियंत्रण के लिए अभियान लगातार जारी रहेगा।

## एक नजर

### डीसी एवं एसपी ने मतदान केंद्र स्ट्रांग रूम व मतगणना केंद्र का किया निरीक्षण

सिमडेगा : नगर पालिका आम निर्वाचन 2026 के सफल एवं निष्पक्ष आयोजन को लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह सतर्क है। इसी क्रम में जिला निर्वाचन पदाधिकारी- सह- उपायुक्त सिमडेगा कंचन सिंह एवं पुलिस अधीक्षक श्रीकांत एस खोटरे ने विभिन्न मतदान केंद्र, स्ट्रांग रूम एवं मतगणना केंद्र का निरीक्षण किया। अधिकारियों ने सिमडेगा कॉलेज, सिमडेगा में बनाए गए मतगणना केंद्र, स्ट्रांग रूम एवं डिस्पैच सेंटर का जायजा लिया। इसके अलावा वार्ड संख्या 07 स्थित कुंज नगर सामुदायिक भवन, वार्ड संख्या 11 स्थित राज्य संपोषित बालक उच्च विद्यालय तथा वार्ड संख्या 12 नीचे बाजार सामुदायिक भवन में स्थापित मतदान केंद्रों का भी निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने मतदान दिवस पर मतदाताओं को उपलब्ध कराई जाने वाली मूलभूत सुविधाओं की समीक्षा की। उन्होंने पेयजल, शौचालय, प्रकाश व्यवस्था, सुरक्षा, बैठने की व्यवस्था तथा दिव्यांग मतदाताओं के लिए आवश्यक सुविधाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। वार्ड संख्या 11 के मतदान केंद्र में रैंप निर्माण कराने तथा विद्युत व्यवस्था को सुव्यवस्थित एवं सुरक्षित बनाने का विशेष निर्देश दिया गया। साथ ही सभी मतदान केंद्रों पर पोलिंग पार्टियों एवं पुलिस के ठहरने के लिए उपयुक्त कक्षों का चयन कर वहां गद्दा, बेडशीट एवं आवश्यक सामग्रियों की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा गया।

### शिव वाटिका में 16 फरवरी को होगा जन-संवाद मंच का आयोजन

झुमरीतिलैया : वर्ष 2026 में होने वाले नगर निकाय चुनाव को लेकर झुमरीतिलैया नगर परिषद अध्यक्ष पद के प्रत्याशियों के लिए आगामी 16 फरवरी 2026 को शिव वाटिका, झुमरीतिलैया में जन-संवाद मंच कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। यह कार्यक्रम दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक आयोजित होगा। कार्यक्रम का आयोजन कोडरमा चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के तत्वावधान में किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में नगर परिषद अध्यक्ष पद के सभी प्रत्याशी अपने विकास संबंधी विजन, योजनाएं और प्राथमिकताएं जनता के सामने प्रस्तुत करेंगे। साथ ही शहर की समस्याओं, स्वच्छता, पारदर्शिता, शिक्षा, स्वास्थ्य एवं बुनियादी सुविधाओं को लेकर अपनी कार्ययोजना साझा करेंगे। जन-संवाद मंच का उद्देश्य आम नागरिकों को प्रत्याशियों से सीधे संवाद का अवसर प्रदान करना है, ताकि मतदाता किसी भी प्रकार के व्यक्तिगत या सामाजिक प्रभाव से मुक्त होकर, प्रत्याशियों की सोच और कार्यशैली के आधार पर अपने मत का निर्णय ले सकें। आयोजकों ने नगरवासियों से अपील की है कि अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर इस कार्यक्रम में भाग लें और लोकतंत्र को सशक्त बनाने में अपनी भूमिका निभाएं।

### जलडेगा में 16 फरवरी को श्री श्याम महोत्सव का भव्य आयोजन

जलडेगा : प्रखंड मुख्यालय स्थित पंचदेवालय मंदिर में 16 फरवरी को पांचवां श्री श्याम महोत्सव भव्य रूप से आयोजित किया जाएगा। यह आयोजन पंचदेवालय मंदिर एवं श्री श्याम परिवार के संयुक्त तत्वावधान में संपन्न होगा। कार्यक्रम की शुरूआत शाम 6 बजे से होगी। इससे पूर्व दुर्गा मंदिर जलडेगा से पंचदेवालय मंदिर तक भव्य निशान यात्रा निकाली जाएगी, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल होंगे। महोत्सव में कोलकाता के सुप्रसिद्ध भजन गायक रितेश बरनवाल एवं अमरेश झा बाबा श्याम की महिमा का गुणगान करेंगे। उनके मधुर भजनों से भक्त भावविभोर होंगे। साथ ही गुरूजी म्यूजिकल ग्रुप भी अपनी प्रस्तुति से माहौल को भक्तिमय बनाएगा।

## राष्ट्रीय लोक अदालत की तैयारी को लेकर हुई बैठक

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

सिमडेगा : प्रधान जिला जज एवं सत्र न्यायाधीश श्री राजीव कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में व्यवहार न्यायालय परिसर, सिमडेगा में राष्ट्रीय लोक अदालत के सफल आयोजन को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक मामलों के निष्पादन सुनिश्चित करने पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक के दौरान श्रम नियोजन विभाग, बैंक, भूमि अधिग्रहण, परिवहन, विद्युत विभाग, अनुमंडल कार्यालय में धारा 144 के तहत दर्ज मामलों, वन विभाग, चाइल्ड लेबर सहित विभिन्न विभागों से संबंधित लंबित मामलों को राष्ट्रीय लोक अदालत में भेजने तथा वादियों को समय पर नोटिस निर्गत करने का निर्देश दिया गया। प्रधान जिला जज ने कहा कि लोक अदालत आपसी सहमति के आधार पर त्वरित एवं सरल न्याय प्रदान करने का सशक्त माध्यम है, अतः सभी विभाग समन्वय बनाकर अधिकाधिक मामलों का निष्पादन सुनिश्चित करें। चाइल्ड लेबर के मामलों पर विशेष जोर देते हुए उन्होंने निर्देश दिया कि प्रत्येक दुकान एवं होटल के बाहर यह बोर्ड अनिवार्य रूप से लगाया जाए कि 14 वर्ष से कम आयु के बच्चों से कार्य नहीं कराया जाता है। यदि किसी प्रतिष्ठान में बाल श्रम पाया जाता है तो संबंधित अधिनियम के तहत दुकानदार पर कड़ी कार्रवाई करते हुए दंड वसूली की जाए। प्रधान जिला जज ने जिला परिवहन पदाधिकारी को निर्देशित किया कि जिले में बिना बीमा (इंश्योरेंस) के कोई वाहन संचालित न हो, इसे सख्ती से सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि वाहन बीमा नहीं होने की स्थिति में सड़क दुर्घटना के पीड़ितों को मुआवजा एवं अन्य सरकारी लाभ प्राप्त करने में गंभीर कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है।

## झारखंड संयुक्त असैनिक सेवा प्रारंभिक परीक्षा को लेकर समन्वय बैठक आयोजित

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

सिमडेगा : उपायुक्त सिमडेगा कंचन सिंह एवं पुलिस अधीक्षक श्रीकांत एस खोटरे की संयुक्त अध्यक्षता में झारखंड लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित होने वाले झारखंड संयुक्त असैनिक सेवा (सीधी भर्ती) प्रारंभिक प्रतियोगिता परीक्षा- 2025 के सफल आयोजन को लेकर बैठक आयोजित की गई। बैठक में परीक्षा केंद्रों के निर्धारण एवं परीक्षा के सुचारु संचालन पर विस्तार से चर्चा की गई। उपायुक्त ने परीक्षा केंद्र चयन के लिए अनुमंडल पदाधिकारी, सिमडेगा, डीएसपी, जिला शिक्षा पदाधिकारी एवं जिला शिक्षा अधीक्षक की संयुक्त टीम गठित करने का निर्देश दिया। टीम को जिले के संभावित विद्यालयों एवं महाविद्यालयों का स्थल निरीक्षण कर विस्तृत प्रतिवेदन प्रस्तुत करने



को कहा गया। निरीक्षण के दौरान सुरक्षा मानकों के तहत चारदीवारी की उपलब्धता, पुरुष एवं महिला अभ्यर्थियों के लिए पृथक शौचालय, विद्युत एवं पेयजल व्यवस्था, बेंच-डेस्क की स्थिति, सीसीटीवी कैमरे, पर्याप्त रोशनी तथा आवागमन की सुविधा सहित अन्य आवश्यक बिंदुओं की जांच सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। उपायुक्त ने कहा कि चयनित परीक्षा केंद्रों की सूची अभ्यर्थियों की संभावित क्षमता के विश्लेषण सहित तैयार कर झारखंड लोक सेवा आयोग, रांची को शीघ्र प्रेषित की जाए। उन्होंने परीक्षा को निष्पक्ष, पारदर्शी एवं शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने हेतु सभी विभागों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने के निर्देश दिए। बैठक में अपर समाहर्ता ज्ञानेन्द्र, जिला आपूर्ति पदाधिकारी नरेश रजक, डीएसपी रनवीर सिंह, जिला शिक्षा पदाधिकारी मिथलेश केरकेट्टा, जिला शिक्षा अधीक्षक दीपक राम सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

## सामाजिक बहिष्कार से आहत अधेड़ ने लगाई फांसी पुत्री ने ग्रामीणों पर प्रताड़ना का लगाया आरोप

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

कोडरमा : मरकच्चो प्रखंड के सिमरिया पंचायत स्थित ग्राम डूमरडीहा निवासी एक 45 वर्षीय व्यक्ति राजेंद्र साव पिता स्व सहदेव साव द्वारा फांसी लगाकर शुक्रवार करीब 8बजे सुबह अपनी इह लीला समाप्त करलेने का मामला आया प्रकाश में ।मिलीजानकारी अनुसार राजेंद्र साव की पुत्री चांदनी कुमारी ने आरोप लगाया है कि मेरी बातचीत कुंवारे में ही जब मैं नाबालिक थी उसी समय गांव के ही रोहित साव से आपसी सहमति से हुआ करता था। जिसे देखकर कुछ ग्रामीण लोगों ने मेरे पिता पर दबाव देकर 2022के जून महीने में मेरी शादी राजस्थान में रुपए पैसे लेकर करा दिया जहां मेरा पति मुझे काफी मारपीट करता था और कहता था की मैं तुझे खरीद के लाया हूं। इसलिए तुम्हारे साथ कुछ भी करूंगा। मैं जब तंग आ गई तो रोहित साव को फोन कीया की अगर तुम मुझे यंहा से नहीं ले जाएगा तो मैं मर जाऊंगी। तभी रोहित साव मेरे ऊपर तरस खाकर मुझे लेकर आया और मेरी शादी दिनांक 25अगस्त 2025को रोहित के साथ हुई। तभी मेरे ग्राम डूमरडीहा के कुछ ग्रामीणों ने खाना खिलाने और पैसे की मांग करने लगे। जिसे मेरे पिताजी देने से असमर्थ थे। जिसके कारण मेरे पिता को गांव समाज से अलग करदीया गया और प्रतिबंधित कियागया की यह व्यक्ति जबतक समाज में जुमार्ना नहीं भरेगा और पूरे ग्रामीणों को खाना नहीं खिलाएगा तबतक इसे कोई बात नहीं करेगा नाही गांव के कुआं और छापाकल से पानी पीने मिलेगा तभी जब शुक्रवार को गांव में किसी के घर तिलक उत्सव को लेकर भोज होनेवाला था और मेरे पिता को न्यौता नहीं दियागया जिसबात को लेकर मेरे पिता ने प्रताड़ित होकर यह कदम उठाया । जबकि मेरे माता पिता और अपने परिवार के बीच कोई झगड़ा नहीं था ।वहीं मृतक की पुत्री ने यह भी आरोप लगाया है की घटना के पश्चात कुछ ग्रामीणों द्वारा दबाव बनाकर मेरी माता को ग्रामीण अपने बचाव में आवेदन देने के लिए मरकच्चो थाना लेगए जो बिल्कुल गलत है। वहीं ग्रामीणों ने बताया की यह सभी प्रकार के आरोप बिल्कुल गलत है इस तरह का कोई बात नहीं हुई है । वहीं थाना प्रभारी नंद किशोर तिवारी ने बताया की घटना फांसी लगाने से हुई है परंतु अबतक यह स्पष्ट नहीं हुई है कि घटना का कारण क्या है घटना को लेकर जांच पड़ताल जारी है और मृतक के शव को फिलहाल पोस्मार्टम के लिए कोडरमा सदर अस्पताल भेज दिया गया है।

## केतुंगाधाम में महाशिवरात्रि की तैयारी पूरी, शिव बारात होगी आकर्षण का केंद्र

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

बानो : प्रखंड क्षेत्र के प्रसिद्ध शिव नगरी केतुंगाधाम में आगामी महाशिवरात्रि को लेकर तैयारियां जोरो पर है। केतुंगाधाम में श्रद्धालुओं द्वारा जलाभिषेक, रुद्राभिषेक एवं विशेष पूजा अर्चना की जाएगी। पर्व को लेकर न्यास समिति श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने में जुटी हुई हैं। मंदिर परिसरों की साफ-सफाई, रंगाई-पोताई और सजावट का कार्य अंतिम चरण में है। कई स्थानों पर आकर्षक विद्युत सज्जा की भी व्यवस्था की जा रही है, ताकि श्रद्धालु रात्रि जागरण के दौरान भक्ति भाव से पूजा-अर्चना कर सकें। जहाँ दूर-दराज से भक्त (शिव कावड़िये और श्रद्धालु) ब्रह्म मुहूर्त से ही भगवान शिव का जलाभिषेक करने के लिए कतारों में लगे रहेंगे। और 'ॐ नमः शिवाय' और 'हर हर महादेव' के जयकारों के साथ पूरा शिवालय गूंजेगा। एवं केसरिया वस्त्र पहने भक्तों ने गंगाजल, दूध और बेलपत्र अर्पित कर सुख-समृद्धि की कामना करेंगे। उसके अलावा व्यवस्थित रूप से दुकान लगाई जाएगी। इसके अलावा सभी मंदिर को फूल मालाओं व अन्य श्रृंगार के सामान से सजाया जाता है। इस वर्ष भी मंदिरों में उक्त कार्य कराए जा रहे हैं। जिसमे भक्तों को नहीं होगी सुविधा। एवं कार्यक्रम की शुरूआत 14 फरवरी को दोपहर 3:00 बजे कलशयात्रा के साथ होगी। 15 फरवरी को सुबह लगभग 7 बजे से अखंड हरिकीर्तन प्रारंभ होगा, जो पूरे दिन चलेगा। 16 फरवरी को पूणार्हुति होगा। तथा श्रद्धालुओं के बीच भंडारा का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर झारखंड, छत्तीसगढ़ और ओड़िशा सहित विभिन्न राज्यों की कीर्तन मंडलियां अखंड हरिकीर्तन में भाग लेंगी।

## स्वयं सहायता समूह से बदली तस्वीर, मेरी किंडो बनीं आत्मनिर्भरता की मिसाल

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

सिमडेगा : मेरी किंडो, पति-अजीत किंडो, ग्राम रायबेरा, पंचायत बाघडेगा, प्रखंड केरसई, जिला सिमडेगा की निवासी हैं। वे वर्ष 2017 में झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी (जेएसएलपीएस) अंतर्गत संत मोनिका स्वयं सहायता समूह से जुड़ीं। समूह से जुड़ने के पश्चात उनकी सक्रियता, नेतृत्व क्षमता एवं नियमित सहभागिता को देखते हुए उन्हें समूह सचिव का दायित्व सौंपा गया। इस भूमिका में रहते हुए वे समूह बैठकों के संचालन, बचत संकलन एवं अन्य गतिविधियों में निरंतर सक्रिय रहीं। समूह से जुड़ने से पूर्व मेरी किंडो के परिवार की आर्थिक स्थिति साधारण थी। परिवार की आजीविका मुख्यतः वर्षा आधारित धान की खेती एवं मजदूरी पर निर्भर थी, जिससे आय सीमित एवं अस्थिर बनी रहती थी। स्वयं सहायता समूह से जुड़ने के बाद उन्हें न केवल वित्तीय सहयोग मिला, बल्कि आजीविका विस्तार हेतु तकनीकी मार्गदर्शन भी प्राप्त हुआ। इसी क्रम में वर्ष 2024झ25 के रबी मौसम में उन्होंने समूह से 30,000 रुपये का ऋण प्राप्त कर कुआँ आधारित



सिंचाई सुविधा के माध्यम से पत्ता गोभी, टमाटर एवं आलू की खेती की। इस कृषि गतिविधि से उन्हें 85,900 रुपये की आय हुई। इसके अतिरिक्त उन्होंने बकरी पालन को भी अपनाया, जिससे 35,600 रुपये की अतिरिक्त आय अर्जित की। इस प्रकार कुल 1,21,500 रुपये की आय प्राप्त कर उन्होंने अपने परिवार की आर्थिक स्थिति को सुदृढ़ किया। मेरी किंडो को मुख्यमंत्री मंईयाँ सम्मान योजना के अंतर्गत अब तक 34,000 रुपये की राशि प्राप्त हुई है। इस राशि को उन्होंने बचत के रूप में संचित किया, जिसमें से 25,000 रुपये का निवेश खेती एवं पशुपालन गतिविधियों में पूंजी के रूप में किया गया। उनकी सफलता से प्रेरित होकर ग्राम के अन्य परिवार भी सब्जी खेती एवं पशुपालन जैसी आजीविका गतिविधियों को अपना रहे हैं, जिससे स्थानीय स्तर पर आयवर्धन को बढ़ावा मिला है। मेरी किंडो की तीन पुत्रियाँ हैं, जिनमें एक पुत्री नर्स के रूप में कार्यरत है, जबकि दो पुत्रियाँ रांची में उच्च शिक्षा प्राप्त कर रही हैं। परिवार बच्चों की शिक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देता है। स्वयं सहायता समूह से जुड़ाव, सरकारी योजनाओं से प्राप्त सहयोग तथा जेएसएलपीएस के तकनीकी एवं संस्थागत मार्गदर्शन के परिणामस्वरूप आज मेरी किंडो का परिवार बहु-आय स्रोत पर आधारित सशक्त आजीविका की ओर अग्रसर है।


## संक्षिप्त खबरें

### कोलेबिरा के कंजोगा में तीन दिवसीय अखंड हरी कीर्तन पर भव्य कलश यात्रा



कोलेबिरा : प्रखंड के अंतर्गत शाहपुर पंचायत की कंजोगा गांव में शिव मंदिर, बजरंगबली मंदिर तीन दिवसीय वार्षिक उत्सव अखंड हरी कीर्तन के अवसर पर भव्य कलश यात्रा निकाली गई धार्मिक आस्था एवं भक्ति भाव से इस आयोजन में हजारों श्रद्धालुओं ने भाग लिया जय श्री राम और जय भोलेनाथ जय माता दी के जयकारों के साथ भक्ति में वातावरण के साथ कनजोगा तलाब से जल उठाकर मंदिर परिसर तक लाया गया। इस अवसर पर चंद्रनाथ साहू एवं उनके अर्धांगिनी दयावन्ती देवी विपिन साहू एवं उनके परिवार कनजोगा सिमडेगा निवासी के द्वारा कलश यात्रा में शामिल सभी माता एवं बहनों को वस्त्र वितरण भी किया गया जिससे सभी पूजा समिति के द्वारा आभार व्यक्त किया गया। मुख्य पुजारी रणधीर प्रसाद सिंह, उनकी धर्मपत्नी कीर्ति देवी, नरेश लाल कसेरा उनकी अर्धांगिनी पदमा देवी, जगन्नाथ साहू यह उनके अर्धांगिनी सुनीता देवी एवं पुरोहित बसंत मिश्रा के अगुवाई में शिव मंदिर परिसर से होते हुए कनजोगा तालाब में मंत्र उच्चारण विधिवत पूजन एवं संकल्प के उपरांत माता एवं बहनों ने अपने सिर में कलश रखकर भक्ति में गीत गोविंद करते हुए मंदिर परिसर तक पहुंचे यज्ञ मंडप पर कलश स्थापित कर शिवजी एवं बजरंगबली से श्रद्धालु भक्तों के द्वारा सुख समृद्धि की कामना किये इस आयोजन में मुख्य रूप से कनजोगा शिव मंदिर समिति के अध्यक्ष कीर्ति राज साहू, उपाध्यक्ष दुर्योधन साहू, सचिव कृष्ण कुमार उप सचिव अभिषेक कुमार कोषाध्यक्ष बिरसेन साहू उपकोषाध्यक्ष देव कुमार एवं नेहरू क्लब के सदस्य ग्रामीण ललित साहू ज्योतिष साहू मनोज साहू सभी ग्रामीण एवं समाजसेवी के द्वारा मुख्य भूमिका एवं सक्रिय रूप से भागीदारी निभाई जा रही हैं।

### नीट यूजी 2026 के आयोजन को लेकर जिला स्तरीय समन्वय समिति की हुई बैठक





सिमडेगा : नीट यूजी परीक्षा 2026 के सफल एवं शांतिपूर्ण आयोजन को लेकर जिला स्तरीय समन्वय समिति की बैठक उपायुक्त सिमडेगा कंचन सिंह की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में उपायुक्त ने संबंधित विभागों के अधिकारियों एवं केंद्राधीक्षकों को राष्ट् जांच एजेंसी (एनटीए) की गाइडलाइन का सख्ती से अनुपालन सुनिश्चित करते हुए आपसी समन्वय के साथ जिम्मेदारीपूर्वक कार्य करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने बताया कि नीट यूजी परीक्षा 03 मई 2026 को दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक तथा दिव्यांग अभ्यर्थियों के लिए शाम 6 बजे तक आयोजित की जाएगी। जिला मुख्यालय स्थित पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय, सिमडेगा को परीक्षा केंद्र बनाया गया है। उन्होंने स्पष्ट कहा कि राष्ट्रीय स्तर की इस महत्वपूर्ण परीक्षा में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। परीक्षा केंद्र पर सीसीटीवी कैमरे, पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था, पेयजल एवं शौचालय जैसी मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। साथ ही मेटल डिटेक्टर, जैमर की व्यवस्था तथा केंद्र के भीतर मोबाइल फोन के पूर्ण प्रतिबंध का निर्देश दिया गया। पुलिस विभाग को शांतिपूर्ण वातावरण एवं यातायात प्रबंधन सुनिश्चित करने को कहा गया। बैठक में पुलिस अधीक्षक श्री श्रीकांत एस खोटरे, अपर समाहर्ता श्री ज्ञानेन्द्र, जिला शिक्षा पदाधिकारी श्री मिथलेश केरकेट्टा, शिक्षा अधीक्षक श्री दीपक राम सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

### नगर पंचायत डोमचांच में स्वीप गतिविधि के तहत बीएलओ के साथ जागरूकता बैठक आयोजित



कोडरमा : नगरपालिका (आम) निर्वाचन-2026 के अंतर्गत 23 फरवरी 2026 को प्रस्तावित मतदान के मद्देनजर स्वीप गतिविधियों के तहत नगर पंचायत डोमचांच क्षेत्र में मतदाता जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में प्रखंड कार्यालय सभागार, डोमचांच में प्रखंड विकास पदाधिकारी की अध्यक्षता में सभी बीएलओ के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक में स्वीप टीम द्वारा मतदाताओं को शत-प्रतिशत मतदान हेतु प्रेरित करने के संबंध में विस्तृत चर्चा की गई।बैठक के दौरान सभी बीएलओ को अपने-अपने क्षेत्रों में घर-घर संपर्क कर मतदाताओं को मतदान के महत्व से अवगत कराने तथा उन्हें 23 फरवरी 2026 को अनिवार्य रूप से मतदान करने हेतु प्रेरित करने का निर्देश दिया गया। साथ ही बैलेट डेमोंस्ट्रेशन के माध्यम से मतदाताओं को मतदान प्रक्रिया समझाने एवं उन्हें जागरूक करने पर विशेष बल दिया गया। इस अवसर पर सभी उपस्थित बीएलओ को निष्पक्ष, शांतिपूर्ण एवं अधिकतम मतदान सुनिश्चित कराने हेतु शपथ भी दिलाई गई।

### स्वीप अभियान के तहत प्रखंड डोमचांच के विभिन्न वार्डों में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

कोडरमा : नगरपालिका (आम) निर्वाचनझ2026 के अंतर्गत 23 फरवरी 2026 को प्रस्तावित मतदान को स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण रूप से संपन्न कराने तथा शत-प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के उद्देश्य से प्रखंड डोमचांच अंतर्गत कोडरमा नगर पंचायत क्षेत्र में स्वीप गतिविधियों के तहत व्यापक मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया। इस क्रम में स्वीप टीम द्वारा लेंगरापीपर वार्ड संख्या-05 एवं 11 में घर-घर संपर्क अभियान चलाते हुए स्थानीय नागरिकों से संवाद स्थापित किया गया तथा उन्हें अपने मताधिकार के महत्व से अवगत कराया गया। मतदाताओं को 23 फरवरी 2026 को अनिवार्य रूप से अपने मतदान केंद्र पर पहुंचकर मतदान करने हेतु प्रेरित किया गया एवं शत-प्रतिशत मतदान का संकल्प दिलाया गया। लंगरापीपर बस्ती में बैलेट बॉक्स डेमोंस्ट्रेशन के माध्यम से मतदाताओं को मतदान प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी दी गई। उपस्थित नागरिकों को मतदान की संपूर्ण प्रक्रिया समझाते हुए भयमुक्त, निष्पक्ष एवं जागरूक मतदान करने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम के दौरान जिला स्वीप कोषांग की टीम, नगर पंचायत के बीएलओ सुपरवाइजर, पर्यवेक्षक सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित रहे। स्वीप टीम ने नागरिकों से अपील की कि वे 23 फरवरी 2026 को अपने निर्धारित मतदान केंद्र पर पहुंचकर शत-प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करें तथा लोकतंत्र को सशक्त एवं मजबूत बनाने में अपनी सक्रिय भागीदारी निभाएं।

## एक नजर

### ट्रक की चपेट में आने से एक व्यक्ति की मौत, वाहन जब्त

**पलामू :** जिला मुख्यालय मेदिनीनगर शहर थाना क्षेत्र के छःमुहान पर शुक्रवार सुबह सात बजे रसोई गैस सिलेंडर लदे एक ट्रक (जे एच 09 एइ 5811) की चपेट में आने से पैदल चल रहे एक व्यक्ति की मौत हो गई। घटना के बाद मौके भीड़ जमा हो गई। ट्रक को मौके पर ही पकड़ लिया गया और चालक को पुलिस के हवाले कर दिया गया। नगर निगम कर्मियों के सहयोग से पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए एमएमसीएच में भेजा। मृतक की पहचान लेस्लीगंज के दुमी निवासी 55 वर्षीय अशोक पासवान के रूप में हुई है। अशोक पिछले 30 साल से धोबी मोहल्ला में प्रदीप कुमार के घर रहते थे और प्रधान डाकघर के सामने उनकी मिठाई दुकान में काम करते थे। मौके पर मौजूद लोगों ने पीड़ित परिवार को उचित मुआवजा दिलाने का आग्रह जिला प्रशासन से किया है। बताया जाता है कि अशोक पासवान हर दिन की तरह सुबह जागने के बाद धोबी मोहल्ला से छःमुहान चाय पीने आये थे। अचानक एक गैस सिलेंडर लोड ट्रक ने उन्हें अपनी चपेट में ले लिया जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। दुकान मालिक प्रदीप के अनुसार अशोक पिछले 30 साल से उसकी दुकान में काम करते थे और घर पर रहते थे। उनकी शादी नहीं हुई थी। घटना की जानकारी उसके परिवार के अन्य सदस्यों को दे दी गई है। इधर शहर थाना प्रभारी इंस्पेक्टर ज्योति लाल रजवार ने कहा कि ट्रक को जब्त कर लिया गया है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। मामले में नियमानुसार कार्रवाई की जा रही है।

### अंचल अमीन रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार

**लातेहार :** जिले के गारू अंचल में पदस्थापित अंचल अमीन मुनिदेव सिंह को शुक्रवार को भ्रष्टाचार निरोधक दस्ता एसीबी पलामू की टीम ने सात हजार रुपये रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। आरोपित अंचल अमीन जमीन को ऑनलाइन करने के नाम पर रिश्वत ले रहा था। मिली जानकारी के अनुसार गारू प्रखंड निवासी विशाल कुमार ने अंचल कार्यालय में अपने जमीन को ऑनलाइन करने का आवेदन दिया था। परंतु इसके बदले में अंचल अमीन की ओर से रिश्वत की मांग की जा रही थी। परेशान होकर सूचक विशाल कुमार ने इसकी शिकायत एसीबी के पुलिस अधीक्षक से की। जानकारी होने के बाद अपराध नियंत्रण ब्यूरो की टीम ने अपने स्तर से पूरे मामले की छानबीन की। जांच में इस बात की पुष्टि हो गई कि अंचल अमीन की ओर से रिश्वत की मांग की जा रही है। इसके बाद सूचक को पैसे देकर अंचल अमीन के पास भेजा गया। जैसे ही आरोपित अंचल अमीन ने रिश्वत के पैसे लिए वैसे ही एसीबी की टीम ने उसे पकड़ लिया। आवश्यक कागजी प्रक्रिया पूरी करने के बाद आरोपित अंचल अमीन को गिरफ्तार कर पलामू ले जाया गया।

# हारुडीह हत्याकांड का खुलासा : चांडिल पुलिस की बड़ी कार्रवाई, चार आरोपी गिरफ्तार

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**चांडिल :** 24 दिसंबर 2025 को चांडिल थाना क्षेत्र के हारुडीह गांव में विजय तिर्की की गोली मारकर की गई हत्या के मामले में पुलिस ने उल्लेखनीय सफलता हासिल की है। मृतक की पत्नी के लिखित आवेदन पर दर्ज कांड संख्या 199/25 के तहत पुलिस अधीक्षक के निदेर्शानुसार विशेष टीम का गठन किया गया था। पूरे अभियान का नेतृत्व चांडिल थाना प्रभारी पु.अ.नि. डील्सन बिरुवा ने किया जबकि कपाली ओपी प्रभारी पु.अ.नि. धीरंजन कुमार ने तकनीकी साक्ष्य जुटाने और छापामारी में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। मानवीय सूचना और डिजिटल ट्रैकिंग के आधार पर




पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए तीन अभियुक्तों में शाहिद खान उर्फ शहजादा (27), विवेक कुमार मन्ना उर्फ विक्की (24) और राहुल राव (26) को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया। इससे पूर्व मामले में मनीष कुमार ठाकुर उर्फ लिगर को भी गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है जबकि एक अन्य आरोपी बंटी सरदार पूर्व के एक मामले में न्यायिक अभिरक्षा में है। छापामारी दल में चौका थाना प्रभारी सोनू कुमार, निमडीह थाना प्रभारी संतन तिवारी, कपाली ओपी के रंजीत कुमार सिंह सहित चांडिल थाना के अधिकारी और सशस्त्र बल शामिल थे। थाना प्रभारी डील्सन बिरुवा ने बताया कि कांड में शामिल अन्य अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी जारी है। इस त्वरित और समन्वित कार्रवाई से क्षेत्र में कानून-व्यवस्था को लेकर जनता का भरोसा मजबूत हुआ है तथा अपराधियों में स्पष्ट संदेश गया है कि किसी भी गंभीर अपराध पर पुलिस सख्त कार्रवाई करेगी।

## बांदु रेलवे अंडरपास मार्ग पर दो से ढाई फीट गहरे गड्ढे, राहगीरों की बढ़ी मुश्किलें



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**ईचागढ़ :** चांडिल अनुमंडल क्षेत्र अंतर्गत आदरडीह मिलन चौक मुख्य मार्ग के बीच बांदु स्थित रेलवे अंडरपास पर लगभग एक किलोमीटर तक सड़क की स्थिति अत्यंत जर्जर बनी हुई है। सड़क पर कई स्थानों पर दो से ढाई फीट तक गहरे और बड़े-बड़े गड्ढे हो गए हैं। पूरी सड़क धूल से भरी रहती है। जैसे ही कोई वाहन गुजरता है, धूल का गुबार उड़ने लगता है, जिससे सड़क पर चल रहे दोपहिया वाहन चालक धूल से भर जाते हैं। साथ ही, सड़क किनारे स्थित दुकानों और मकानों में भी धूल जमा हो जाती है। धूल, कीचड़ और गड्ढों से बचने के लिए कुछ लोग अपनी मोटरसाइकिल या साइकिल लेकर रेलवे ट्रैक के ऊपर से पार करते हुए भी देखे गए हैं, जो अत्यंत खतरनाक है। बता दें यह मार्ग झिमरी, कुकड़ु, तिरूलडीह होते हुए रांची, टाटा और पुरुलिया जैसे प्रमुख शहरों को जोड़ता है, एक अत्यंत महत्वपूर्ण मार्ग है। इस सड़क से प्रतिदिन हजारों की संख्या में विभिन्न प्रकार के वाहनों का आवागमन होता है। इसी मार्ग के माध्यम से मरीजों को सीएचसी नीमडीह तथा एमजीएम जैसे अस्पतालों तक भी ले जाया जाता है। इस महत्वपूर्ण मार्ग की शीघ्र मरम्मत एवं समुचित व्यवस्था अत्यंत आवश्यक है, ताकि आम जनता को सुरक्षित और सुगम आवागमन की सुविधा मिल सके।

## समाजसेवी ने उपायुक्त को सौंपा ज्ञापन जनहित के मुद्दों पर त्वरित कार्रवाई की मांग

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**पटमदा :** जिले की विभिन्न जनसमस्याओं को लेकर समाजसेवी विश्वनाथ महतो ने उपायुक्त को एक विस्तृत ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में शिक्षा, सड़क, स्वास्थ्य एवं मानदेय भुगतान से जुड़ी गंभीर समस्याओं को प्रमुखता से उठाते हुए त्वरित समाधान की मांग की गई। ज्ञापन में उल्लेख किया गया कि प्रखंड पटमदा स्थित मध्य विद्यालय कमलपुर में सत्र 2025-26 में 207 छात्र-छात्राएं नामांकित हैं, जबकि विद्यालय में स्वीकृत सात पदों के विरुद्ध मात्र दो शिक्षक कार्यरत हैं। शिक्षकों की भारी कमी के कारण पठन-पाठन व्यवस्था प्रभावित हो रही है। कक्षा आठ के विद्यार्थियों की आगामी बोर्ड परीक्षा को देखते हुए कम-से-कम चार अतिरिक्त शिक्षकों की शीघ्र नियमित पदस्थापना की मांग की गई है। इसके अतिरिक्त, बोड़ाम प्रखंड अंतर्गत लगभग 7.5 किलोमीटर लंबी चिरुडीह-माधवपुर



सड़क की जर्जर स्थिति पर भी चिंता जताई गई। ज्ञापन में कहा गया कि सड़क पर बड़े-बड़े गड्ढों के कारण आवागमन बाधित हो रहा है तथा बरसात के दिनों में स्थिति और भी दयनीय हो जाती है। जनहित को ध्यान में रखते हुए सड़क के शीघ्र पुनर्निर्माण एवं स्थायी समाधान तक अस्थायी मरम्मत कराने का आग्रह किया गया है। डिमना स्थित महात्मा गांधी मेमोरियल (एमजीएम) अस्पताल में शौचालयों की अपर्याप्त व्यवस्था को गंभीर जनस्वास्थ्य समस्या बताते हुए पर्याप्त शौचालय निर्माण एवं नियमित स्वच्छता व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग की गई। साथ ही, विभिन्न प्रखंड एवं अंचल कार्यालयों में आउटसोर्सिंग के माध्यम से कार्यरत कंप्यूटर ऑपरेटर एवं चतुर्थवर्गीय कर्मियों के विगत सात माह से लंबित मानदेय के अविलंब भुगतान की भी मांग उठाई गई। उपायुक्त ने ज्ञापन में उठाए गए सभी मामलों को गंभीरता से लेते हुए संबंधित विभागों को आवश्यक निर्देश देने तथा अपने स्तर से त्वरित कार्रवाई कर समाधान सुनिश्चित करने का आश्वासन दिया। इस आश्वासन से स्थानीय नागरिकों एवं संबंधित कर्मियों में सकारात्मक उम्मीद जगी है।

## आंगनबाड़ी केंद्र में पढ़ाने का अनोखा अंदाज नाच-गान और खेल के साथ सीख रहे नौनिहाल

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**खूंटी :** कर्रा प्रखंड क्षेत्र के घुनसुली गांव स्थित आंगनबाड़ी केंद्र इन दिनों अपनी अनोखी शिक्षण पद्धति को लेकर चर्चा में है। यहां छोटे-छोटे बच्चों को नाच-गान और खेल-खेल में शिक्षा दी जा रही है, जिससे वे उत्साह और खुशी के साथ सीख रहे हैं। आमतौर पर प्रारंभिक आयु के बच्चों में पढ़ाई को लेकर अरुचि और झिझक देखी जाती है, लेकिन घुनसुली आंगनबाड़ी केंद्र में पढ़ाई को इतना रोचक बना दिया गया है कि बच्चे प्रतिदिन खुशी-खुशी केंद्र पहुंचते हैं। यहां शिक्षा केवल अक्षर ज्ञान तक सीमित नहीं है, बल्कि बच्चों के सर्वांगीण विकास पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। आंगनबाड़ी सेविका मिलोनी सांगा ने बताया कि केंद्र खुलते ही सबसे पहले साफ-सफाई की जाती है, ताकि बच्चों को स्वच्छ और सुरक्षित वातावरण मिल सके।



इसके बाद हल्की एक्सरसाइज कराई जाती है, जिससे बच्चे शारीरिक रूप से सक्रिय रहें। परिचय सत्र के माध्यम से बच्चों में आत्मविश्वास और आपसी संवाद की भावना विकसित की जाती है। उन्होंने बताया कि वर्णमाला और संख्याएं गीतों के माध्यम से सिखाई जाती हैं, जबकि रंग, आकार और सामान्य ज्ञान खेल-खेल में समझाया जाता है। इस पद्धति से बच्चों का मानसिक, शारीरिक और सामाजिक विकास एक साथ सुनिश्चित हो रहा है। मिलोनी सांगा ने बताया कि विभाग की ओर से समय-समय पर प्रशिक्षण दिया जाता है, जिससे सेविकाएं आधुनिक और प्रभावी शिक्षण तकनीकों को अपनाकर बच्चों को बेहतर शिक्षा दे सकें। केंद्र में बच्चों की उपस्थिति संतोषजनक है तथा विभाग की ओर से समय पर पोषाहार भी उपलब्ध कराया जा रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि इस प्रयास से बच्चों में पढ़ाई के प्रति रुचि बढ़ी है और अभिभावकों का विश्वास भी मजबूत हुआ है। घुनसुली का यह आंगनबाड़ी केंद्र इस बात का उदाहरण बन गया है कि समर्पण और सही शिक्षण पद्धति से सरकारी व्यवस्था के भीतर भी सकारात्मक बदलाव संभव है।

## दर्शनशास्त्र के शिक्षक का सिंहभूम कालेज में हुआ भव्य स्वागत

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**ईचागढ़ :** सिंहभूम कालेज चांडिल में पीजी दर्शनशास्त्र विभाग से स्थानांतरित होकर आये प्रोफेसर डॉ संजय कुमार का शुक्रवार को भव्य स्वागत किया गया। कालेज के विद्यार्थियों ने कोल्हान विश्वविद्यालय चाईबासा से पुनः सिंहभूम कालेज चांडिल में स्थानांतरित किए जाने से अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया। विद्यार्थियों ने बताया कि कालेज में शिक्षकों की घोर कमी है, ऐसे समय में महाविद्यालय में शिक्षक का योगदान बहुत ही महत्वपूर्ण है। मौके पर प्राचार्य डॉ. सुनील मुर्मू प्रो. ए. के. गोराई , शंकर बेसरा, बिभीषण मछुआ, सुबोध सिंह मुंडा, राजेन मांझी, अशोक कुमार महतो, हरिपाल महतो, कृष्ण प्रामाणिक आदि उपस्थित थे।

# कोर्ट में कागजात जमा नहीं होने से नहीं मिल पाता मुआवजा : प्रधान न्यायाधीश

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**धनबाद :** झारखंड विधिक सेवा प्राधिकार (झालसा) और प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश बालकृष्ण तिवारी के निर्देश पर शुक्रवार को आयोजित सड़क दुर्घटना तथा एनडीपीएस एक्ट पर एक दिवसीय जिला स्तरीय मल्टी स्टेक होल्डर कंसल्स्टेशन कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का उद्घाटन सिविल कोर्ट प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश बालकृष्ण तिवारी, जिला एवं सत्र न्यायाधीश मनीष रंजन, जिला एवं सत्र न्यायाधीश केके शुक्ला और बार एसोसिएशन के अध्यक्ष राधेश्याम गोस्वामी ने संयुक्त रूप से किया। इस मौके पर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश बालकृष्ण तिवारी ने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं में समय पर कागजात कोर्ट में जमा नहीं होने से मृतकों के परिजनों को मुआवजा नहीं मिल पाता है। इस विषय पर पुलिस पदाधिकारियों को संदेश देते हुए न्यायाधीश ने कहा कि उच्चतम न्यायालय ने अपने आदेश मे स्पष्ट कहा है कि सड़क दुर्घटना के मामले में किसी भी हालत में 30 दिन के अंदर दुर्घटना सूचना रिपोर्ट कोर्ट को भेज देनी है, अन्यथा थाने के भार साधक अधिकारी पर कार्रवाई हो सकती है। उन्होंने कहा कि यदि समय पर पुलिस ऐसा कर दें तो मृतक के परिजनों को तमाम मुश्किलों का सामना नहीं करना पड़ेगा, यह समाज के प्रति हमारा कर्तव्य है। वहीं जिला एवं सत्र न्यायाधीशमनीष रंजन ने कार्यशाला को संबोधित करते हुए कहा कि दुर्घटना दावा से संबंधित आवेदन घटना के छह माह के अंदर ट्रिब्यूनल में दायर कर देना चाहिए, अन्यथा पीड़ित पक्ष को कानूनी समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है। जिला एवं सत्र न्यायाधीश केके शुक्ला ने कहा कि एनडीपीएस एक्ट में सजा जितनी सख्त है, वैसे ही एक्ट के प्रावधानों के अनुपालन की शर्तें भी कठोर हैं। जिसका पालन नहीं करने पर आरोपियों को लाभ मिल जाता है। न्यायाधीश मयंक तुषार टोपनो ने कहा कि सड़क दुर्घटना में घायल या मृत हुए लोगों के लिए केंद्र सरकार की ओर से राहवीर योजना की शुरूआत की गई है, जिसके तहत घायलों को को तुरंत अस्पताल पहुंचाने वाले लोगों के लिए पारितोषिक रखा गया है। कोई भी अस्पताल या पुलिस अधिकारी घायल को अस्पताल पहुंचाने वाले से पूछताछ नहीं करेगी। वहीं लीगल एड डिफेंस काउंसिल सिस्टम के डिप्टी चीफ अजय कुमार भट्ट ने एनडीपीएस एक्ट के प्रावधानों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि कई बार ठोस मामला सिर्फ इसलिए अदालत में गिर जाता है, क्योंकि जांच अधिकारी ने कानून के स्पिरिट को तो समझा, लेकिन उसकी प्रक्रिया पालन मे चूक कर दी। ट्रैफिक डीएसपी अरविंद कुमार सिंह ने लोगों को सावधानीपूर्वक सड़क पर गाड़ी चलाने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि वर्ष 2025 में 17 लाख लोग भारत में सड़क दुर्घटना के कारण मौत के मुंह में जा चुके हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### पटमदा और बोड़ाम के आंदोलनकारी ने विधायक जयराम से की भेंट



**पटमदा :** पुर्वी सिंहभूम जिला के पटमदा एवं बोड़ाम प्रखण्ड क्षेत्र के विभिन्न गांव के झारखण्ड आंदोलनकारियों ने झारखण्ड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा के केंद्रीय संयुक्त महासचिव देवव्रत महतो जी के माध्यम से झारखण्ड संघर्ष मोर्चा के कोल्हान प्रमंडल अध्यक्ष विश्वजित प्रमाणिक जी के नेतृत्व में एक प्रतिनिधि मंडल झारखण्ड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष सह झारखण्ड राज्य के डुमरी विधानसभा के लोकप्रिय विधायक टाइगर जयराम कुमार महतो जी से मुलाकात कर झारखण्ड आंदोलनकारियों के विभिन्न मांगो से अवगत कराते हुए झारखण्ड विधानसभा में झारखण्ड आंदोलनकारियों के हित में आवाज बुलंद करने की अपील की। सभी चिन्हित झारखण्ड आंदोलनकारियों को उत्तराखंड राज्य के आंदोलनकारियों की तर्ज पर देय सुविधाएँ उपलब्ध कराने हेतु माननीय विधायक महोदय के समक्ष रखा गया । जो निम्नवत है : 1. जेल जाने की बाध्यता को समाप्त करते हुए सभी आंदोलनकारियों को एक समान पेंशन तथा राजकीय मान सम्मान । 2. निशुल्क मेडिकल सुविधा । 3. समूह जीवन बिमा का पारिवारिक लाभ । 4. सभी आदोलनकारियों को अन्तर्राज्य यात्रा कूपन तथा पहचान पत्र । 5. आंदोलनकारी के आश्रितों की रोजी रोजगार एवं नियोजन में 10 प्रतिशत क्षैतिज आरक्षण का लाभ। 6. आंदोलनकारियों के बाल बच्चों को KG से PG एवं वोकेशनल तथा तकनिकी शिक्षा निशुल्क देने की सुविधा तथा पक्का मकान सहित अन्य बुनियादी सुविधाएँ । मौके पर झारखण्ड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा के अध्यक्ष विश्वजित प्रमाणिक, शरत चन्द्र महतो, डॉक्टर लखीकांत महतो, सुनील कुमार महतो, जीतू लाल महतो,मिहिर कुमार तिवारी, झनटू लाल महतो, भजहरि महतो, संजय कुमार महतो, दिपक कुमार महतो एवं झारखण्ड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा के केंद्रीय संयुक्त महासचिव देवव्रत महतो, कृष्ण प्रसाद महतो, उमा पद महतो, भैरव महतो, जयंत कुमार महतो, दीपक महतो, सीताराम महतो, वरुण चन्द्र महतो आदि उपस्थित थे।

### बाबा जटाधारी शिव हनुमान मंदिर में 15 फरवरी को निकलेगी भव्य शिव बारात



**जमशेदपुर :** कदमा शास्त्रीनगर ब्लॉक नंबर 2 स्थित बाबा जटाधारी शिव हनुमान मंदिर में वर्ष 2026 के वार्षिक धार्मिक कार्यक्रमों को लेकर मंदिर समिति की ओर से प्रेस वार्ता कर विस्तृत जानकारी दी गई। शुक्रवार को आयोजित प्रेस वार्ता में मंदिर समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि मंदिर की स्थापना वर्ष 1979 में पावन रामनवमी के अवसर पर की गई थी और तब से प्रत्येक वर्ष भव्य अखाड़ा एवं धार्मिक आयोजन यहां की परंपरा का अभिन्न हिस्सा रहे हैं। समिति के अध्यक्ष उमेश कुमार सिंह ने बताय कि 24 नवंबर 2012 को पुरी के शंकराचार्य स्वामी स्वरूपानंद सरस्वती जी के करकमलों द्वारा मंदिर का जीर्णोद्धार एवं स्थापित शिवलिंग का पुनः प्राणप्रतिष्ठा संपन्न हुआ था, जिससे मंदिर की आध्यात्मिक गरिमा और अधिक मजबूत हुई। वहीं, समिति के महासचिव सुधांशु ओझा ने बताया कि वर्ष 2007 से रुद्राभिषेक के उपरांत भव्य शिव बारात का आयोजन परंपरागत रूप से किया जा रहा है। इस आयोजन में हजारों की संख्या में महिला–पुरुष, युवा एवं बच्चे शामिल होते हैं। आकर्षक झांकियां, पारंपरिक वेशभूषा, ढोल–नगाड़ों की गूंज, भक्ति गीतों की स्वर लहरियां और रंग–बिरंगी सजावट पूरे क्षेत्र को भक्तिमय वातावरण से सराबोर करती है। इस वर्ष भी यह आयोजन पूरे सनातन रीति रिवाज और परंपरा के साथ आयोजित की जाएगी। प्रेस वार्ता में वर्ष 2026 के लिए निर्धारित कार्यक्रमों की घोषणा करते हुए बताया गया कि आगामी 14 फरवरी 2026 (शनिवार), प्रातः 11 बजे से अखंड हरिनाम संकीर्तन का शुभारंभ होगा। 15 फरवरी 2026 (रविवार), दोपहर 3 बजे कीर्तन की पूणाहुति के साथ समाज के सम्मानित अतिथियों का स्वागत एवं अभिनंदन समारोह आयोजित किया जाएगा। 15 फरवरी को पवित्र महाशिवरात्रि के अवसर पर रुद्राभिषेक होगा एवं शाम 4:30 बजे से शिव–पार्वती की भव्य शिव बारात निकाली जाएगी, जिसमें आकर्षक झांकियां एवं भक्ति संगीत की प्रस्तुति रहेगी। इसके पश्चात श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद एवं भोग वितरण किया जाएगा।

झारखण्ड शिक्षा परियोजना, सिमडेगा
नए समाहरणालय भवन, ब्लॉक-ए,द्वितीय तल्ला
दूरभाष: 06525–225835 फैक्स: 225836 E-mail:- ssasimdega@yahoo.co.in

सिमडेगा जिला में अवस्थित मॉडल विद्यालयों में वर्ष 2026 के लिए नामांकन प्रवेश परीक्षा से संबंधित आवश्यक सूचना

राज्य परियोजना निदेशक के ज्ञापांक 503 दिनांक 03.02.2026 के आलोक में एतद् द्वारा सभी संबंधित क्षेत्र शिक्षा पदाधिकारी/प्रखण्ड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी/प्रखण्ड कार्यक्रम पदाधिकारी/संकुल संसाधन केन्द्र–समन्वयक/प्रखण्ड साधन सेवी/संकुल साधन सेवी/सभी मान्यता प्राप्त विद्यालयों के प्रधानाध्यापक/अभिभावक एवं छात्र/छात्राओं को सूचित किया जाता है कि नामांकन हेतु छात्र/छात्राओं से आवेदन आंमत्रित किया जाता है। सभी मॉडल विद्यालय अंग्रेजी माध्यम से संचालित हागें तथा पूर्णतः गैर–आवासीय होंगे है।

जिले में संचालित 05 मॉडल विद्यालय का पता एवं संपर्क निम्नवत् है:–

| क्र०स० | विद्यालय का नाम | पता | मोबाईल न० |
|---|---|---|---|
| 1 | मॉडल विद्यालय, कुरडेग | पी०एम० श्री उच्च विद्यालय, कुरडेग | 7991175531 |
| 2 | मॉडल विद्यालय, कोलेबिरा | रैसीया पंचायत अंतर्गत हाथी बाजार के सामने | 9523696974 |
| 3 | मॉडल विद्यालय, जलडेगा | टगिया रोड | 9470517552 |
| 4 | मॉडल विद्यालय, बानो | कोनसोदे बाजारटांड़, कोनसोदे पंचायत के पीछे | 7091323223 |
| 5 | मॉडल विद्यालय, सिमडेगा | गड्डाबाहार, ITI सिमडेगा के सामने | 8825185442 |

1. आवेदक की पात्रताः–
(क) दिनांक 01, अप्रैल 2026 को न्यूनतम आयु 10(दस) वर्ष एवं अधिकतम 12(बारह) वर्ष होना चाहिए।
(ख) संबंधित जिला के निवासी तथा जिला के किसी भी विद्यालय से वर्ग–05(पांच) उत्तीर्ण/कक्षा 06 (छः) में अध्ययनरत् छात्र–छात्रा या ड्रॉप आउट वर्ग–05(पांच) उत्तीर्ण छात्र–छात्रा।
2. परीक्षा शुल्कः– यह परीक्षा पूर्णतः निःशुल्क है। इसमें आवेदन–प्रपत्र एवं परीक्षा देने हेतु किसी प्रकार का भुल्क देय नहीं है।
3. आवेदन–प्रपत्रः–
• परीक्षा आवेदन–प्रपत्र परिशद् के वेबसाइट https://www.jac.jharkhand.gov.in के Exam form Portal Section के माध्यम से ऑनलाइन भराया जायेगा। इस हेतु सभी दिशा–निर्देश परिषद् के वेबसाइट पर उपलब्ध होगा, जिसका अवलोकन करते हुए परीक्षा आवेदन प्रपत्र भरना सुनिश्चित करेंगे। आवेदन प्रपत्र भरने की तिथि दिनांक 30.01.2026 से 21.02.2026 निर्धारित है।
• अभ्यर्थी द्वारा भरा हुआ आवेदन प्रपत्र जिला शिक्षा पदाधिकारी (DEO) के Login में उपलब्ध होगा, जिसका अनुमोदन जिला शिक्षा पदाधिकारी द्वारा दिया जाएगा। आवेदन प्रपत्र अनुमोदन देने की तिथि – 04.02.2026 से 23.02.2026 तक निर्धारित की जाती है।
4. नामांकनः–
मॉडल विद्यालयों के वर्ग VI (छटा) में नामांकन मेघा सूची के आधार पर होगा। नामांकन में राज्य के जिला स्तरीय आरक्षण नीति का अनुपालन किया जाएगा। मेघा सूची का निमार्ण जिला स्तर पर किया जाएगा। एक विद्यालय में कुल 40 (चालीस) छात्र/छात्राओं का नामांकन होगा। रिक्त सीटों पर नामांकन विद्यालय प्रबंधन समिति के माध्यम से विद्यालय के पोशण क्षेत्र के बच्चे को विद्यालय स्तर पर प्रवेश परीक्षा आयोजित कर लिया जायेगा।
आरक्षित कोटि के सभी अभ्यर्थियों को कार्मिक, प्रशासनिक सुधार एवं राजभाशा विभाग, झारखण्ड सरकार द्वारा घोशित सक्षम प्राधिकार (अनुमण्डल पदाधिकारी) द्वारा निर्गत आरक्षण कोटि/जाति प्रमाण पत्र आवेदन के साथ संलग्न करना आवश्यक होगा। अनुपलब्धता की स्थिति में वे आवेदन जमा कर सकते है, परन्तु नामांकन के समय उन्हें मूल रूप से या सत्यापित प्रति उपलब्ध कराना अनिवार्य होगा। अन्यथा की स्थिति में उनका अभ्यर्थित्व रद्द समझा जाएगा। किसी भी परिस्थिति में आवेदन में भरे गए कोटि का परिवर्तन नहीं किया जायेगा।
5. परीक्षा का विशयः–
यह परीक्षा OMR SHEET आधारित होगी। विशयवार अंको का निर्धारण निम्न अनुसार होगाः–
(क) अंग्रेजी :– 30
(ख) गणित :– 30
(ग) सामाजिक विज्ञान :– 40
100
6. परीक्षा हेतु प्रवेश पत्र ऑनलाईन डाउनलोड करने की तिथि एवं परीक्षा की तिथि बाद में प्रकाशित की जाएगी।
नोटः–परिषद् के बेवसाईट पर फार्म के साथ जिला तथा प्रखण्ड का नाम एवं कोड की सूची उपलब्ध है। छात्र–छात्राऍ परीक्षा आवेदन प्रपत्र में जिला एवं प्रखण्ड कोड भरने हेतु उक्त सूची में अंकित कोड का ही उपयोग करेंगे।

जिला शिक्षा पदाधिकारी–सह–जिला कार्यक्रम पदाधिकारी
झारखण्ड शिक्षा परियोजना, सिमडेगा।
PR.NO.372962 Simdega(25-26):D

# बांग्लादेश में नई सरकार, भारत को क्या दरकार

बांग्लादेश में चुनाव नतीजों से साफ हो गया कि वहां बीएनपी की सरकार होगी और तारिक रहमान देश के नये प्रधानमंत्री होंगे। किसी भी लोकतांत्रिक प्रक्रिया में यह सहज ही है कि आंतरिक और बाह्य राजनीतिक ताकतें चुनाव परिणाम को सकारात्मक ढंग से लें। बांग्लादेश के लिए भी यह परंपरा मान्य होनी चाहिए, हालांकि इसको लेकर कुछ संशय चुनाव के साथ ही शुरू हो चुके हैं। इसे समझने के लिए दो बिंदुओं पर विचार करना होगा। पहला यह कि चुनाव प्रक्रिया पर देश के अंदर से ही सवाल उठाये गये हैं। दूसरा बिंदु पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना का भारत में आश्रय लेना है। यह स्थिति सामान्य नहीं कही जा सकती कि पूर्व प्रधानमंत्री की पार्टी बांग्लादेश में बैन कर दी गई। फिर जिन्होंने चुनाव में हिस्सा लिया, वे ही निर्वाचन प्रक्रिया से ही संतुष्ट नहीं हैं। भारत के लिए तो यह निर्वाचन इसलिए मायने रखता है कि प्रधानमंत्री के रूप में जो नेता उसके अनुकूल रहीं, उन्हें बांग्लादेश से निर्वासित होकर आना पड़ा। बात इतनी ही होती तो चिंता न होती। उन्हें शरण देने के पहले से ही बांग्लादेश में भारत विरोधी माहौल रहा है। फिलहाल तो प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) की जीत पर पार्टी अध्यक्ष तारिक रहमान को बधाई दी। उन्होंने इसे रहमान के नेतृत्व पर बांग्लादेश की जनता का भरोसा बताया। मोदी ने खुद भरोसा दिया कि भारत एक लोकतांत्रिक, प्रगतिशील और समावेशी बांग्लादेश के समर्थन में खड़ा रहेगा। उन्होंने दोनों देशों के बहुआयामी संबंधों को मजबूत करने और साझा विकास लक्ष्यों को आगे बढ़ाने के लिए तारिक रहमान के साथ काम करने के लिए उत्सुकता जताई। स्वाभाविक कि एक बड़े लोकतांत्रिक देश और पड़ोसी होने के नाते भारत यह रुख अपनाये। इसके विपरीत हाल के घटनाक्रम आगे की राह आसान नहीं होने के ही संकेत देते हैं। भारत के राजनयिक पड़ोस में हो रहे चुनाव के दौरान जमात-ए-इस्लामी के प्रदर्शन पर नजर रखे हुए थे। भारत का मानना रहा है कि बांग्लादेश में जमात-ए-इस्लामी पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई के प्रभाव में रहती है। जमात इस चुनाव में अपने को सत्ता हासिल करने के करीब मानकर चल रहा था। उसने 11 दलों के साथ गठबंधन बनाया था। स्वाभाविक है कि ये छोटे दल हैं और पूरी तरह से जमात की ही पकड़ में रहे हैं। जमात ने चुनाव प्रचार के दौरान अपने भारत विरोधी रुख को छिपाया भी नहीं। अब हार के बाद उसकी हताशा चुनाव प्रक्रिया पर सवाल के रूप में सामने आई है। यहीं नहीं, साल 2024 में शेख हसीना को सत्ता से हटाने के लिए आंदोलन करने वाली नेशनल सिटीजन्स पार्टी ने भी चुनाव नतीजों में हेरफेर के आरोप लगाये हैं। सच है कि बांग्लादेश में अति कट्टरपंथियों की हार खुद अपने लोगों और भारत के अनुकूल है। जिस तरह के हालात से बांग्लादेश गुजरा है, नई सरकार को स्थिति सामान्य करने में समय लगेगा। शेख हसीना के देश से बाहर आ जाने के बाद अंतरिम सरकार के प्रमुख मुहम्मद यूनुस के नेतृत्व में बना माहौल भारत के खिलाफ ही रहा। हालात यह हो चले थे कि हिन्दू नागरिकों की लींचिंग के दौरान हत्या तक हुई। यह वही क्षेत्र है, पूर्वी पाकिस्तान के रूप में जहां लोकतांत्रिक आंदोलन को भारत ने न सिर्फ समर्थन दिया बल्कि बांग्लादेश के उदय में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई। बांग्लादेश के नायक शेख मुजीब की हत्या के बाद से भारत को अपने इस पड़ोसी के साथ रिश्तों को लेकर सजग रहना पड़ा है। सुरक्षा सहयोग, विदेश नीति और आर्थिक साझेदारी के बूते भारत ने इसे सम्भाले रखा। यह भी देखना होगा कि जिस पाकिस्तान से निकल कर बांग्लादेश अस्तित्व में आया, शेख हसीना के दौर में वहां पाकिस्तान की दाल नहीं गली। पाकिस्तान अब बांग्लादेश में भारत विरोधी रुख बने रहने की उम्मीद ही नहीं, कोशिश भी करेगा। शेख हसीना के हटने के बाद यूनुस के नेतृत्व वाली अंतरिम सरकार में उसे अपने मकसद में कामयाबी मिलती दिखी। यूनुस पाकिस्तान के साथ रिश्तों को मजबूत करने की दिशा में तेजी से चल रहे थे। देखना होगा कि अब जबकि बीएनपी सत्ता में होगी, चीन के साथ ही पाकिस्तान के साथ वह अपने रिश्ते कैसा रखती है।

## सूडोकु नवताल- 7705

✱✱✱✱✩ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 9 | | | | 4 | | | |
| 8 | 4 | | | 6 | | 9 | | 5 |
| 5 | | 6 | 8 | 2 | | 3 | | |
| | 1 | 5 | 6 | 3 | | | 9 | 7 |
| | | | | | | | | |
| 3 | 6 | | | 9 | 7 | 1 | 4 | |
| | | 1 | | 4 | 8 | 7 | | 6 |
| 9 | | 4 | | 7 | | | 2 | 1 |
| | | | 2 | | | | 8 | |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल -7704 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 5 | 4 | 7 | 3 | 2 | 6 | 1 | 9 |
| 6 | 7 | 1 | 9 | 5 | 4 | 3 | 2 | 8 |
| 2 | 9 | 3 | 8 | 6 | 1 | 7 | 5 | 4 |
| 4 | 3 | 9 | 2 | 1 | 7 | 8 | 6 | 5 |
| 5 | 6 | 2 | 3 | 8 | 9 | 4 | 7 | 1 |
| 7 | 1 | 8 | 6 | 4 | 5 | 9 | 3 | 2 |
| 3 | 2 | 6 | 5 | 9 | 8 | 1 | 4 | 7 |
| 9 | 4 | 7 | 1 | 2 | 6 | 5 | 8 | 3 |
| 1 | 8 | 5 | 4 | 7 | 3 | 2 | 9 | 6 |

# तनाव, आतंक और अंधकार के बीच शिव का प्रकाश

ललित गर्ग



15 फरवरी 2026 को जब समूचा भारत महाशिवरात्रि का पावन पर्व मनाएगा, तब यह केवल एक धार्मिक अनुष्ठान नहीं होगा, बल्कि आत्मजागरण का विराट अवसर होगा। महाशिवरात्रि वह रात्रि है जब साधक अपने भीतर के अंधकार को पहचानकर शिवत्व के प्रकाश से उसे आलोकित करने का संकल्प लेता है। शिव केवल देवता नहीं, वे चेतना के शाश्वत आयाम हैं-महाकाल, जो समय से परे हैं, नटराज, जो सृष्टि की लय और ताल के अधिपति हैं और नीलकंठ, जो विष को पीकर भी अमृत का संदेश देते हैं। आज का युग विज्ञान, तकनीक और उपभोग का युग है। मानव ने अंतरिक्ष को नापा, कृत्रिम बुद्धिमत्ता विकसित की, लेकिन अपने भीतर की शांति खो बैठा। तनाव, अवसाद, असंतोष, युद्ध, आतंकवाद और नैतिक विघटन की घटनाएँ विश्व को विचलित कर रही हैं। ऐसे दौर में शिव की प्रासंगिकता और बढ़ जाती है। शिव भक्ति कोई चमत्कारिक जादू नहीं, बल्कि जीवन को संतुलित करने का वैज्ञानिक और आध्यात्मिक मार्ग है।

शिव का स्वरूप द्वंद्वों से परे है। वे संहारक भी हैं और सृजनकर्ता भी। यह संदेश आज के समाज के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है जो जड़, जर्जर और अनैतिक है, उसका विनाश आवश्यक है ताकि नवजीवन अंकुरित हो सके। जब हम अपने भीतर के अहंकार, क्रोध, लोभ और मोह का संहार करते हैं, तभी सच्चा निर्माण संभव होता है। यही शिव का वास्तविक चमत्कार है भीतर के विष का रूपांतरण। समुद्र-मंथन की कथा केवल पौराणिक आख्यान नहीं, बल्कि मानवीय जीवन का प्रतीक है। जब संसार अमृत की खोज में लगा, तब सबसे पहले विष निकला। आज भी जब मानव प्रगति की दौड़ में है, तो साथ में प्रदूषण, हिंसा और असंतुलन का विष भी उत्पन्न हो रहा है। उस विष को कौन पियेगा? शिव का नीलकंठ रूप हमें सिखाता है कि समाज के संकट को दूर करने के लिए त्याग और सहनशीलता आवश्यक है। जब हम अपने स्तर पर कटुता को निगल लेते हैं और उसे बाहर नहीं फैलाते, तभी समाज में शांति बनी रहती है। इसी प्रकार गंगा के अवतरण की कथा बताती है कि अनियंत्रित शक्ति विनाशकारी हो सकती है। शिव ने उसे अपनी जटाओं में धारण कर संतुलित प्रवाह दिया। आज के संदर्भ में यह संदेश अत्यंत प्रासंगिक है। तकनीक, धन, सत्ता-ये सभी शक्तियाँ हैं। यदि वे अनियंत्रित हों तो विध्वंसक बनती हैं, और यदि शिव-संयम में हों तो कल्याणकारी। अतः शिव भक्ति का अर्थ है-शक्ति का संतुलन।

आधुनिक मनुष्य की सबसे बड़ी समस्या है- तनाव। प्रतिस्पर्धा, अपेक्षाएं और असुरक्षा ने उसे अशांत बना दिया है। शिवरात्रि की रात्रि जागरण की रात्रि है, लेकिन यह बाह्य जागरण से अधिक आंतरिक जागरण है। जब साधक "ऊँ नमः शिवाय" का जप करता है, तो वह अपने भीतर के कंपन को संतुलित करता है। यह पंचाक्षरी मंत्र मन, प्राण और चेतना को एकाग्र करता है। वैज्ञानिक शोध भी बताते हैं कि नियमित ध्यान और मंत्रजाप से तनाव कम होता है, रक्तचाप संतुलित होता है और मानसिक स्थिरता बढ़ती है। यह शिव साधना का प्रत्यक्ष प्रभाव है। शिव पुराण में वर्णित है कि फाल्गुन कृष्ण चतुर्दशी की निशीथ बेला में ज्योतिर्लिंग का प्रादुर्भाव हुआ। यह ज्योति केवल पत्थर की आकृति नहीं, बल्कि अनंत प्रकाश का प्रतीक है। शिवलिंग का अर्थ है-चिह्न, जो निराकार ब्रह्म का संकेत देता है। आधुनिक मनुष्य के लिए यह बोध आवश्यक है कि ईश्वर किसी सीमित रूप में बंधा नहीं है। वह ऊर्जा है, चेतना है, जो प्रत्येक कण में विद्यमान है।

आज विश्व युद्ध और आतंकवाद की विभीषिका से जूझ रहा है। हिंसा की ज्वाला में मानवता झुलस रही है। शिव का तांडव केवल विनाश नहीं, बल्कि संतुलन का नृत्य है। जब अन्याय बढ़ता है, तब परिवर्तन अनिवार्य होता है। किंतु शिव का संदेश यह भी है कि क्रोध नहीं, करुणा से परिवर्तन संभव है। वे रुद्र हैं-दुःखों का हरण करने वाले। शिव भक्ति का चमत्कार यह है कि वह मनुष्य के भीतर करुणा, सहिष्णुता और क्षमा का विकास करती है। जब व्यक्ति बदलता है, तब समाज बदलता है और जब समाज बदलता है, तब विश्व में शांति का मार्ग प्रशस्त होता है। शिव और शक्ति का मिलन भी आधुनिक जीवन के लिए महत्वपूर्ण प्रतीक है। यह पुरुष और प्रकृति, चेतना और ऊर्जा, विचार और क्रिया का समन्वय है। आज परिवारों में विघटन, संबंधों में दूरी और जीवन में असंतुलन इसलिए है क्योंकि यह समरसता टूट रही है। शिवरात्रि हमें स्मरण कराती है कि संतुलन ही जीवन का आधार है। व्रत और उपवास का आध्यात्मिक महत्व भी आज समझने योग्य है। उपवास केवल भोजन त्याग नहीं, बल्कि इंद्रियों का संयम है। यह आत्मशुद्धि की प्रक्रिया है। जब व्यक्ति एक दिन के लिए भी भोगों से दूर रहता है, तो उसे अपनी आवश्यकताओं का पुनर्मूल्यांकन करने का अवसर मिलता है। उपभोक्तावादी संस्कृति में यह अत्यंत आवश्यक साधना है।

शिव भक्ति का सिद्ध प्रभाव उन असंख्य भक्तों के अनुभवों में दिखाई देता है, जिन्होंने कठिन परिस्थितियों में भी आस्था नहीं छोड़ी। सच्चे मन से की गई प्रार्थना व्यक्ति को आंतरिक शक्ति देती है। यह शक्ति उसे संकटों से जूझने का साहस देती है। चमत्कार बाहर नहीं, भीतर घटित होता है-जब निराशा आशा में बदलती है, भय विश्वास में और अशांति शांति में। आज आवश्यकता है कि शिव को केवल मंदिरों तक सीमित न रखा जाए। वे काठ, पत्थर या मूर्ति में नहीं, बल्कि भाव में निवास करते हैं। जब हम सत्य बोलते हैं, करुणा का व्यवहार करते हैं, प्रकृति की रक्षा करते हैं, तब हम शिव की आराधना करते हैं। पर्यावरण संरक्षण भी शिव भक्ति है, क्योंकि वे कैलाशवासी योगी हैं, प्रकृति के संरक्षक हैं। जल, वायु, अग्नि और पृथ्वी के संतुलन की रक्षा करना ही शिव के प्रति सच्ची श्रद्धा है।

महाशिवरात्रि 2026 हमें यह संकल्प लेने का अवसर देती है कि हम अपने भीतर के विष को पहचानें और उसे शिवचेतना में रूपांतरित करें। हम अपने जीवन में संयम, संतुलन और साधना को स्थान दें। हम क्रोध के स्थान पर क्षमा, अहंकार के स्थान पर विनम्रता और अशांति के स्थान पर ध्यान को अपनाएं। शिवत्व की प्राप्ति कोई दूर की वस्तु नहीं। यह हमारे भीतर ही सुप्त है। आवश्यकता केवल जागरण की है। जब मनुष्य स्वयं को जीत लेता है, तभी वह सच्चे अर्थों में विजयी होता है। यही आत्मयुद्ध है, यही शिव की साधना है। इस महाशिवरात्रि पर हम सब मिलकर यह प्रार्थना करें-

**"हे नीलकंठ! हमारे भीतर के विष को शांत करो।**
**हे महाकाल! हमें समय का सदुपयोग सिखाओ।**
**हे शंकर! हमारे जीवन में कल्याण का संचार करो।"**

जब यह प्रार्थना सच्चे मन से होगी, तब निश्चित ही उसका प्रतिफल मिलेगा। क्योंकि शिव भाव के भूखे हैं। जहाँ निष्कपट श्रद्धा है, वहाँ शिव की कृपा अवश्य बरसती है। आधुनिक युग की जटिलताओं के बीच शिव भक्ति ही वह सेतु है, जो मनुष्य को स्वयं से, समाज को शांति से और विश्व को अमन से जोड़ सकती है। यही महाशिवरात्रि का सच्चा संदेश है-अंधकार से प्रकाश की ओर, अशांति से शांति की ओर, मृत्यु से अमृतत्व की ओर।

# बांग्लादेश में बदलाव, भारत पर पड़ेगा सकारात्मक प्रभाव

संजय सक्सेना

बांग्लादेश में शेख हसीना की सरकार को जबरदस्ती अपदस्थ करने के बाद प्रदेश की बागडोर संभालने वाले युनुस मोहम्मद ने देश को अराजकता के दौर में पहुंचा दिया था, लेकिन लगता है कि अब बांग्लादेश का राजनीतिक परिदृश्य तेजी से बदल रहा है। आम चुनाव के नतीजों के बाद यह तय है कि बांग्लादेश में अब राष्ट्रवादी दल की अगुवाई वाली नई सरकार बनने जा रही है। इस दल को विधानसभा में स्पष्ट बहुमत हासिल हो गया है। तारिक रहमान के प्रधानमंत्री बनने की संभावना प्रबल है।तारिक को उदारवादी और सभी को साथ लेकर चलने वाला नेता माना जाता है। यही वजह है कि बांग्लादेश के हिंदुओं ने भी तारिक की पार्टी के पक्ष में बढ़-चढ़कर मतदान किया था। वहीं, मौजूदा कार्यवाहक प्रधानमंत्री की भूमिका निभा रहे युनुस मोहम्मद की राजनीतिक यात्रा पर संकट के बादल मंडरा रहे हैं। यह बदलाव न केवल बांग्लादेश की आंतरिक राजनीति को प्रभावित करेगा, बल्कि पड़ोसी देश भारत के साथ उसके संबंधों और वहां रहने वाले अल्पसंख्यक हिंदुओं की स्थिति पर भी गहरा असर डालेगा। विशेषज्ञों का मानना है कि नई सरकार अल्पसंख्यक हिंदुओं के लिए सुरक्षित माहौल बना सकती है और भारत के साथ संबंधों को मजबूत करने में सकारात्मक भूमिका निभा सकती है।

बांग्लादेश के 13वें राष्ट्रीय संसदीय चुनाव में बांग्लादेश राष्ट्रवादी दल को भारी सफलता मिली है। अनौपचारिक गिनती के अनुसार, दल ने 300 सदस्यीय संसद में 175 से अधिक सीटों पर बढ़त बना ली है, जो स्पष्ट बहुमत का संकेत देता है। वहीं, इस्लामी जमात-ए-इस्लामी गठबंधन को करीब 60 से 70 सीटें मिली हैं। राष्ट्रीय नागरिक दल ने अपनी पहली कोशिश में छह सीटें जीतीं, जबकि निर्दलीय उम्मीदवारों को चार से अधिक सीटें हासिल हुईं। एक सीट पर उम्मीदवार की मौत के कारण मतदान नहीं हुआ।यह चुनाव शेख हसीना की सरकार गिरने के बाद पहला है। तारिक रहमान के नेतृत्व वाले दल की जीत से राजनीतिक परिवर्तन की उम्मीद है। मतदान के दौरान नौ लोगों की मौत हुई। उम्मीद की जा रही है कि नई सरकार देश में स्थिरता लाएगी।बांग्लादेश राष्ट्रवादी दल लंबे समय से देश की राजनीति में सक्रिय रहा है। इस दल ने हमेशा लोकतांत्रिक मूल्यों और बहुलवादी समाज की वकालत की है। हाल के चुनावों में मिले बहुमत ने इस दल को सत्ता की कुंजी सौंप दी है। तारिक रहमान, जो दल के प्रमुख नेता हैं, लंदन से सक्रिय राजनीति में लौटने की तैयारी कर रहे हैं। उनकी अगुवाई में नई सरकार बनने से बांग्लादेश में स्थिरता की उम्मीद जगी है। पिछली सरकारों के दौरान अल्पसंख्यक समुदायों पर हुए अत्याचारों की घटनाओं ने समाज को आहत किया था। अब नई सरकार से उम्मीद की जा रही है कि वह हिंदू समुदाय की सुरक्षा सुनिश्चित करेगी।

अल्पसंख्यक हिंदू बांग्लादेश की कुल आबादी का लगभग आठ प्रतिशत हैं। वे मुख्य रूप से ग्रामीण इलाकों में रहते हैं और कृषि तथा छोटे व्यवसायों पर निर्भर हैं। हाल के वर्षों में मंदिरों पर हमले, जमीन हड़पने और हिंसा की घटनाओं ने इस समुदाय को भयभीत कर दिया था। बांग्लादेश राष्ट्रवादी दल ने चुनाव प्रचार के दौरान स्पष्ट संदेश दिया था कि अल्पसंख्यकों के अधिकारों की रक्षा उनकी प्राथमिकता होगी। तारिक रहमान ने कई बार कहा है कि उनका दल सभी धर्मों के लोगों को समान अवसर देगा। नई सरकार बनने के बाद कानून व्यवस्था मजबूत करने के वादे से हिंदू समुदाय में उत्साह है।नई सरकार अल्पसंख्यकों के लिए कई कदम उठा सकती है। सबसे पहले, मंदिरों और पूजा स्थलों की सुरक्षा के लिए विशेष दस्ते गठित किए जा सकते हैं। दूसरा, जमीन संबंधी विवादों को तत्काल निपटाने के लिए अदालतों में विशेष बेंच बनाई जा सकती हैं। तीसरा, हिंदू समुदाय के युवाओं के लिए शिक्षा और रोजगार के अवसर बढ़ाए जा सकते हैं। इन कदमों से न केवल हिंदुओं का भरोसा बढ़ेगा बल्कि समाज में सद्भाव का वातावरण बनेगा। विशेषज्ञ बताते हैं कि स्थिर सरकार के आने से हिंसा की घटनाएं कम होंगी और अल्पसंख्यक समुदाय आर्थिक रूप से मजबूत होगा। उदाहरण के तौर पर, दल की पिछली सरकारों में अल्पसंख्यक कल्याण बोर्ड सक्रिय रहा था, जिसने कई योजनाएं चलाई थीं। अब ऐसी योजनाओं को नई जान मिलेगी।

भारत के साथ बांग्लादेश के संबंध हमेशा महत्वपूर्ण रहे हैं। दोनों देश सांस्कृतिक रूप से जुड़े हैं और सीमा पर व्यापार फलता-फूलता है। पिछली सरकारों के दौरान कुछ मुद्दों पर तनाव जरूर आया था, लेकिन बांग्लादेश राष्ट्रवादी दल भारत के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण रखता है। तारिक रहमान ने कई मौकों पर कहा है कि भारत उनका मित्र देश है और दोनों देशों को मिलकर आतंकवाद तथा जल बंटवारे जैसे मुद्दों का समाधान करना चाहिए। नई सरकार बनने से ये संबंध और मजबूत होंगे। व्यापार बढ़ेगा, सीमा पर घुसपैठ रुकेगी और सांस्कृतिक आदान-प्रदान को बढ़ावा मिलेगा।भारत बांग्लादेश को निर्यात करता है कपड़ा, दवाइयां और मशीनरी। बदले में बांग्लादेश जूट तथा सब्जियां भेजता है। नई सरकार के आने से यह व्यापार दोगुना हो सकता है। इसके अलावा, गंगा जल बंटवारे पर नए समझौते की संभावना है। दोनों देश मिलकर बाढ़ नियंत्रण परियोजनाएं चला सकते हैं। अल्पसंख्यक हिंदुओं की सुरक्षा भारत के लिए भी चिंता का विषय रही है। नई सरकार के सकारात्मक कदमों से भारत को आश्वासन मिलेगा और द्विपक्षीय संबंधों में नई गर्मी आएगी। राजनयिक सूत्रों के अनुसार, नई सरकार दिल्ली का दौरा करेगी और उच्च स्तरीय वार्ता होगी। इससे दोनों देशों के नागरिकों को लाभ होगा।

तारिक रहमान का नेतृत्व भारत के हितों के अनुकूल माना जा रहा है। वे आर्थिक सुधारों पर जोर देंगे, जो भारत के निवेश को आकर्षित करेगा। बांग्लादेश में भारतीय कंपनियां पहले से सक्रिय हैं। नई सरकार के आने से इनका विस्तार होगा। ऊर्जा क्षेत्र में सहयोग बढ़ेगा। भारत बांग्लादेश को बिजली आपूर्ति करता है, इसे और बढ़ाया जा सकता है। आतंकवाद के खिलाफ दोनों देश साझा रणनीति बना सकते हैं। रोहिंग्या संकट पर भी सहमति बनेगी। कुल मिलाकर, नई सरकार से भारत को लाभ होगा।अल्पसंख्यक हिंदुओं के लिए सकारात्मक प्रभाव लंबे समय तक रहेगा। नई सरकार शिक्षा नीति में बदलाव ला सकती है, जिसमें हिंदू त्योहारों को मान्यता मिलेगी। स्वास्थ्य सेवाओं में समान पहुंच सुनिश्चित होगी। महिलाओं की सुरक्षा पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। हिंदू समुदाय के नेता उत्साहित हैं। वे कहते हैं कि अब वे बिना डर के जी सकेंगे। ग्रामीण इलाकों में विकास योजनाएं चलेंगी, जिससे उनकी आर्थिक स्थिति सुधरेगी। राजनीतिक विश्लेषक मानते हैं कि यह बदलाव बांग्लादेश के लिए वरदान साबित होगा।युनुस मोहम्मद की कार्यवाहक सरकार ने संक्रमण काल संभाला था, लेकिन स्थायी सरकार की जरूरत थी। अब तारिक रहमान के नेतृत्व में देश नई दिशा पकड़ेगा। अल्पसंख्यकों की सुरक्षा और भारत से मजबूत रिश्ते इस सरकार की पहचान बनेंगे। समाज के सभी वर्गों को लाभ मिलेगा। बांग्लादेश में शांति स्थापित होगी और विकास की रफ्तार तेज होगी। भारत भी इस बदलाव का स्वागत करेगा। दोनों देश मिलकर समृद्धि के नए द्वार खोलेंगे। यह राजनीतिक मोड़ न केवल बांग्लादेश बल्कि दक्षिण एशिया के लिए सुखद संदेश है। अल्पसंख्यक हिंदुओं को न्याय मिलेगा और भारत के साथ मैत्रीपूर्ण संबंध मजबूत होंगे। उम्मीद है कि नई सरकार अपने वादों पर खरी उतरेगी।

# मोबाइल फोबिया: मानसिक बीमारियों का बढ़ता खतरा

डॉ. रमेश ठाकुर

मोबाइल फोन ने इंसानों को वास्तविक जीवन से काट कर आभासी दुनिया की तरफ धकेल दिया है। नई रिसर्च ने चेतावनी दी है कि अगर शरीर को सुरक्षित रखना है तो मोबाइल की लत से तौबा करना होगा। मोबाइल के नकारात्मक पहलुओं में विस्तार हुआ है। आसान भाषा में कहें तो जितना स्क्रीन टाइम, उतना बड़ा नुकसान। क्या बच्चे, क्या बुजुर्ग और क्या औरत व मर्द, सभी मोबाइल के चुंगल में जकड़ चुके हैं। जिसका नतीजा है कि अब ऐसे दुष्परिणाम सामने आ रहे हैं जिसकी किसी ने कल्पना नहीं की होगी। लंबे समय तक स्क्रीन से चिपके रहने से आंखों की रोशनी का कम होना, शारीरिक गतिविधियों का बिगड़ना जैसी बातें तो सुनी थी लेकिन चिकित्सा तंत्र की नई रिसर्च रिपोर्ट के खुलासे ने रोंगटे खड़े कर दिए हैं। रिसर्च बताती है कि मोबाइल या स्क्रीन के अत्यधिक प्रयोग ने कई नई किस्म की बीमारियों का खतरा बढ़ा दिया है जिससे दृष्टि हानि, मांसपेशियों और हड्डियों से संबंधित विकार, नए किस्म के कैंसर और मोटापा जैसी दीर्घकालिक समस्याओं का पता चला है।खतरनाक बात यह है कि जिन 10 देशों में यह समस्या ज्यादा गंभीर है, उनमें भारत भी है।

रिपोर्ट ने स्मार्टफोन को सिरहाने रखकर सोने को सबसे अधिक खतरनाक बताया है। जिन्हें अक्सर ऐसा महसूस होता है कि जेब में रखा फोन वाइब्रेट कर रहा है या बज रहा है। पर, चेक करने पर न कोई कॉल और न कोई मैसेज होता है। अगर ऐसा किसी भी मोबाइल धारक को एहसास होता है तो सतर्क होने की जरूरत है क्योंकि यह एक नई मानसिक बीमारी की दस्तक है। इसे "फोन फोबिया" या "फैंटम वाइब्रेशन सिंड्रोम" कहते हैं। भारत में इस बीमारी की गिरफ्त में आए लोगों की एक बड़ी संख्या है, जिनमें 14 से 17 वर्ष के बीच के नाबालिग ज्यादा हैं। स्कूल-कॉलेज के बच्चे और युवा पीढ़ी इस समस्या में सर्वाधिक फंसा है। रिपोर्ट की मानें तो ये खतरनाक मानसिक संकट भविष्य के लिए चुनौती से कम नहीं।

सेलफोन विकिरण से अब लोगों की ग्रैनुलोसा कोशिकाएं सूखने लगी हैं। गर्भवती महिलाओं में भ्रूण के आसपास पानी की मात्रा में कमी और एएलटी-एएसटी का स्तर बढ़ना भी रिपोर्ट में बताया गया है। डब्ल्यूएचओ की मानें तो पिछले 4 वर्षों में विभिन्न प्रकार के कैंसर इंसानों में पाए जाने लगे हैं, क्या उनका संबंध मोबाइल से है? इसकी पड़ताल के लिए दुनिया भर में बड़े स्तर पर अध्ययन किए जा रहे हैं। मोबाइल फोन से निकलने वाली रेडियो फ्रिक्वेंसी तरंगें ब्रेन ट्यूमर और कैंसर का कारण भी बनने लगी हैं।

सालाना मोबाइल फोबिया के 6 लाख से ज्यादा शिकार देशभर के अस्पतालों में भर्ती होते हैं। विश्व का आंकड़ा करोड़ों में है। बढ़ती समस्या के बाद नौबत ऐसी आ चुकी है कि विभिन्न प्रदेशों के मुखिया अपने प्रदेशवासियों से कम मोबाइल इस्तेमाल और सर्तकता बरतने का आह्वान करने लगे हैं। बीते दिनों उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को युवाओं के नाम एक सार्वजनिक खत लिखना पड़ा। जागरूकता फैलाने के लिए बकायदा अखबारों में इश्तहार भी सरकार को देने पड़े। जन स्वास्थ्य की परवाह के लिए केंद्र से लेकर प्रत्येक राज्य सरकारों को ऐसा कदम उठाना चाहिए। योगी आदित्यनाथ ने बताया कि तकनीक का प्रयोग युवा पीढ़ी शिक्षा और व्यक्ति विकास के लिए करें, न कि आदत और लत के लिए। गाजियाबाद जिला अस्पताल की ओर से एक सर्वे बीते माह जनवरी में करवाया गया था जिसमें 70-75 फीसदी युवाओं ने माना कि वो प्रत्येक 4 या 5 मिनट में अपना मोबाइल देखते हैं, जिसमें 40 फीसदी ने यह भी स्वीकारा कि ज्यादा देर तक मोबाइल नहीं देखने पर उन्हें बेचैनी, अनिद्रा और चिड़चिड़ापन का एहसास होने लगता है।

मनोवैज्ञानिकों और काउंसलरों की सलाह है अगर मोबाइल फोबिया से खुद को बचाना है तो मोबाइल के प्रयोग का वक्त तय करें, सोने से पहले फोन का इस्तेमाल कतई न करें और गैरजरूरी नोटिफिकेशन को नजरअंदाज करते रहें। इसके अलावा ट्रैकर का उपयोग करना चाहिए। अलार्म के लिए फोन की जगह घड़ी का उपयोग किया जाए। एक्टिविटी जरूर बढ़ाएं, खाली समय में किताबें पढ़ें, व्यायाम करें या मित्रों-परिजनों से बात करें। लत अगर बहुत अधिक है तो बिना देर किए किसी एक्सपर्ट से सलाह लेने में बिल्कुल भी न हिचकिचाएं। विशेषज्ञों की मानें तो वयस्कों के लिए 2-3 घंटे और बच्चों-किशोरों के लिए 2 घंटे तक ही एक दिन में मोबाइल चलाना चाहिए।

निश्चित रूप से तकनीक इंसानों पर पूरी तरह से हावी हो चुकी है। सभी जानते हैं तकनीकों का इस्तेमाल जितना फायदे के लिए होता हैं, उससे कहीं अधिक उसका दुरूपयोग होता है। लेकिन "फैंटम वाइब्रेशन सिंड्रोम" महज बीमारी नहीं बल्कि एक चेतावनी भी है। यह वर्चुअल दुनिया से बाहर निकल कर हकीकत में जीने की जरूरत को दर्शाता है। पर, तकनीकी दुनिया में अब ऐसा संभव नहीं। मोबाइल पर अगर जरा भी प्रतिबंध की बात उठेगी तो उसके विरोध में लोग खड़े हो जाएंगे। समस्या ऐसी है जिससे खुद को निपटना होगा। तय हमें करना है कि हम मोबाइल को चलाएंगे या मोबाइल हमें चलाएगा।

**(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)**

## दैनिक पंचांग

**14 फरवरी 2026 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**




| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | कुंभ में | कुंभ | 06.33 बजे से |
| चंद्र | धनु में | मीन | 08.06 बजे से |
| मंगल | मकर में | मेष | 09.37 बजे से |
| बुध | कुंभ में | वृष | 11.17 बजे से |
| गुरु | मिथुन में | मिथुन | 13.15 बजे से |
| शुक्र | कुंभ में | कर्क | 15.28 बजे से |
| शनि | मीन में | सिंह | 17.44 बजे से |
| राहु | कुंभ में | कन्या | 19.56 बजे से |
| केतु | सिंह में | तुला | 22.07 बजे से |
| | | वृश्चिक | 00.22 ब.से |
| राहुकाल 9.00 से 10.30 बजे तक | | धनु | 02.38 बजे से |
| | | मकर | 04.43 बजे से |

**शनिवार** 2026 वर्ष का 45 वा दिन **दिशाशूल** पूर्व **ऋतु** शिशिर। **विक्रम संवत्** 2082 **शक संवत्** 1947 **मास** फाल्गुन (दक्षिण भारत में माघ) **पक्ष** कृष्ण **तिथि** द्वादशी 16.02 बजे को समाप्त। **नक्षत्र** पूर्वाषाढ़ा 18.16 बजे को समाप्त। **योग** सिद्धि (असृक) 03.18 बजे रात्र को समाप्त। **करण** तैतिल 16.02 बजे तदनन्तर गर 04.38 बजे प्रातः को समाप्त। **चन्द्रायु** 24.2 घण्टे **रवि क्रान्ति** दक्षिण 13° 05' **सूर्य** उत्तरायन **कलि अहर्गण** 1872620 **जूलियन दिन** 2461085.5 **कलियुग संवत्** 5126 **कल्पारंभ संवत्** 1972949123 **सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123 **वीरनिर्वाण संवत्** 2552 **हिजरी सन्** 1447 **महीना** सावान **तारीख** 25 **विशेष** प्रदोष व्रत।

| दिन का चौघड़िया | | | | रात का चौघड़िया | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| काल | 05.55 | से | 07.23 बजे तक | लाभ | 05.37 से | | 07.10 बजे तक |
| शुभ | 07.23 | से | 08.51 बजे तक | उद्वेग | 07.10 से | | 08.42 बजे तक |
| रोग | 08.51 | से | 10.19 बजे तक | शुभ | 08.42 से | | 10.14 बजे तक |
| उद्वेग | 10.19 | से | 11.46 बजे तक | अमृत | 10.14 से | | 11.47 बजे तक |
| चर | 11.46 | से | 01.14 बजे तक | चर | 11.47 से | | 01.19 बजे तक |
| लाभ | 01.14 | से | 02.42 बजे तक | रोग | 01.19 से | | 02.51 बजे तक |
| अमृत | 02.42 | से | 04.10 बजे तक | काल | 02.51 से | | 04.23 बजे तक |
| काल | 04.10 | से | 05.37 बजे तक | लाभ | 04.23 से | | 05.56 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अतः आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। Jagrutidaur.com, Bangalore

# सदर अस्पताल साहिबगंज में चिकित्सा व्यवस्था सुदृढ़ीकरण को लेकर डीसी ने की समीक्षा बैठक

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**साहिबगंज :** डीसी हेमंत सती की अध्यक्षता में सदर अस्पताल, साहेबगंज के सभागार में चिकित्सा व्यवस्था के सुदृढ़ीकरण को लेकर सभी चिकित्सकों एवं पदाधिकारियों के साथ विस्तृत समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक का उद्देश्य अस्पताल में समन्वित, पारदर्शी एवं उत्तरदायी स्वास्थ्य सेवा सुनिश्चित करना था।समीक्षा के क्रम में चिकित्सकों एवं पदाधिकारियों के बीच बेहतर समन्वय पर विशेष बल दिया गया। डीसी ने ओ.पी.डी./आई.पी.डी. रोस्टर के कड़ाई से अनुपालन, आपातकालीन एवं प्रसव कक्ष में ड्यूटी के दौरान अनिवार्य हैंड ओवर/टेक ओवर, इमरजेंसी चिकित्सकों द्वारा नियमित सुबह-शाम राउंड तथा रोस्टर के समय निजी प्रैक्टिस पूर्णतः निषिद्ध रखने के निर्देश दिए। प्रसव एवं आपातकालीन मरीजों के बीएचआई पर विस्तृत रेफरल विवरण अंकित करने, सभी सर्जिकल मरीजों का संबंधित सर्जन द्वारा नियमित फॉलोअप तथा सभी चिकित्सकों द्वारा बायोमैट्रिक (इन/आउट) उपस्थिति सुनिश्चित करने को कहा गया। ओ.पी.डी. में दवाओं को कैपिटल लेटर में स्पष्ट रूप से लिखने एवं रजिस्टर के सभी कॉलम भरने के निर्देश भी दिए गए। मेडिको-लीगल मामलों (पोस्ट-मॉर्टम, इंजरी, रेप केस, ऐज एस्टीमेशन) के समयबद्ध निष्पादन, ऑन-ड्यूटी इमरजेंसी चिकित्सक द्वारा विशेषज्ञों को सूचना देने एवं फॉलोअप सुनिश्चित करने पर भी बल दिया गया। अवकाश आवेदन में प्रयोजन एवं प्रकार (सीएल, ईएल, सीपीएल, एसपीएल) स्पष्ट अंकित करने तथा सहमति देने वाले चिकित्सकों द्वारा अतिरिक्त दायित्व निर्वहन करने का निर्देश दिया गया। ड्रेस कोड एवं परिचय पत्र के साथ ड्यूटी पर उपस्थित रहने, मासिक प्रतिवेदन उपलब्ध कराने तथा मृत मरीजों के परिजनों हेतु मोक्ष वाहन की उपलब्धता सुनिश्चित करने को कहा गया। डीसी ने सिविल सर्जन डॉ रामदेव पासवान की अध्यक्षता में एक टास्क फोर्स का गठन करने का निर्देश दिया, जो इन निदेर्शों के पूर्ण अनुपालन की सतत निगरानी करेगी। बैठक में सिविल सर्जन डॉ रामदेव पासवान, अस्पताल प्रबंधक दिवेश कुमार एवं सदर अस्पताल के सभी चिकित्सक उपस्थित थे।

## नगरपालिका चुनाव 2026 : मतदान दल के पदाधिकारियों को मिला विस्तृत प्रशिक्षण

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**पाकुड़ :** ज़िले के बाजार समिति में नगरपालिका आम निर्वाचन 2026 के सफल, निष्पक्ष एवं सुव्यवस्थित संचालन को लेकर प्रतिनियुक्त मतदान दल के पदाधिकारियों को विस्तृत प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में मतदान प्रक्रिया के प्रत्येक चरण की व्यवहारिक एवं तकनीकी जानकारी प्रदान की गई, ताकि मतदान दिवस पर किसी प्रकार की त्रुटि या भ्रम की स्थिति उत्पन्न न हो तथा निर्वाचन कार्य शांतिपूर्ण एवं पारदर्शी ढंग से संपन्न हो सके। जिला निर्वाचन पदाधिकारी (नगरपालिका) सह उपायुक्त मनीष कुमार ने प्रशिक्षण के दौरान कहा कि निर्वाचन कार्य लोकतंत्र की आधारशिला है और इसमें प्रतिनियुक्त प्रत्येक पदाधिकारी की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने सभी मतदान कर्मियों को पूर्ण निष्ठा, सतर्कता एवं जिम्मेदारी के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने कहा कि किसी भी मतदान केंद्र (बूथ) से किसी प्रकार की शिकायत प्राप्त नहीं होनी चाहिए। निष्पक्ष, भयमुक्त एवं पारदर्शी मतदान कराना आप सभी की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक मतदान केंद्र पर मतदाताओं के लिए पेयजल, शौचालय, प्रकाश, सुरक्षा एवं अन्य आवश्यक सुविधाएं सुनिश्चित की जाएं, ताकि मतदाता बिना किसी असुविधा के अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकें। साथ ही मतदाताओं की पहचान, आवश्यक प्रपत्रों के सही संधारण तथा मतदान समाप्ति के बाद की सभी प्रक्रियाओं का गंभीरता से पालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। प्रशिक्षण के दौरान मास्टर ट्रेनरों द्वारा मतदान की चरणबद्ध प्रक्रिया, आदर्श आचार संहिता के अनुपालन, सीलिंग प्रक्रिया, सामग्री प्रबंधन, आपात परिस्थितियों में की जाने वाली कार्रवाई तथा मतदान दिवस पर अपनाई जाने वाली सावधानियों की विस्तृत जानकारी दी गई।

## 14 दिवसीय जुट प्रॉडक्ट उद्यमी प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**साहिबगंज :** भारतीय स्टेट बैंक ग्रामीण स्व रोजगार प्रशिक्षण संस्थान साहिबगंज के माध्यम से 14 दिवसीय जुट प्रॉडक्ट उद्यमी प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक सुधीर कुमार ,आसेटी निदेशक प्रदीप कुमार झा दीपक आजीविका सखी मंडल के डी पी एम मार्टिन तारिक, डीएम जॉब्स एंड स्किल राजेन्द्र कुमार, बी पी एम बोरियो चांद अकरम ने सभी दीप प्रज्वलित कर प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया। प्रशिक्षुओ को संबोधित करते हुए जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक देकर ने सभी को प्रशिक्षण प्राप्त कर अपने भविष्य को सवारे। मौके पर आसेटी प्रशिक्षक राजहंस कुमार और उपेन्द्र गोप उपस्थित थे। इस कार्यक्रम में आजीविका सखी मंडल से आई हुई कुल 35 दीदियों ने भाग लिए। साथ ही आज आसेटी साहेबगंज में रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया के सौजन्य से वित्तीय जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। साथ ही जागरूकता रथ को भी हरी झंडी दिखाया गया।मौके पर सभी बैंकों के प्रतिनिधि और बीसी उपस्थित रहे। प्रशिक्षुओं को संबोधित करते हुए कहा कि महिलाएं प्रशिक्षण प्राप्त कर आत्मनिर्भर बन कर समाज, देश के आर्थिक विकाश में सहयोग कर सकती है और अपने परिवार को आर्थिक कमजोरी को मजबूत कर सकती है, निदेशक ने प्रशिक्षुओं को संबोधित करते हुए कहा कि जेएसपीएलएस और आसेटी आज समाज में बहुत अच्छा काम कर रही है और अभी प्रशिक्षुओ को उनके उज्जवल भविष्य का रास्ता दिखा रहे है। मौके पर सभी प्रखंडों से आए कुल सैकड़ों प्रशिक्षुओं ने भाग लिया। कार्यक्रम को सफल बनाने सहित दर्जनों महिलाएं और पुरुषब उपस्थित थे।

## एक्सीडेंट प्रिवेंशन पर जॉइंट वर्कशॉप का हुआ आयोजन



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**पाकुड़ :** जिले के अमड़ापाड़ा प्रखण्ड में डायरेक्टरेट जनरल ऑफ माइंस सेफ्टी (डीजीएमएस), सेंट्रल जोन, धनबाद के तहत, शुक्रवार को एसएचएआर प्रोजेक्ट कैंपस, पछवारा (एन) कोल माइन, डब्ल्यूबीपीडीसीएल में एक्सीडेंट प्रिवेंशन पर एक जॉइंट वर्कशॉप सफलतापूर्वक आयोजित की गई। यह वर्कशॉप डब्ल्यूबीपीडीसीएल, पीएसपीसीएल और एनयूपीपीएल ने आयोजित की थी और इसमें सुरेश कुमार पेदादा, डीएमएस , सेंट्रल जोन, डीजीएमएस के साथ-साथ डब्ल्यूबीपीडीसीएल पीएसपीसीएल, बीजीआर माइनिंग इंफ्रा लिमिटेड के सीनियर मैनेजमेंट अधिकारी और एक्ससीएमजी, वीओएलवीओ, सीएटी, डब्ल्यूआईआरटीजीईएन और एसएएनवाई के प्रतिनिधि शामिल हुए। इस सेशन में लगभग 95 कर्मचारियों और अधिकारियों ने सक्रिय रूप से भाग लिया। खास बातेंः एचईएमएम एक्सीडेंट के आम कारण और बड़े खतरे की पहचान। रिस्क कंट्रोल और मैनेजमेंट स्ट्रेटेजी। पिछले एक्सीडेंट की केस स्टडी और बाल-बाल बचने की रिपोर्टिंग। इमरजेंसी की तैयारी और मेडिकल सपोर्ट। ट्रेनिंग, काबिलियत बढ़ाना और पर्यावरण की सुरक्षा। वीडियो के जरिए एचईएमएम ऑपरेशन और मेंटेनेंस के दौरान खतरनाक घटनाओं का डेमोंस्ट्रेशन और वर्कप्लेस सेफ्टी स्टैंडर्ड को और बेहतर बनाने के लिए वर्कर का फीडबैक भी रिकॉर्ड किया गया।

## किड्स वर्ल्ड स्कूल में विज्ञान-कला प्रदर्शनी, नन्हे वैज्ञानिकों ने बिखेरा हुनर

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रामगढ़ :** शहर के बाजार टांड़ स्थित किड्स वर्ल्ड स्कूल में शुक्रवार को भव्य विज्ञान एवं कला प्रदर्शनी मेले का आयोजन उत्साह और उमंग के साथ किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के सभी वर्गों के विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। प्रदर्शनी ने न केवल अभिभावकों और अतिथियों को प्रभावित किया, बल्कि बच्चों की रचनात्मकता और वैज्ञानिक सोच की झलक भी प्रस्तुत की। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों में शामिल अनमोल सिंह (सांसद प्रतिनिधि, रामगढ़), धनंजय कुमार पुटूस (भाजपा नेता, रामगढ़), रवि केशरी (पूर्व प्रधानाध्यापक, चितरपुर हाई स्कूल), घनश्याम महतो (पूर्व उपाध्यक्ष, कैट बोर्ड) तथा विद्यालय के निदेशक आनंद कुशवाहा द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। इसके बाद शिक्षकों ने पुष्पगुच्छ भेंट कर अतिथियों का स्वागत किया। प्रदर्शनी में विद्यार्थियों ने विज्ञान विषय पर आधारित स्वचालित एवं स्थायी मॉडलों का प्रदर्शन किया। सौरमंडल की संरचना और उपयोगिता, दैनिक जीवन में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की भूमिका, सोशल मीडिया के दुष्प्रभाव, ह्यवृक्ष बचाओझ्रपृथ्वी बचाओह्न, जल संरक्षण तथा कंप्यूटर की उपयोगिता जैसे विषयों पर आकर्षक और ज्ञानवर्धक मॉडल प्रस्तुत किए गए। बच्चों की प्रस्तुति में आत्मविश्वास और विषय की गहरी समझ साफ झलक रही थी। अनमोल सिंह ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन बच्चों में विज्ञान के प्रति रुचि विकसित करते हैं और उन्हें वैज्ञानिक व सामाजिक रूप से जागरूक बनाते हैं। धनंजय कुमार पुटूस ने विद्यार्थियों की सराहना करते हुए कहा कि इन नन्हे प्रतिभाओं में भविष्य के न्यूटन और आइंस्टीन बनने की क्षमता है। रवि केशरी ने विद्यालय परिवार को बधाई देते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम समाज को सकारात्मक संदेश देते हैं।

## पांच दिवसीय महारुद्र यज्ञ का झामुमो केंद्रीय सचिव पंकज मिश्रा ने फीता काटकर किया उद्घाटन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**साहिबगंज :** महाशिवरात्रि मोती झरना मेला के पावन अवसर पर साहिबगंज जिले के महाराजपुर स्थित गंगा तट किनारे श्री श्री 108 महारुद्र यज्ञ का शुभारंभ हुआ। इस मौके पर तकरीबन 11000 कन्या एवं महिलाओं के द्वारा भव्य कलश शोभायात्रा निकाली गई। इसका उदघाटन झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय प्रवक्ता पंकज मिश्रा कथा वाचिका माता राजनंदनी ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। वही झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय प्रवक्ता पंकज मिश्रा को यज्ञ कमेटी की ओर से शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया।इस मौके पर झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय प्रवक्ता पंकज मिश्रा ने कहा कि यहां आकर उन्हें सचमुच बहुत अच्छा लगा, यहां मन को छूने वाला भक्ति पूर्ण माहौल दिखा,उन्होंने यज्ञ के आयोजकों को धन्यवाद दिया,वही अयोध्या से यहां पहुंचे कथा वाचिका राजनंदनी ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम विश्व शांति के लिए काफी जरूरी है,वे यहां पिछले काफी समय से आ रही है। बाद में गंगा से जल भरकर बालिका एवं महिलाओं ने महाराजपुर का परिभ्रमण किया। कलश शोभा यात्रा यज्ञ परिसर से शुरू हुआ, जो महाराजपुर बाजार होते हुए मोती झरना के प्रवेश द्वार तक पहुंच कर वापस यज्ञ स्थल पर लौटकर समाप्त हुआ। यहां भव्य कलश यात्रा में शामिल महिलाओं एवं बच्चियों ने भंडारा में प्रसाद ग्रहण किया। श्री श्री 108 महारुद्र यज्ञ कार्यक्रम आज से शुरू होकर 5 दिनों तक चलेगा। श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ 11 फरवरी को किया गया था जो सात दिनों तक चलेगा। यज्ञ कमेटी के अध्यक्ष संजीव महतो, उपाध्यक्ष बिरजू महतो,पंकज यादव,बजरंगी महतो सहित अन्य ने बताया कि यह महायज्ञ यहाँ पर 18 वर्षों से हो रहा है। कहा कि आज से 5 दिन तक लगातार भंडारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। महिलाओं के लिए जो भव्य कलश शोभायात्रा निकाली गई थी,जिसमे महाराजपुर मंगलहाट,तीनपहाड़ साहिबगंज सकरीगली तालझारी सहित अन्य जगहों से बड़ी संख्या में महिलाएं शामिल हुई,5 दिनों तक चलने वाले कार्यक्रम में झारखंड,बिहार,पश्चिम बंगाल सहित अन्य दूधराज के इलाके से बड़ी संख्या में लोग पहुंचते हैं।

## एक नजर

### बाइक अनियंत्रित होकर गिरी, दो युवक घायल

**साहिबगंज:** राजमहल थाना क्षेत्र के घाटजमनी पंचायत के सेलमपुर गांव में शुक्रवार को एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। जिसकी पहचान डेढ़गामा निवासी सिरसा शाह के रूप में हुई है। मिली जानकारी के अनुसार दो दोस्त बाइक से महाराजपुर की ओर से अपने घर डेढ़गामा लौट रहे थे। इसी दौरान सेलमपुर गांव के पास अचानक बाइक असंतुलित होकर सड़क पर गिर गई। हादसे में दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से दोनों को तुरंत इलाज के लिए नजदीकी अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों द्वारा उनका उपचार किया गया। बताया जा रहा है कि दोनों की स्थिति चिंताजनक बनी हुई है। दुर्घटना का कारण तेज रफ्तार बताया जा रहा है।

### महिला के साथ दहेज को लेकर मारपीट प्राथमिकी दर्ज

**साहिबगंज:** राधानगर थाना क्षेत्र की एक महिला के साथ दहेज को लेकर मारपीट का मामला सामने आया है। मामले को लेकर मदिया गांव की पीड़िता अजनूर खातून ने थाना में लिखित शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस को दिए गए आवेदन में उन्होंने बताया है कि उसकी शादी खासपुरा गांव के सहजुल शेख के साथ करीब 10 वर्ष पूर्व हुई है। करीब 8 साल तक दोनों का दाम्पत्य जीवन ठीक ठाक रहा। इसके बाद दो वर्षों से पति, भैसुर अशराफुल शेख, मोहिम शेख, जरीना बेवा सभी एकजुट होकर दहेज स्वरूप 50 हजार और एक मोटरसाइकल की मांग करने लगे। अपने पिता के गरीबी का हवाला बताते हुए उसके साथ सभी आरोपित ने मिलकर मारपीट किया। सब कुछ सहन करने के बावजूद 6 महीने पूर्व जान मरने की नियत से सभी आरोपित एक कमरे में बंद कर दिया और गला दबाने लगा। उसकी सास ने आदेश दिया कि उसे जान से मार डालो तभी दूसरे जगह शादी दिलाने पर ज्यादा दहेज मिलेगा। किसी तरह आरोपित के चुंगल से बची तो सभी ने मिलकर मेरे दो बच्चे के साथ मुझे घर से निकाल दिया। एक महीने पूर्व उनका पति दूसरा शादी कर लिया। मामले को लेकर पुलिस ने पीड़िता के बयान पर कांड संख्या 50/26 के तहत सभी आरोपित के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

### पुलिस ने दो अभियुक्त को गिरफ्तार कर भेजा न्यायिक हिरासत

**साहिबगंज:** तालझारी थाना क्षेत्र की पुलिस ने दो अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। मिली जानकारी के अनुसार तालझारी थाना कांड संख्या 23/26, दिनांक 12 फरवरी 26, धारा 126(2)/115 (2) 117(2) 118(1)/109(1)3(5) में प्राथमिकी अभियुक्त संजय सिंह पिता महाबीर सिंह व फेकन चौधरी पिता रामचंद्र चौधरी दोनों का साकिन अम्बाड़ीहा थाना तालझारी जिला साहिबगंज को पुलिस ने विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

### दुष्कर्म मामले में एक युवक को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**साहिबगंज:** तीनपहाड़ थाना क्षेत्र के एक गाँव मे दस वर्षीय नाबालिग बच्ची के साथ दुष्कर्म, पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया। जानकारी के अनुसार नाबालिग की माँ की लिखित आवेदन पर पुलिस त्वरित कार्यवाई करते हुए छोटा हरचंदपुर गाँव के सोनू मंडल(25) को गिरफ्तार कर लिया है। नाबालिग की माँ ने बताया शुक्रवार के दिन आरोपित युवक ने नाबालिग को बहला फुसला कर जंगल मे लेजाकर दुष्कर्म किया। वही इस मामले को लेकर थाना प्रभारी मृत्युंजय कुमार पांडेय ने बताया कि नाबालिग को मेडिकल जांच के लिए साहिबगंज भेज गया।

## संक्षिप्त खबरें

### नगर पालिका आम चुनाव को लेकर मतदाता सूची विखंडीकरण कार्य का डीसी ने किया निरीक्षण



**साहिबगंज:** जिला निर्वाचन पदाधिकारी–सह–डीसी हेमंत सती ने आज नगर पालिका आम चुनाव 2026 के अंतर्गत पंचायती राज परिसर में चल रहे मतदाता सूची विखंडीकरण कार्य का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान डीसी ने संबंधित अधिकारियों से विखंडीकरण की प्रगति, निर्धारित समयसीमा तथा त्रुटिरहित सूची तैयार करने की प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी ली। डीसी ने निर्देश दिया कि मतदाता सूची का विखंडीकरण पूरी पारदर्शिता एवं सावधानीपूर्वक किया जाए, ताकि किसी भी पात्र मतदाता का नाम छूटे नहीं तथा अपात्र नामों को नियमानुसार हटाया जा सके। उन्होंने कहा कि चुनाव की निष्पक्षता और पारदर्शिता के लिए शुद्ध एवं अद्यतन मतदाता सूची अत्यंत आवश्यक है। सभी संबंधित कर्मियों को समयबद्ध तरीके से कार्य पूर्ण करने तथा अभिलेखों का सुव्यवस्थित संधारण करने के निर्देश दिए गए। मौके पर जिला पंचायती राज पदाधिकारी अनिल कुमार एवं उप निर्वाचन पदाधिकारी सुनीता किस्कु उपस्थित थे। उन्होंने भी चल रहे कार्यों की जानकारी देते हुए आश्वस्त किया कि निर्धारित मानकों के अनुरूप सभी प्रक्रियाएं पूरी की जा रही हैं।

### डाक पार्सल वाहन ने ट्रक को पीछे का धक्का मारा, बाल बाल बचे चालक



**साहिबगंज:** बोरियो थाना क्षेत्र के बोरियो–तीनपहाड़ मुख्य पथ के चतरा धौगोड़ा के समीप शुक्रवार को अहले सुबह सड़क किनारे खड़ी ट्रक को तीनपहाड़ की ओर से बोरियो की ओर आ रहे डाक पार्सल वाहन ने ट्रक को पीछे से जोरदार टक्टर मार दिया। जिससे डाक पार्सल ट्रक के आगे का हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। दुर्घटना में चालक पश्चिम बंगाल निवासी अब्दुल गफ्फार मंडल (35) बताया जा रहा जिनकी आंशिक चोटें आई है। इधर पुलिस छानबीन कर रही।

### परीक्षा केंद्र का उपयुक्त ने किया औचक निरीक्षण



**पाकुड़ :** ज़िले में झारखण्ड अधिविद्य परिषद द्वारा आयोजित मैट्रिक एवं इंटरमीडिएट वार्षिक परीक्षा जिले में शांतिपूर्ण, सुव्यवस्थित एवं सफलतापूर्वक संपन्न हुई। परीक्षा के सुचारु संचालन एवं व्यवस्थाओं का जायजा लेने हेतु उपायुक्त मनीष कुमार ने मॉडल कॉलेज, पाकुड़ परीक्षा केंद्र का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने परीक्षा केंद्र पर सुरक्षा व्यवस्था, मूलभूत सुविधाओं, परीक्षार्थियों के बैठने की व्यवस्था, प्रश्नपत्र वितरण की प्रक्रिया तथा सीसीटीवी के माध्यम से की जा रही निगरानी का गहन निरीक्षण किया। उन्होंने केंद्राधीक्षक, वीक्षक एवं प्रतिनियुक्त दंडाधिकारियों को परीक्षा पूर्ण पारदर्शिता, निष्पक्षता एवं अनुशासन के साथ संपन्न कराने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने परीक्षार्थियों से संवाद कर उनका उत्साहवर्धन किया तथा उन्हें निर्भीक होकर परीक्षा देने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि परीक्षा संचालन के दौरान परिषद द्वारा जारी सभी दिशा–निदेर्शों एवं नियमों का शत–प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित किया जाए ।उन्होंने निर्देश दिया कि परीक्षा केंद्रों पर परीक्षार्थियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए पेयजल, शौचालय, प्रकाश, सुरक्षा एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएं। परीक्षा कार्य में संलग्न सभी पदाधिकारियों एवं कर्मियों को अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन पूरी सजगता, सतर्कता एवं प्रतिबद्धता के साथ करने को कहा गया।

### सीपीआर देकर बचाई जान, पत्रकार टेकलाल महतो का गोला में हुआ सम्मान



**गोला:** त्वरित सूझबूझ और मानवीय संवेदना का परिचय देते हुए सीपीआर देकर एक व्यक्ति की जान बचाने वाले पत्रकार टेकलाल महतो को गोला के पत्रकारों ने सम्मानित किया। हाल ही में हुई घटना में टेकलाल महतो ने सड़क पर अचेत होकर गिरे एक व्यक्ति को समय रहते सीपीआर दिया था, जिससे उसकी जान बच सकी। इस साहसिक और सराहनीय कार्य के लिए स्थानीय पत्रकारों और सामाजिक कार्यकताओं ने उन्हें सार्वजनिक रूप से सम्मान प्रदान किया। सम्मान समारोह के दौरान वक्ताओं ने कहा कि पत्रकार केवल समाचारों तक सीमित नहीं होते, बल्कि समाज के प्रति उनकी जिम्मेदारी भी महत्वपूर्ण होती है। टेकलाल महतो ने जिस तत्परता और साहस का परिचय दिया, वह पूरे समाज के लिए प्रेरणादायक है। सही समय पर लिया गया निर्णय और प्रशिक्षण का सही उपयोग किसी की जिंदगी बचा सकता है, इसका जीवंत उदाहरण यह घटना है। वरिष्ठ पत्रकार प्रदीप बर्मन, मनोज कुमार मिश्र, लाल किशोर महतो, मोबिन अख्तर, श्रीकांत महतो, राजकुमार, छेदीलाल रविदास, ओमप्रकाश गुप्ता, सुजित सिन्हा, सुरेश राम रविदास, अंजनी कुमार, सत्यप्रकाश, दानिश पटेल, दिलीप करमाली, समाजसेवी बिनू कुमार महतो, सहदेव सहित अन्य उपस्थित लोगों ने टेकलाल महतो के कार्य की भूरी–भूरी प्रशंसा की। वक्ताओं ने कहा कि इस तरह के कार्य समाज में सकारात्मक संदेश देते हैं और लोगों को आपातकालीन परिस्थितियों में आगे आने की प्रेरणा देते हैं। कार्यक्रम में यह भी कहा गया कि प्राथमिक उपचार और सीपीआर का ज्ञान हर नागरिक के लिए आवश्यक है। यदि अधिक से अधिक लोग इस प्रकार का प्रशिक्षण लें, तो कई अनमोल जिंदगियां बचाई जा सकती हैं। टेकलाल महतो का यह कदम न केवल एक व्यक्ति के लिए जीवनदायी साबित हुआ, बल्कि पूरे क्षेत्र के लिए गर्व का विषय बन गया।

# पीएम सूर्य घर योजना ने दो साल में हासिल किए नए मुकाम

**- पीएम मोदी ने कहा, हमारे जीवन में ऊर्जा और उत्साह का संचार करते हैं भगवान सूर्य**

नई दिल्ली (ईएमएस)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पीएम सूर्य घर- मुफ्त बिजली योजना के दो साल पूरे होने पर इसे सराहा। उन्होंने कहा कि भगवान सूर्य हमारे जीवन में ऊर्जा और उत्साह का संचार करते हैं और यह योजना भी उन्हीं से रोशन है। पीएम मोदी ने एक्स पर साझा किया कि यह देशवासियों को स्वच्छ ऊर्जा अपनाने के लिए प्रेरित कर रही है। इसके साथ उन्होंने संस्कृत श्लोक भी साझा किया, जिसका अर्थ है कि निरंतर क्रियाशील व्यक्ति ही सफलता प्राप्त करता है। प्रधानमंत्री सूर्य घर- निशुल्क बिजली योजना की शुरुआत 14 फरवरी 2024 को की गई थी। इसका लक्ष्य वित्त वर्ष 2026-27 तक एक करोड़ घरों में रूफटॉप सोलर सिस्टम लगाना है, जिसके लिए 75,021 करोड़ का परिव्यय निर्धारित किया गया है। यह पहल दुनिया की सबसे बड़ी घरेलू रूफटॉप सोलर योजना मानी जा रही है। जनवरी 2026 तक योजना के तहत 29 लाख से अधिक परिवारों को लाभ पहुंच चुका है। पोर्टल के अनुसार अब तक 60,87,665 आवेदन



प्राप्त हुए और 23,60,365 आरटीएस सिस्टम लगाए गए हैं। इसके जरिए 29,37,640 परिवारों को बिजली मिल रही है। सरकार ने अब तक 16,920.15 करोड़ की सब्सिडी जारी की है। यह योजना ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों में सौर ऊर्जा का प्रसार कर रही है। इससे घरों में स्वच्छ, निःशुल्क बिजली उपलब्ध हो रही है और भारत के ऊर्जा परिदृश्य को नया आकार दिया जा रहा है। पीएम सूर्य घर योजना न केवल ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित करती है, बल्कि पर्यावरण संरक्षण और सतत विकास की दिशा में भी महत्वपूर्ण कदम है।

# दुनिया में सबसे सस्ता पेट्रोल बेचने के मामले में लीबिया पहले स्थान पर

**1 कप चाय की कीमत में मिल रहा 5 लीटर पेट्रोल**

मुंबई ।



दुनिया में सबसे सस्ता पेट्रोल बेचने वाले देशों की लिस्ट में बड़े चौंकाने वाले तथ्य हैं। इन देशों में पेट्रोल की कीमत भारतीय नजरिए से न सिर्फ बहुत कम है, बल्कि कई में तो पेट्रोल की कीमत भारत में बिकने वाले एक कप चाय से भी सस्ती है। लीबिया दुनिया में सबसे सस्ता पेट्रोल बेचने वाला देश है। यहां एक लीटर पेट्रोल की कीमत मात्र 2.15 रुपये है। यानी कए कप चाय की कीमत में करीब 5 लीटर पेट्रोल यहां मिल रहा है। भारत के अधिकतर शहरों में एक कप चाय की कीमत 10 से 15 रुपये के बीच है। इस लिस्ट में ईरान दूसरे स्थान पर है। यहां एक लीटर पेट्रोल की कीमत केवल 2.59 रुपये है। जबकि, सबसे महंगा तेल हांगकांग में 340.53 रुपये लीटर है। यह जानकारी ग्लोबलपेट्रोलप्राइसेज डॉट कॉम के हाल ही में जारी` किए गए आंकड़ों पर आधारित है। लीबिया में पेट्राल 2.15 रुपए, ईरान 2.59 रुपए, वेनेजुएला 3.17 रुपए, अंगोला 29.63 रुपए, कुवैत 30.98 रुपए, अल्जीरिया 32.89 रुपए, तुर्कमेनिस्तान 38.78 रुपए, मिस्र 40.65 रुपए, कजाकिस्तान 45.06 रुपए और कतर में 46.02 रुपए प्रति लीटर है। अगर भारत की बात करें तो शुक्रवार को ऑयल मार्केटिंग कंपनियों ने पेट्रोल-डीजल के दाम जारी कर दी हैं। पेट्रोल-डीजल के रेट में कोई बदलवा नहीं हुआ है। देश में सबसे सस्ता पेट्रोल आज भी पोर्ट ब्लेयर में 82.46 रुपए प्रति लीटर और डीजल 78.05 रुपए प्रति लीटर है। भारत में सबसे सस्ता पेट्रोल बेचने वाले शहर इस प्रकार हैं- पोर्ट ब्लेयर, अंडमान और निकोबार द्वीप समूहः 82.46 प्रति लीटर, ईटानगर, अरुणाचल प्रदेशः 90.87 प्रति लीटर, सिलवासा, दादरा और नगर हवेलीः 92.37 प्रति लीटर, दमन, दमन और दीवः 92.55 प्रति लीटर, हरिद्वार, उत्तराखंडः 92.78 प्रति लीटर, रुद्रपुर, उत्तराखंडः 92.94 प्रति लीटर, उना, हिमाचल प्रदेशः 93.27 प्रति लीटर, देहरादून, उत्तराखंड- 93.35 प्रति लीटर, नैनीताल, उत्तराखंडः 93.41 प्रति लीटर। सबसे सस्ता डीजल बेचने वाले शहर हैं- पोर्ट ब्लेयर, अंडमान और निकोबार द्वीप समूहः 78.05 प्रति लीटर, इटानगर, अरुणाचल प्रदेशः 80.38 प्रति लीटर, जम्मू, जम्मू और कश्मीरः 81.32 प्रति लीटर, संबा, जम्मू और कश्मीरः 81.58 प्रति लीटर, कठुआ, जम्मू और कश्मीरः 81.97 प्रति लीटर, उधमपुर, जम्मू और कश्मीरः 82.15 प्रति लीटर, चंडीगढ़: 82.44 प्रति लीटर, और राजौरी, जम्मू और कश्मीरः 82.64 रुपए प्रति लीटर।

# कर्ज वसूली एजेंटों पर आरबीआई सख्त, जबरन और धमकी पर रोक का प्रस्ताव



**देनदारियों की अदायगी में अनुचित दबाव डालने पर भी रोक होगी**

नई दिल्ली ।

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने बैंकों और उनके रिकवरी एजेंटों द्वारा उधारकर्ताओं के साथ जबरल या अपमानजनक व्यवहार रोकने के लिए नए मसौदा दिशानिर्देश पेश किए हैं। ये नियम उधारकर्ताओं की सुरक्षा और सम्मान सुनिश्चित करेंगे। प्रस्तावित नियम 1 जुलाई, 2026 से लागू होंगे और इस पर फीडबैक 4 मार्च, 2026 तक दिया जा सकता है।

मसौदा दिशानिर्देश में स्पष्ट किया गया है कि उधारकर्ताओं के साथ धमकी, अपमान, बार-बार या गुमनाम कॉल, अनुचित संदेश या सार्वजनिक अपमान करना निषिद्ध होगा। इसके अलावा उधारकर्ता की देनदारियों की अदायगी में अनुचित दबाव डालना भी रोक होगा। बैंकों को वसूली से संबंधित शिकायतों के निपटान के लिए समर्पित तंत्र बनाना होगा। सभी कॉल की **संख्या, समय और रिकॉर्डिंग का हिसाब रखा जाएगा। कॉल और दौरे केवल सुबह 8 बजे से शाम 7 बजे के बीच किए जा सकते हैं। उधारकर्ता किसी विशेष समय पर संपर्क न करने का अनुरोध कर सकता है। पारिवारिक आपात स्थिति, विवाह, त्योहार या शोक जैसी परिस्थितियों में वसूली प्रयास नहीं किए जाएंगे। माइक्रोफाइनेंस ऋण के मामले में वसूली केवल सहमति से तय स्थान पर होगी। एजेंट केवल उधारकर्ता या गारंटर से संपर्क करेंगे, और बातचीत में सभ्यता, शालीनता और मर्यादा बनाए रखेंगे। सभी एजेंटों को आईआईबीएफ से प्रमाणित प्रशिक्षण लेना अनिवार्य होगा। बैंकों को एजेंटों के लिए आचार संहिता बनानी होगी और सभी शाखाओं, कार्यालयों और डिजिटल प्लेटफॉर्म पर अद्यतन एजेंट सूची प्रदर्शित करनी होगी।

# एप्पल भारत में छठा स्टोर बोरीवली में खोलेगी, उद्घाटन 26 फरवरी को

नई दिल्ली ।

आईफोन निर्माता एप्पल भारत में अपने छठे स्टोर के साथ मुंबई में दूसरा स्टोर खोलने जा रही है। कंपनी ने अप्रैल 2023 में मुंबई और दिल्ली में अपने पहले दो स्टोर शुरू किए थे। इसके बाद 2025 में बेंगलुरु (एप्पल हेब्बल) और पुणे (कोरेगांव पार्क) में स्टोर खुले। हाल ही में नोएडा में भी नया स्टोर शुरू हुआ। बोरीवली स्टोर को उद्घाटन से पहले बैरिकेडिंग से ढका गया है। बैरिकेडिंग पर मोर से प्रेरित विशिष्ट डिजाइन नजर आ रहा है, जिसे सबसे पहले बेंगलुरु स्टोर में पेश किया गया था और बाद में पुणे तथा नोएडा स्टोर्स में भी अपनाया गया। कंपनी के बयान के अनुसार यह डिजाइन आत्मविश्वास, बारीकी और आगमन की भावना को दर्शाता है। बैरिकेडिंग का उद्देश्य स्टोर के अंदर चल रहे काम को छिपाना और ब्रांड के उद्घाटन को आकर्षक बनाना है। बयान में कहा गया है कि बोरीवली स्टोर का उद्घाटन 26 फरवरी को किया जाएगा।



# केंद्र सरकार ने स्विच नीलामी से पुराने बॉन्ड बदले, ऋण प्रबंधन मजबूत किया

**- सरकार ने 8.30 प्रतिशत जीएस 2040 के 69,436.15 करोड़ रुपये के बॉन्ड जारी किए**

**मुंबई।** केंद्र सरकार ने हाल ही में स्विच नीलामी के तहत भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) से 75,504.43 करोड़ मूल्य की सरकारी प्रतिभूतियां (जी-एसईसीएस) वापस खरीदी। इसके बदले में सरकार ने 69,436.15 करोड़ रुपए के नए बॉन्ड जारी किए। वित्त मंत्रालय के अनुसार इस परिचालन का उद्देश्य अगले वित्त वर्ष में बड़ी परिपक्वताओं से पैदा होने वाले दबाव को कम करना और ऋण अदायगी की बेहतर योजना बनाना है। वित्त मंत्रालय ने बयान में कहा कि वापस खरीदी गई सरकारी प्रतिभूतियां अगले वित्त वर्ष में परिपक्व होने वाली थीं। इनमें 7.27 प्रतिशत जीएस 2026 के 3,527.69 करोड़ रुपये, 8.33 प्रतिशत जीएस 2026 के 34,957.71 करोड़ रुपये, 8.15 प्रतिशत जीएस 2026 के 19,958.78 करोड़ रुपये और 8.24 प्रतिशत जीएस 2027 के 17,060.24 करोड़ रुपये शामिल हैं। इन प्रतिभूतियों के बदले में सरकार ने 8.30 प्रतिशत जीएस 2040 के 69,436.15 करोड़ रुपये के बॉन्ड जारी किए। इस स्विच परिचालन का मकसद अगले वित्त वर्ष में 5.47 लाख करोड़ रुपये की परिपक्वताओं से पैदा होने वाले दबाव को कम करना और ऋण अदायगी देनदारियों का बेहतर प्रबंधन करना है। वित्त वर्ष 2026-27 के लिए पेश बजट में सकल बाजार उधारी 17.2 लाख करोड़ रुपये निर्धारित की गई है। इसके पीछे अगले वित्त वर्ष में होने वाली परिपक्वताओं की बड़ी भूमिका रहने वाली है। सरकार ने अगले वित्त वर्ष के लिए शुद्ध बाजार उधारी 11.7 लाख करोड़ रुपये आंकी है, जो वित्त वर्ष 2025-26 से लगभग 50,000 करोड़ रुपये अधिक है।

## रुपया हल्की बढ़त पर बंद



**मुंबई ।** अमेरिकी डॉलर के मुकाबले भारतीय रुपया शुक्रवार को एक पैसे की बढ़त के साथ ही 90.60 पर बंद हुआ । आज सुबह अमेरिकी डॉलर के मजबूत रुख और घरेलू शेयर बाजारों में नकारात्मक रुझान से घरेलू मुद्रा पर दबाव पड़ा। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि डॉलर के मजबूत होने से रुपये समेत उभरते बाजारों की मुद्राओं में तेजी की संभावना सीमित हो गई है। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 90.69 पर खुला जो पिछले बंद भाव से आठ पैसे की गिरावट दिखाता है। रुपया गुरुवार को 17 पैसे मजबूत होकर अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 90.61 पर बंद हुआ था। इस बीच छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.02 फीसदी की बढ़त के साथ 96.94 पर रहा।




## महंगाई के नए आंकड़ों के बाद भी आरबीआई नहीं बदलेगा ब्याज दरें: रिपोर्ट

**- आरबीआई की प्राथमिकता महंगाई और बाजार में तरलता संभालना होगी**

**नई दिल्ली ।** यूनियन बैंक ऑफ़ इंडिया की रिपोर्ट के मुताबिक नए आधार वर्ष 2023-24 के तहत जनवरी 2026 में हेडलाइन सीपीआई 2.75 फीसदी पर रहा, जो अनुमान के मुताबिक है। वहीं कोर महंगाई 3.46 फीसदी पर आ गई, जो पुराने अनुमान से बेहतर स्थिति दर्शाती है। खाद्य महंगाई 2.11 फीसदी पर रही। आंकड़ों के अनुसार नए आधार वर्ष ने डेटा की गणना अधिक सटीक और व्यापक बनाई है। खाने-पीने का वजन लगभग 46 फीसदी से घटकर 40 फीसदी हुआ और बाजारों, शहरों तथा वस्तुओं को ज्यादा शामिल किया गया। कोर सीपीआई में गिरावट मुख्यतः गोल्ड सीपीआई के भार घटने के कारण आई। सोने को छोड़कर कोर महंगाई बढ़कर 2.91 फीसदी हुई, जो अंतर्निहित महंगाई के कमजोर होने का संकेत देती है। रिपोर्ट में कहा गया है कि आधार वर्ष बदलने से आरबीआई की नीतिगत सोच में तुरंत कोई बड़ा बदलाव नहीं होगा। मौद्रिक नीति समिति सिर्फ सालाना आंकड़ों पर नहीं, बल्कि महंगाई की रफ्तार और आगे के ट्रेंड पर ज्यादा ध्यान देगी। आने वाले महीनों में आरबीआई की प्राथमिकता महंगाई और बाजार में तरलता संभालना होगी। इसलिए ब्याज दरों को फिलहाल यथावत रखने की संभावना है।

## अमेरिका और ताइवान के बीच नया व्यापार समझौता

**- ताइवान अपने 99 प्रतिशत शुल्क अवरोधों को कम करने पर सहमत**

वॉशिंगटन । अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन ने ताइवान के साथ एक महत्वपूर्ण व्यापार समझौता किया है। इस समझौते के तहत ताइवान ने अपने 99 प्रतिशत शुल्क अवरोधों को हटाने या कम करने पर सहमति दी है। इसका लक्ष्य दोनों देशों के बीच व्यापारिक संबंधों को मजबूत और सरल बनाना है। यह समझौता ऐसे समय में हुआ है, जब अमेरिका कंप्यूटर चिप्स के उत्पादन में ताइवान पर काफी हद तक निर्भर है। 2025 के पहले 11 महीनों में चिप्स के निर्यात के कारण अमेरिका और ताइवान के बीच लगभग 127 अरब डॉलर का व्यापार घाटा दर्ज किया गया। व्यापार प्रतिनिधि कार्यालय ने बताया कि ताइवान से अमेरिका आने वाले निर्यात पर अब 15 प्रतिशत शुल्क या अमेरिकी सरकार की सर्वाधिक तरजीही राष्ट्र दर लागू होगी। यह दर जापान और दक्षिण कोरिया जैसे एशिया-प्रशांत क्षेत्र के अन्य अमेरिकी व्यापार साझेदारों के समान है। समझौते पर हस्ताक्षर के दौरान अमेरिका की ओर से व्यापार प्रतिनिधि जेमिसन ग्रीर उपस्थित थे। ताइवान की ओर से उप प्रधानमंत्री ली-चिउन चेंग और विदेश व्यापार ब्यूरो की महानिदेशक जेन-नी यांग शामिल हुए। यह समारोह ताइवान में अमेरिकी संस्थान और अमेरिका में ताइपे आर्थिक एवं सांस्कृतिक प्रतिनिधि कार्यालय के तत्वावधान में आयोजित हुआ। यह समझौता राष्ट्रपति ट्रंप की अप्रैल में प्रस्तावित चीन यात्रा से पहले हुआ। इससे संकेत मिलता है कि अमेरिका और ताइवान के आर्थिक संबंध और मजबूत और गहरे होने की संभावना है।

# शेयर बाजार में कोहराम

**सेंसेक्स 1,048 , निफ्टी 336 अंक लुढ़का**

मुंबई ।

भारतीय शेयर बाजार शुक्रवार को भारी गिरावट के साथ बंद हुआ। सप्ताह के अंतिम कारोबारी दिन बाजार में ये गिरावट दुनिया भर से मिले कमजोर संकेतों के साथ ही बिकवाली हावी रहने से आई है। दिन भर के कारोबार के बाद 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 1,048.16 अंक टूटकर 82,626.76 और 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 336.10 अंक फिसलकर 25,471.10 पर बंद हुआ। बाजार में आज सबसे अधिक गिरावट धातु शेयरों में रही। आज निफ्टी मेटल और निफ्टी कमोडिटीज में सबसे अधिक गिरावट रही। निफ्टी रियल्टी , निफ्टी एनर्जी , निफ्टी एफएमसीजी , निफ्टी ऑयलएंडगैस , निफ्टी पीएसई ) और निफ्टी कंजप्शन भी नीचे आये। वहीं सेंसेक्स के शेयरों में टाटा स्टील, टाइटन, टीसीएस, पावर ग्रिड, बीईएल, एशियन पेंट्स, एमएंडएम, एचडीएफसी बैंक, एचसीएल टेक, एनटीपीसी, इन्फोसिस, आईटीसी, कोटक महिंद्रा बैंक और आईसीआईसीआई के शेयर गिरे जबकि बजाज फाइनेंस और एसबीआई के शेयरों में तेजी रही। लार्जकैप के साथ-साथ ही




मिडकैप और स्मॉलकैप शेयरों में भी बिकवाली हावी रही। निफ्टी मिडकैप इंडेक्स 1,032.85 अंक टूटकर 59,438 और निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 311.20 अंक फिसलकर 1.79 17,032.90 पर बंद हुआ।

इससे पहले आज सुबह सेंसेक्स 690 अंकों की गिरावट के साथ ही 82,985 के स्तर पर खुला। वहीं निफ्टी भी 25,589 पर खुला और इसमें लगभग 0.85 प्रतिशत की कमजोरी दर्ज की गई। वहीं एशियाई बाजारों में भी शुक्रवार को गिरावट रही। अमेरिका में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से जुड़ी अनिश्चितताओं और टेक शेयरों में बिकवाली से भी वैश्विक बाजारों पर पड़ा है। जापान का निक्केई 225 करीब 1.69 फीसदी गिरा, दक्षिण कोरिया का कोस्पी 0.5 फीसदी नीचे रहा, जबकि ऑस्ट्रेलिया का एसएंडपी एएसएक्स 200 लगभग 1.3 फीसदी कमजोर हुआ। अमेरिकी बाजारों में गुरुवार को जोरदार गिरावट दर्ज की गई। निवेशकों ने टेक्नोलॉजी शेयरों से दूरी बनाई, साथ ही आर्थिक आंकड़ों और कंपनियों के नतीजों का आकलन किया। एसएंडपी 500 में 1.57 फीसदी की गिरावट रही। नैस्डैक कंपोजिट 2.03 फीसदी टूटा, जबकि डॉव जोन्स इंडस्ट्रियल एवरेज 1.34फीसदी नीचे बंद हुआ।

## प्रसन्ना कुमार डी बने आईसीएआई के 74वें अध्यक्ष, मंगेश उपाध्यक्ष

**नई दिल्ली ।** इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया (आईसीएआई) ने वर्ष 2026-27 के लिए प्रसन्ना कुमार डी को 74वें अध्यक्ष के रूप में चुना गया। इसके साथ ही मंगेश पांडुरंग किनारे संस्थान का नया उपाध्यक्ष निर्वाचित हुए। यह चुनाव आईसीएआई की 26वीं काउंसिल द्वारा संपन्न किया गया। प्रसन्ना कुमार डी चार दशकों से अधिक समय से पेशेवर लेखांकन क्षेत्र से जुड़े हैं। वे 1984 में चार्टर्ड अकाउंटेंट बने और आईसीएआई में उपाध्यक्ष सहित विभिन्न पदों पर कार्यरत रहे। पेशेवर दक्षता के अलावा, वे वॉलीबॉल खिलाड़ी भी हैं। आईसीएआई दुनिया के सबसे बड़े पेशेवर लेखा निकायों में से एक है। इसमें 15 लाख से अधिक सदस्य और छात्र जुड़े हैं। भारत में इसके 5 क्षेत्रीय परिषदें और 185 शाखाएं हैं। वैश्विक स्तर पर संस्थान के 54 विदेशी चैप्टर और 31 प्रतिनिधि कार्यालय सक्रिय हैं।

# आरबीआई का बड़ा कदमः बैंकिंग में पारदर्शिता और ग्राहक सुरक्षा सुनिश्चित

**- आरबीआई के नए नियम 1 जुलाई 2026 से होंगे लागू**

नई दिल्ली ।

भारतीय रिज़र्व बैंक ने कॉमर्शियल बैंक्स-रिस्पॉन्सिबल बिजनेस कंडक्ट अमेंडमेंट डायरेक्शन 2026 का मसौदा जारी किया। इसका उद्देश्य ग्राहकों को गलत बिक्री और धोखाधड़ी से बचाना और बैंकिंग प्रक्रिया को पूरी तरह पारदर्शी बनाना है। नए नियम के तहत अगर कोई बैंक ग्राहक को अनावश्यक उत्पाद बेचता है, तो उसे न केवल पूरी राशि लौटानी होगी बल्कि ग्राहक को हुए आर्थिक नुकसान की भरपाई भी करनी होगी। यह कदम 1 जुलाई 2026 से लागू होगा और बैंकिंग में पारदर्शिता बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण बदलाव माना जा रहा है। मार्केटिंग और ग्राहक संपर्क की प्रक्रिया भी अब पूरी तरह बदल जाएगी। बैंक या उनके प्रतिनिधि बिना स्पष्ट सहमति के कॉल या मैसेज नहीं कर सकेंगे, और संपर्क केवल कार्यालय घंटों तक ही सीमित रहेगा। इसका मकसद ग्राहकों की निजता और सुरक्षा सुनिश्चित करना है। आरबीआई ने बैंक कर्मचारियों और डायरेक्ट सेलिंग एजेंट्स के लिए भी स्पष्ट निर्देश दिए हैं। बैंक की आंतरिक नीतियां ऐसी नहीं होंगी जो गलत बिक्री को प्रोत्साहित करें। थर्ड-पार्टी उत्पादों जैसे बीमा और निवेश योजनाओं पर सीधे या अप्रत्यक्ष कमीशन की अनुमति नहीं होगी। टाई-इन सेल यानी एक उत्पाद के साथ दूसरे उत्पाद को जबरन बेचने की प्रथा पूरी तरह बंद होगी। डिजिटल बैंकिंग में सुरक्षा बढ़ाने के लिए डार्क पैटर्न डिजाइनों को भी प्रतिबंधित किया जाएगा। ये डिज़ाइन तकनीकें ग्राहकों को भ्रमित कर अनजाने में सहमति लेने का काम करती हैं। मसौदे में लगभग एक दर्जन भ्रामक डिजाइनों की पहचान की गई है जिन्हें अब उपयोग नहीं किया जा सकेगा। यह मसौदा वर्तमान में सार्वजनिक चर्चा के लिए उपलब्ध है। आम जनता और सभी संबंधित पक्ष 4 मार्च 2026 तक अपने सुझाव और आपत्तियां दे सकते हैं। इसके आधार पर नियमों को अंतिम रूप देकर अगले साल जुलाई से लागू किया जाएगा। नया नियम ग्राहकों की सुरक्षा और बैंकिंग में पारदर्शिता सुनिश्चित करने की दिशा में अहम कदम है।

## भारत अगले 5 वर्षों में 50 नए हवाई अड्डे बनाने की राह परः नायडू

**- हर 33 दिन में एक नया हवाई अड्डा या टर्मिनल हो रहा है तैयार**

**नई दिल्ली।** केंद्रीय नागर विमानन मंत्री के. राममोहन नायडू ने शुक्रवार को कहा कि भारत अगले पांच वर्षों में 50 नए हवाई अड्डे बनाने का लक्ष्य रखता है। उन्होंने बताया कि हवाई अड्डे रियल एस्टेट क्षेत्र के लिए आधार का काम करते हैं और इससे क्षेत्र में बड़े निवेश अवसर उत्पन्न होंगे। मंत्री ने यह भी कहा कि विमानन सुरक्षा को प्रभावित किए बिना हवाई अड्डों के आसपास की इमारतों की ऊंचाई से जुड़ी समस्याओं का समाधान निकाला जा रहा है। वर्तमान में देश में 165 हवाई अड्डे चालू हैं और औसतन हर 33 दिन में एक नया हवाई अड्डा या टर्मिनल तैयार हो रहा है। नायडू ने कहा कि 2030 तक रियल एस्टेट क्षेत्र का आकार लगभग 1000 अरब डॉलर तक पहुँच सकता है, जबकि 2047 तक यह 5000-7000 अरब डॉलर तक बढ़ सकता है। उन्होंने युवाओं के लिए किराये पर आवासीय परियोजनाओं के विकास और जीवन गुणवत्ता पर ध्यान देने पर जोर दिया। यह जानकारी हाल ही में उन्होंने राष्ट्रीय राजधानी में राष्ट्रीय शहरी एवं रियल एस्टेट विकास सम्मेलन 2026 में दी, जिसका आयोजन नारेडको ने किया।

## जनवरी में यात्री वाहनों की थोक बिक्री 13 प्रतिशत बढ़ी : सियाम



**नई दिल्ली ।** सोसाइटी ऑफ इंडियन ऑटोमोबाइल मैन्युफैक्चरर्स (सियाम) ने शुक्रवार को जानकारी दी कि जनवरी 2026 में घरेलू यात्री वाहनों की थोक बिक्री 4,49,616 इकाई रही, जो पिछले साल इसी महीने के 3,99,386 इकाई की तुलना में 13 प्रतिशत अधिक है। सियाम के अनुसार जनवरी में दोपहिया वाहनों की बिक्री में सबसे तेज वृद्धि देखी गई। जनवरी 2026 में 19,25,603 इकाई विक्रय हुई, जबकि जनवरी 2025 में यह संख्या 15,26,218 थी, यानी 26 प्रतिशत की बढ़ोतरी। तिपहिया वाहनों की बिक्री भी बढ़ी और सालाना आधार पर 30 प्रतिशत बढ़कर 75,725 इकाई हो गई। पिछले वर्ष इसी महीने में यह 58,167 इकाई थी। इन आंकड़ों से स्पष्ट है कि वाहन बाजार में मांग में तेजी बनी हुई है। दोपहिया और तिपहिया वाहनों की मजबूत बिक्री ने वृद्धि दर को बढ़ावा दिया है, जबकि घरेलू यात्री वाहन भी सकारात्मक रुझान दिखा रहे हैं। उद्योग विशेषज्ञ इसे भारतीय ऑटोमोबाइल क्षेत्र के स्थिर और पुनरुत्थानशील प्रदर्शन के संकेत के रूप में देख रहे हैं।

# बिहार विधानसभा में गूंजी 72 हजार सांख्यिकी स्वयंसेवकों की आवाज, बहाली को लेकर सरकार से तीखे सवाल



**पटना ।** बिहार सरकार से वेतन पा चुके सांख्यिकी स्वयंसेवक पिछले कई वर्षों से फिर से बहाली की मांग कर रहे हैं। इन कहना है कि नौकरी जाने के बाद आर्थिक स्थिति खराब हो गई है। सरकार ध्यान दें। आज उनका मुद्दा विधानसभा में उठाया गया। आइए जानते हैं किसने क्या कहा? बिहार में सांख्यिकी स्वयंसेवक (एएसवी) की नियुक्ति और नियमितीकरण को लेकर एक बार फिर आवाज उठी है। विधानसभा में इस मामले पर भाजापा और माले के विधायकों ने सांख्यिकी कर्मियों का मुद्दा उठाया। दोनों विधायकों ने नीतीश सरकार ने इस मुद्दे पर सवाल पूछा। कहा कि 2016 के बाद हजारों सांख्यिकी कर्मी बेरोजगार हो गए। सरकार एक करोड़ नौकरी और रोजगार देने की बात कह रही है। बेरोजगार सांख्यिकीकर्मियों पर सरकार ध्यान दें। इसके बाद वित्त विभाग के मंत्री विजेंद्र यादव ने इस मुद्दे पर जवाब दिया। विधानसभा में इस मुद्दे पर क्या-क्या जिरह हुआ, आइए 'अमर उजाला' आपको जस के तस पढ़ा रहा... भाजपा विधायक ने क्या सवाल पूछा? भाजपा विधायक कृष्णनंदन पासवान ने सांख्यिकी स्वयंसेवकों को नौकरी से हटाने के मुद्दे को उठाया। उन्होंने कहा कि सैकड़ों सांख्यिकी स्वयंसेवक आज बेरोजगार हो चुके हैं। यह बेरोजगारी की बात है। सांख्यिकी स्वयंसेवकों से सरकार ने काम लिया है। इसके बाद इन्हें हटा दिया गया। सरकार भी एक करोड़ रोजगार और नौकरी के लक्ष्य पर काम कर रही है। क्या सरकार इनलोगों को रोजगार देगी? ऊर्जा विभाग के मंत्री विजेंद्र यादव ने कहा कि इनकी बात पर समुचित विचार करने की जरूरत है। सरकार इस मामले को गंभीरता से देख रही है। माले विधायक की बात पर मंत्री ने क्या कहा? माले विधायक संदीप सौरभ ने सवाल उठाया। उन्होंने कहा कि सरकार ने सांख्यिकी कर्मियों की बहाली की थी। सरकार ने जवाब दिया है कि हमने बहाली के वक्त ही कह दिया था कि कभी भी आपलोगों को हटाया जा सकता है। इसके बाद वित्त विभाग ने वैकेंसी निकालकर सांख्यिकी कर्मियों 2012-13 बहाल किया। इनके काम के आधार पर सीएम नीतीश कुमार को गणना संबंधित कार्य के लिए पुरस्कार भी दिया गया। सवाल यह है कि जिस काम के लिए सांख्यिकी कर्मियों को नियुक्त किया गया, क्या अब गणना के काम राज्य में नहीं होते हैं? अगर होते हैं तो उसी काम को कार्यपालक सहायक और शिक्षकों से क्यों लिए जाते हैं? इस पर मंत्री विजेंद्र यादव ने कहा कि क्या है सांख्यिकी स्वयंसेवकों ने हाल में ही डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी को एक ज्ञापन भी सौंपा था। इसमें कहा गया कि वर्ष 2012 और 2013 में सांख्यिकी स्वयंसेवकों (अरश) की बहाली की गई थी। चयन के बाद उन्हें प्रपत्रों का वितरण, जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र, आर्थिक गणना तथा सांख्यिकी निदेशालय से जुड़े विभिन्न कार्यों में लगाया गया। वर्ष 2016 तक सरकार द्वारा उन्हें मानदेय का भुगतान भी किया गया, लेकिन बाद में सेवा समाप्त कर दी गई।

## साइको किलर भांजे ने मामा का बीच सड़क गला काटा



**पटना ।** बीच सड़क मर्डर का सीसीटीवी भी सामने आया है। वीडियो में दिख रहा कि अयाज अपने मामा पर ताबड़तोड़ धारदार हथियार से हमला कर रहा है। आसपास से लोग भी गुजर रहे थे, पर किसी ने बचाने की कोशिश नहीं की। सभी तमाशा देख रहे थे। हमले के बाद युवक ने अपने बाल ठीक किए। चाकू पर लगा खून छिटका और बड़े आराम से निकल गया। घटना की सूचना मिलने के बाद चौक थाना की पुलिस मौके पर पहुंची। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा। घटनास्थल को घेरकर जांच शुरू कर दी है। गुरुवार सुबह रईस करीब 10:45 बजे काम पर जाने के लिए पैदल ही बख्शी मोहल्ले के घर से निकले। उनके निकलने के कुछ देर बाद ही अयाज भी उनका पीछा करते निकला। हत्या करने की नीयत से चापड़ लेकर आता है। सीसीटीवी में उसके हाथ में चापड़ दिख रहा है। फुटेज में दिखता है कि अयाज पीछे से आता है और करीब 10 कदम उनके साथ चलता है। मोड़ पर पहुंचते ही वह आगे निकलता है और अचानक चापड़ से रईस के गले पर वार कर देता है। पोल के पास गिरे, ताबड़तोड़ हमले हत्या के बाद आरोपी आराम से अपने बाल सेट करता है। चाकू पर लगा खून झटकता है और मौके से निकल जाता है। आसपास मौजूद लोग पूरी घटना देखते रहे, लेकिन किसी ने बीच-बचाव नहीं किया। मोहम्मद रईस के चचेरे भाई मोहम्मद रियाज ने बताया कि ह्यरईस का किसी से कोई विवाद या दुश्मनी नहीं थी। समझ नहीं आ रहा कि उनकी हत्या क्यों की ह्न पुलिस ने आरोपी मोहम्मद अयाज को चौक थाना क्षेत्र से गिरफ्तार कर लिया है। इसके साथ ही पुलिस ने उस हथियार को भी बरामद कर लिया है जिससे अयाज ने मामा मोहम्मद रईस की हत्या की। आरोपी आयाज पहले भी अपने भाई पर दाब से हमला कर उसे गंभीर रूप से घायल कर चुका है। यह वाकया 9 सितंबर 2024 का है। बाकरगंज स्थित मोहर्रमपुर घर पर अयाज और उसका छोटा भाई फैयाद खड़े थे। घर पर 8 दिन पहले से मोबाइल चोरी को लेकर विवाद चल रहा था। मां मुन्नी खातून (50) के मुताबिक, अयाज नशे का आदि हो गया था। एक लड़की से भी उसका चक्कर चल रहा था। हमें शक था कि अयाज ने ही मोबाइल फोन चोरी कर के बेच दिया है। इसीलिए उसे समझाकर, कुछ रुपये का लालच देकर पूछ रहे थे। मां ने 10 सितंबर को अयाज के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई थी। इसी मामले में अयाज जेल गया था। हाल ही में छूटकर बाहर आया है। एक बार अपनी मां पर भी इसी तरीके से जानलेवा हमले का प्रयास किया था। डॉक्टर गौरव कुमार ने बताया कि, ह्यआज पौने 11 बजे चौक थाना पुलिस को सूचना मिली कि एक लाश पड़ी है। पुलिस मौके पर पहुंची। त्रह्छ की टीम को बुलाया गया है। बीच सड़क हुई हत्या के आरोपी की गिरफ्तारी हो गई है। वारदात में इस्तेमाल हथियार रिकवर हुआ है। मामला पारिवारिक है।

## पटना के दीघा गोलंबर के पास बनेगा वेंडिंग जोन

**पटना।** पटना के जेपी गंगा पथ पर मौजूद दुकानों को व्यवस्थित करने के लिए दीघा गोलंबर के पास करीब 55 हजार वर्ग फुट में वेंडिंग जोन बनाया जाएगा। इसके लिए जमीन को मिट्टी भरकर समतल किया जाएगा। यहां ब्यूटिफिकेशन के बाद वेंडरों को शिफ्ट कराया जाएगा। इसके साथ ही फुट ओवरब्रिज, पार्किंग, शौचालय, पेयजल, लाइटिंग सहित अन्य सुविधाएं दी जाएंगी। अवैध रूप से सड़क किनारे दुकान लगाने के बजाय यह व्यवस्था वेंडरों के लिए सुरक्षित और बेहतर विकल्प साबित होगी। दीघा गोलंबर के पास रेलवे ब्रिज के किनारे खाली जमीन पर फिलहाल अवैध अतिक्रमण है। इसे हटाकर एरिया को साफ किया जा रहा है। अतिक्रमण हटाने का काम शुरू कर दिया गया है। जेपी गंगा पथ पर लग रही दुकानें अवैध रूप से संचालित हो रही थीं। उन्हें यहां व्यवस्थित तरीके से बसाया जाएगा। गंगा पथ पर सड़क किनारे वाहन खड़े होने से अक्सर जाम की समस्या रहती थी। पार्किंग बनने से इस समस्या से राहत मिलेगी। दूसरी ओर मरीन ड्राइव दुकानदार संघ अपनी मांगों को लेकर लगातार धरना दे रहे हैं। फिलहाल वे गंगा किनारे अस्थायी रूप से दुकान लगा रहे हैं, लेकिन वहां कस्टमर नहीं पहुंच रहे हैं। पटना नगर निगम की ओर से शहर में करीब तीन दर्जन वेंडिंग जोन बनाए जा रहे हैं। इसका मकसद सड़कों को खाली कर वेंडरों को एक जगह व्यवस्थित करना है। इनमें से पांच वेंडिंग जोन को अतिक्रमण मुक्त कर जमीन को विकसित किया जा रहा है।

## बिहार भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी की मां का निधन, देर शाम होगा अंतिम संस्कार



**पटना ।** बिहार भाजपा प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी की मां का मुंबई में निधन हो गया। प्राप्त जानकारी के मुताबिक उनके शव को मुंबई से दरभंगा लाया जा रहा है। जहां उनका अंतिम संस्कार किया जाएगा। बिहार भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी की माता राधा देवी (72) का देर रात मुंबई के हिंदुजा अस्पताल में इलाज के दौरान निधन हो गया। बताया गया है कि राधा देवी की तबियत लंबे समय से खराब थी और वे इलाजरत थीं। उनके निधन से पूरा परिवार मर्माहत है। उनके तीन पुत्रों में सबसे बड़े संजय सरावगी हैं, जबकि दो अन्य भाई उनसे छोटे हैं। संजय सरावगी ने मां के निधन की खबर मिलते ही दरभंगा स्थित अपने घर पहुंचकर परिवार के साथ शोक व्यक्त किया। परिवार ने बताया कि राधा देवी का शव दोपहर में मुंबई से दरभंगा पहुंचाया जाएगा, उसके बाद उनका अंतिम संस्कार किया जाएगा। उनके निधन से भाजपा परिवार में भी गहरा शोक व्याप्त है। सीएम नीतीश ने सरावगी से की बात जानकारी के मुताबिक, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने संजय सरावगी को फोन करके शोक जताते हुए गहरी संवेदना व्यक्त की। इस दौरान संजय सरावगी ने मुख्यमंत्री को बताया कि उनकी मां का काफी दिनों से मुंबई के हिंदुजा अस्पताल में इलाज चल रहा था और देर रात उन्होने इलाज के दौरान अंतिम सांस ली है। वहीं, उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने शोक प्रकट किया है। डिप्टी सीएम विजय सिन्हा ने दी श्रद्धांजलि सरावगी की मां के निधन पर शोक जताते हुए डिप्टी सीएम विजय सिन्हा ने सोशल मीडिया पर शोक व्यक्त किया है। उन्होंने अपने पोस्ट में लिखा, 'प्रदेश अध्यक्ष सह दरभंगा विधायक संजय सरावगी की माताजी के निधन का समाचार अत्यंत दुःखद एवं पीड़ादायक है। ईश्वर दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान दें तथा शोकाकुल परिवार को इस असहनीय दुःख को सहन करने की शक्ति प्रदान करें। इस शोक की घड़ी में मेरी गहरी संवेदनाएं परिवारजनों के साथ हैं।' पूर्व विधायक अमरनाथ गामी ने इस दुखद घटना पर गहरा शोक व्यक्त किया और कहा कि यह परिवार के लिए काफी कठिन समय है। वहीं, केवटी के भाजपा विधायक डॉ. मुरारी मोहन झा ने भी संजय सरावगी की मां के निधन पर शोक जताया।

## पटना समेत कई जिलों में रात में ठंड, दिन में गर्मी; अगले पांच दिनों तक कैसा रहेगा मौसम



**पटना।** अगर आप अपने कंबलों को पैक करने का सोच रहे हैं तो अभी कुछ दिन रुक जाएं। क्योंकि अभी आपको ठंड से पूरी तरह राहत नहीं मिलने वाली है। बिहार के कुछ जिलों में न्यूनतम तापमान गिरकर 10 डिग्री के नीचे जा रहा है। दिन में तेज धूप गर्मी का एहसास करवा तो रही है लेकिन शाम होते ही पारा गिरने लगता है। मौसम विभाग ने इस दोहरे मिजाज वाले ठंड को देखते हुए लोगों से सावधानी बरतने की अपील की है। आधा फरवरी गुजर गया लेकिन बिहार के कुछ जिलों में अब भी न्यूनतम तापमान 10 डिग्री के नीचे चला जाता है। इतना ही नहीं कुछ जिलों में सुबह में कोहरा भी वाहन चालकों को परेशान कर रहा है। दोपहर 12 बजे तक धूप की तपिश इतनी बढ़ जाती है कि लोगों को गर्म कपड़े उतारने पड़ते हैं। मौसम विज्ञान केंद्र ने कहा कि फिलहाल आगामी पांच दिनों तक ऐसा ही मौसम रहेगा। रात और सुबह में ठंड रहेगी। वसंत में मौसम का ऐसा ही मिजाज रहता है। शाम के बाद ठंड बढ़ने लगती है इसलिए हर हाल में सावधानी बरतें। गर्म कपड़े पहन कर ही शाम में बाहर निकले। मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार, पिछले 24 घंटों के दौरान पूरे राज्य में मौसम शुष्क रहा और कहीं भी वर्षा दर्ज नहीं की गई। सबसे अधिक गर्मी कैमूर में पड़ी। यहां का पड़ीसबसे अधिक ठंड किशानगंज में पड़ी। यहां का न्यूनतम तापमान 9.7 डिग्री सेल्सियस में दर्ज किया गया। राज्य का न्यूनतम तापमान 9.7 से 16.5 डिग्री सेल्सियस के बीच रहा। पूर्णिया समेत कुछ इलाकों में सुबह में कोहरा छाया रहा। न्यूनतम दृश्यता 900 मीटर में दर्ज की गई। मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार, अगले पांच दिनों में विशेष परिवर्तन की संभावना नहीं है। अगले पांच दिनों तक न्यूनतम तापमान भी सामान्य बना रहेगा। मौसम विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक ने बताया कि पूर्वी भूमध्यरेखीय हिंद महासागर और उससे सटे दक्षिण-पूर्वी बंगाल की खाड़ी के ऊपर स्थित चक्रवाती परिसंचरण समुद्र तल से 5.8 किमी ऊपर तक फैला हुआ था। इसके प्रभाव से, 15 फरवरी 2026 के आसपास उसी क्षेत्र में एक निम्न दबाव क्षेत्र बनने की संभावना है। पूवो त्तर भारत में समुद्र तल से 12.6 किमी ऊपर लगभग 130 समुद्री मील की रफ्तार वाली उपोष्णकटिबंधीय पश्चिमी जेट स्ट्रीम चल रही है। दो नए पश्चिमी विक्षोभों के पश्चिमी हिमालय क्षेत्र को शीघ्र ही प्रभावित करने की संभावना है। इसमें एक 13 फरवरी से और दूसरा 16 फरवरी से। इसलिए इस तरह का दोहरे मिजाज वाले मौसम की स्थिति बन रही है।

## कोचिंग के चौथे फ्लोर से गिरकर छात्रा की मौत



**पटना।** पटना में एक छात्रा का शव एक कोचिंग के पास से मिली है। मृतका की पहचान फुलवारीशरीफ निवासी पिंकी कुमारी (17) के रूप में की गई है। घटना एम्स गोलंबर के पास हरी नगर कॉलोनी की है। वह 12वीं की छात्रा थी। घटना के संबंध में लड़की के भाई प्रियांशु का कहना है कि पिंकी सुबह 8 बजे घर से कोचिंग के लिए निकली थी। एक घंटे के बाद लगभग 9 बजे सूचना मिली कि उसकी मौत हो गई है। घटना की सूचना पुलिस को दी गई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस भी घटनास्थल पर पहुंच गई। पुलिस ने कोचिंग और आसपास लगे सीसीटीवी को खंगाला। इस दौरान सीसीटीवी में छात्रा जल्दबाजी और तेजी से सीढ़ियों पर उपर की ओर भागती हुई दिखी। उसी सीसीटीवी में छात्रा के तुरंत पीछे 2 लड़के भी देखे गए, लेकिन देर बाद छात्रा बिल्डिंग से नीचे गिरती दिखाई पड़ी। परिजनों का आरोप है कि उन दोनों लड़कों ने ही उसे धक्का देकर नीचे गिरा दिया। : सदन में नहीं आने पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने तेजस्वी पर कसा तंज, कहा- उनकी रुचि खत्म हो गई है घटना के संबंध में लड़की के भाई प्रियांशु का कहना है कि किसी ने मुझे कॉल किया था कि तुम्हारी बहन एम्स में एडमिट है। इस बात की सूचना मिलते ही हमलोग एम्स पहुंचे तो पता चला की उसकी मौत हो चुकी है। वहीं घटना के संबंध में पूछे जाने पर कोचिंग संचालक का कहना था कि पिंकी ऊपर से गिर गई थी। प्रियांशु का कहना था कि पिंकी के शरीर पर चोट के निशान थे। हाथ-पैर टूटे हुए थे। प्रियांशु ने यह भी पूछा था कि उसकी कोचिंग दूसरी तरफ है, तो वह उधर कैसे गिरी, लेकिन उनके इस सवाल का जवाब कोचिंग संचालक नहीं दे सके। प्रियांशु ने आरोप लगाते हुए कहा कि उसकी बहन की हत्या हुई है। अब यह पुलिस की जिम्मेदारी है कि पुलिस मामले की तहकीकात करे।

## पी एम मोदी को मां की गाली देने वाले को पटना हाईकोर्ट ने दी जमानत, अगस्त से जेल में बंद था आरोपी




**दरभंगा ।** दरभंगा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को गाली देने वाले राजा उर्फ रिजवी को पटना हाई कोर्ट से सशर्त जमानत मिल गई है। अदालत ने उसे 10 हजार रुपये के मुचलके और दो जमानतदार की शर्त पर रिहा करने का आदेश दिया है। बिहार में पिछले साल वोटर अधिकार यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मां के खिलाफ अभद्र टिप्पणी करने के आरोप में गिरफ्तार राजा उर्फ रिजवी को पटना हाई कोर्ट से जमानत मिल गई है। अदालत ने आरोपी को 10 हजार रुपये के निजी मुचलके तथा समान राशि के दो जमानतदार प्रस्तुत करने की शर्त पर रिहा करने का निर्देश दिया है। वोटर अधिकार यात्रा के दौरान पीएम मोदी को दी थी मां की गाली बताया जाता है कि 28 अगस्त 2025 को दरभंगा में कांग्रेस नेता राहुल गांधी की ह्यवोटर अधिकार यात्राह्न के दौरान सिमरी थाना क्षेत्र के अतरबेल चौक स्थित मंच से प्रधानमंत्री की मां के खिलाफ कथित रूप से आपत्तिजनक टिप्पणी की गई थी। मामले में दरभंगा पुलिस ने कार्रवाई करते हुए 29 अगस्त 2025 को आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया था। आरोपी के वकील ने बताया निर्दोष जमानत याचिका पर सुनवाई करते हुए न्यायमूर्ति अरुण कुमार की अदालत ने दोनों पक्षों की दलीलें सुनीं। याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता रियाज अहमद ने तर्क दिया कि उनके मुवक्किल को झूठा फंसाया गया है। उन्होंने कहा कि आरोपी के मोबाइल फोन से कोई आपत्तिजनक सामग्री बरामद नहीं हुई है और न ही उसने कोई वीडियो वायरल किया है। साथ ही आरोपी का आपराधिक रिकॉर्ड भी साफ है और वह 29 अगस्त 2025 से न्यायिक हिरासत में था। सरकारी वकील ने किया जमानत का विरोध वहीं, सरकारी अधिवक्ता उदय प्रताप सिंह ने जमानत याचिका का विरोध करते हुए कहा कि आरोपी का कृत्य देश में अशांति फैलाने की नीयत से किया गया था। दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद अदालत ने मामले के तथ्यों, परिस्थितियों, आरोपों की प्रकृति, आरोपी के पूर्वव त्त, हिरासत की अवधि तथा आरोपपत्र दाखिल किए जाने को ध्यान में रखते हुए जमानत देने का आदेश दिया। तारीख पर उपस्थित रहने का आदेश अदालत ने यह भी निर्देश दिया कि जमानतदारों में से एक आरोपी का करीबी रिश्तेदार होगा। साथ ही आरोपी को निचली अदालत में प्रत्येक तारीख पर उपस्थित रहना होगा। लगातार तीन तारीखों पर अनुपस्थित रहने या जमानत की शर्तों का उल्लंघन करने की स्थिति में जमानत रद्द की जा सकेगी।

## ऐश्वर्या से तलाक के लिए तेजप्रताप का अनुष्का से किनारा

**पटना ।** पहले से चल रहे कानूनी पचड़े के बीच अनुष्का यादव को बेटी होने की खबर आ गई। सोशल मीडिया पर जैसे ही नाम जुड़ा तुरंत तेज प्रताप एक्टिव हो गए। प्रेस कॉन्फ्रेंस कर सिरे से खारिज किया और विरोधियों की साजिश बताया। प्रेस कॉन्फ्रेंस कर तेज प्रताप ने अनुष्का की बेटी को अपना मानने से इनकार किया। प्रेस कॉन्फ्रेंस कर तेज प्रताप ने अनुष्का की बेटी को अपना मानने से इनकार किया।24 फरवरी को फैमिली कोर्ट में तेज प्रताप-ऐश्वर्या के तलाक मामले की सुनवाई होनी है। फैमिली कोर्ट के प्रिंसिपल जज सुनील दत्त पांडेय के समक्ष दोनों पक्षों के बीच तीसरी बार मध्यस्थता की कोशिश की जाएगी। कोर्ट ने दोनों पक्षों को मध्यस्थता में सहयोग करने को कहा है। पहले डायवोर्स से जुड़ा यह मामला फैमिली कोर्ट में चला, उसके बाद हाईकोर्ट तक गया और अब फिर केस फैमिली कोर्ट में है। इस मामले में पटना हाईकोर्ट ऐश्वर्या के रिव्यू पीटिशन को खारिज कर चुका है। कोर्ट ने कहा है कि हम मामले में इंटरफेयर नहीं करेंगे। दोनों पक्ष मध्यस्थता में सहयोग करें। पटना हाईकोर्ट ने फैमिली कोर्ट को 11 जुलाई 2024 को छह माह के अंदर डायवोर्स मामले के निपटारे का निर्देश दिया था, लेकिन ऐश्वर्या ने इसके खिलाफ रिव्यू पीटिशन दिया था। ऐश्वर्या ने कहा कि इसको लेकर समय सीमा का निर्धारण नहीं किया जा सकता है। इसके लिए उन्होंने सुप्रीम कोर्ट का वह जजमेंट सामने रखा था, जो उत्तरप्रदेश बार एसो. को लेकर दिया गया था।

## बिहार के 514 खिलाड़ियों को मिलेगी स्पोर्ट्स स्कॉलरशिप

**पटना ।** बिहार सरकार द्वारा खेल स्कॉलरशिप के लिए खिलाड़ियों से आवेदन मांगे गए थे। अब इन खिलाड़ियों का चयन कर लिया गया है। उत्कर्ष, सक्षम और प्रेरणा छात्रवृत्ति योजना के तहत 514 खिलाड़ियों का चयन हुआ है। इन सभी खिलाड़ियों को खेल छात्रवृत्ति योजना का प्रमाण पत्र दिया जाएगा। उत्कर्ष योजना के तहत 18 खिलाड़ियों को 20 लाख रुपए, प्रेरणा स्कॉलरशिप के तहत 367 खिलाड़ियों को 3 लाख रुपए और सक्षम योजना के 129 खिलाड़ियों को 5 लाख तक की स्कॉलरशिप दी जाएगी। बिहार राज्य खेल प्राधिकरण के महानिदेशक रविंद्रन शंकरण ने कहा कि बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा 1 साल पहले खेल छात्रवृत्ति योजना लागू की गई थी। इस बार भी हमने आवेदन स्वीकार किया है और कमिटी के द्वारा उसकी स्क्रुटनी भी हो गई है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा सभी को सर्टिफिकेट दिया जाएगा। इसके लिए सभी खिलाड़ियों को पटना आमंत्रित किया जाएगा। उत्कर्ष योजना के तहत 18 खिलाड़ी चयनित किए गए हैं। इसके तहत खिलाड़ियों को सालाना 20 लाख रुपये तक की स्कॉलरशिप के माध्यम से मदद मिलेगी। वहीं, सक्षम योजना के तहत 129 खिलाड़ियों का चयन किया गया है। इसके तहत खिलाड़ियों को सालाना 5 लाख तक का स्कॉलरशिप मिलेगा। इसके अलावा प्रेरणा स्कॉलरशिप के तहत दो तरह से एप्लीकेशन इनवाइट किए गए थे। पहला ऑनलाइन और दूसरा मशाल प्रतियोगिता के तहत आवेदन लिए गए थे। इसमें मशाल प्रतियोगिता के माध्यम से 269 खिलाड़ी और ऑनलाइन के माध्यम से 98 बच्चों का चयन हुआ है। इसके तहत खिलाड़ियों को सालाना 3 लाख तक रुपए स्पोर्ट्स इक्विपमेंट, ट्रेनिंग और डाइट के लिए मिलेंगे। इसके साथ ही कंपटीशन में भाग लेने के लिए कहीं बाहर जाने में भी मदद मिलेगी।

## स्थानीय जनप्रतिनिधियों और लोगों ने की अफसरों से शिकायत


**पटना ।** शहर से पांच किमी दूर दियारा के लोगों की स्थिति बेसहारा वाली है। गंगा नदी के पास वाले इस इलाके के लोगों के सामने सबसे बड़ी समस्या शुद्ध पेयजल की है। घर-घर पानी पहुंचाने की नल जल योजना की स्थिति खराब है। 20 से अधिक जगहों पर बोरिंग खराब हैं। फटे पाइप और टंकी की मरम्मत नहीं हो रही है। स्थानीय जनप्रतिनिधि के साथ ही स्थानीय लोगों ने अफसरों से कई बार शिकायत की है, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हो रही है। यहां स्वास्थ्य सुविधा भी चरमराई हुई है। सात पंचायतों में रहने वाले 2 लाख से अधिक लोगों को बीमार पड़ने पर शहर जाना पड़ता है। इमरजेंसी की स्थिति में काफी दिक्कत होती है। सभी सात पंचायतों में स्वास्थ्य उपकेंद्र हैं, लेकिन उनमें डॉक्टर नहीं बैठते हैं। दैनिक भास्कर की टीम ने दियारा इलाके का जायजा लिया तो वहां की भयावह तस्वीर सामने आई। दियारा क्षेत्र में पटना सदर प्रखंड की नकटा दियारा, जबकि दानापुर प्रखंड की पुरानी पानापुर, कासिमचक, हेतनपुर, मानस, पतलापुर, गंगहरा पंचायत शामिल हैं। इन सभी पंचायतों की स्थिति कमोवेश एक जैसी है। 1 स्वास्थ्य उपकेंद्र का ताला नहीं खुलता : दानापुर प्रखंड की पुरानी पानापुर पंचायत में स्वास्थ्य उपकेंद्र भवन का जीर्णोद्धार जिला परिषद के फंड से किया गया है। इस पर 5,49,900 रुपए खर्च किए गए। लेकिन, स्वास्थ्य उपकेंद्र का ताला नहीं खुलता है।

## मलाही पकड़ी स्टेशन डाउन-लाइन में टॉपरूफ बन रहा

**पटना ।** पटना मेट्रो के दो नए स्टेशनों को शुरू करने की कवायद की जा रही है। मलाही पकड़ी स्टेशन पर डाउन लाइन में टॉप रूफ का काम तेजी से चल रहा है। एंट्री गेट-1 पर स्टेशन को आधुनिक स्वरूप देने के लिए कॉनकोर्स लेवल पैनल ड्रेसिंग का काम चल रहा है। वहीं, खेमनीचक मेट्रो स्टेशन कॉरिडोर-1 पर ट्रैक डी-शटरिंग का काम सुचारू रूप से चल रहा है, जो यह बताता है कि परिचालन के लिए स्टेशन का काम अब अंतिम चरण में है। होली बाद ये दोनों स्टेशन शुरू होने की उम्मीद है। फरवरी के अंतिम सप्ताह में आयेंगे कमिश्नर ऑफ मेट्रो रेलवे सेफ्टी मलाही पकड़ी और खेमनीचक मेट्रो स्टेशन के बीच मेट्रो सेवा शुरू करने से पहले फरवरी के अंतिम सप्ताह में कमिश्नर ऑफ मेट्रो रेलवे सेफ्टी की (उटफ्र) अंतिम जांच प्रस्तावित है। सभी तकनीकी और सुरक्षा मानकों पर खरे उतरने के बाद, मार्च के पहले सप्ताह में इन दोनों स्टेशनों से मेट्रो सेवा शुरू हो सकती है। मेट्रो अधिकारियों के अनुसार, उटफ्र की टीम 25 से 28 फरवरी के बीच पटना पहुंचेगी। इस दौरान टीम मलाही पकड़ी और खेमनीचक स्टेशन के ट्रैक, सिग्नलिंग सिस्टम, प्लेटफॉर्म सुरक्षा व्यवस्था, यात्री सुविधाएं और अन्य तकनीकी पहलुओं की बारीकी से जांच करेगी। मलाही पकड़ी स्टेशन पर अरर ट्रांसफार्मर चार्ज हो गया है। इसे चालू कर दिया गया है। अरर रूम, मेट्रो स्टेशन की पावर सिस्टम में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। ये ट्रांसफार्मर, हाई-वोल्टेज बिजली सप्लाई को कम करने में इस्तेमाल होता है, जो स्टेशन के हिसाब से ऑपरेशनल वोल्टेज को एडजस्ट करता है। ट्रांसफार्मर को चार्ज करना, स्टेशन की आवश्यक सेवाओं के लिए विश्वसनीय और निर्बाध बिजली सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

## बक्सर व्यवहार न्यायालय को बम से उड़ाने की धमकी

**पटना ।** बक्सर जिला मुख्यालय स्थित व्यवहार न्यायालय में जिला जज के आधिकारिक ई-मेल पर बम से उड़ाने की धमकी मिली। सूचना पर पुलिस-प्रशासन ने परिसर खाली कराया। एसपी शुभम आर्य के नेतृत्व में बम निरोधक दस्ता, डॉग स्क्वॉड व साइबर टीम जांच में जुटी है। बक्सर के जिला मुख्यालय स्थित व्यवहार न्यायालय में शुक्रवार को हड़कंप मच गया जब जि ला जज के आधिकारिक ई-मेल आईडी पर बम से न्यायालय भवन उड़ाने की धमकी भरा संदेश प्राप्त हुआ। सूचना मिलते ही सुरक्षा एजेंसियां अलर्ट मोड में आ गईं और एहतियातन पूरे न्यायालय परिसर को तत्काल खाली करा दिया गया। पुलिस-प्रशासन ने तुरंत कार्रवाई करते हुए एसपी शुभम आर्य, एसडीपीओ गौरव पांडेय, एसडीएम अविनाश कुमार सहित कई थानों की पुलिस बल, बम निरोधक दस्ता एवं डॉग स्क्वॉड के साथ न्यायालय परिसर में सघन जांच अभियान शुरू कर दिया।



# डायरेक्टर हंसल मेहता के साथ काम करना मेरे लिए बहुत खास है

नेटफ्लिक्स के कार्यक्रम में वेब सीरीज 'फैमिली बिजनेस' की स्टार कास्ट ने शिरकत की। इस दौरान अभिनेता विजय वर्मा और अनिल कपूर ने फिल्म के कलाकारों और टीम की तारीफ की। अभिनेता विजय वर्मा ने कार्यक्रम के दौरान अपनी खुशी जाहिर की। उन्होंने कहा, 'यह मेरे लिए बहुत खास है। मुझे अपने फेवरेट डायरेक्टर हंसल मेहता के साथ पहली बार काम करने का मौका मिला है। हंसल ने कमाल का काम किया है। उनका काम करने का तरीका बिल्कुल लेटेस्ट है। इस सीरीज में मेरा किरदार बेहद शानदार है। इसमें मैंने पहली बार विक्रम के साथ काम किया है और अनिल तो एवरग्रीन है ही। हमेशा उदार, सबसे डैशिंग, सबसे शानदार और सबसे कम उम्र के एक्टर जिनके साथ मैंने काम किया। उनकी एनर्जी और काम के प्रति जोश देखकर मजा आता है। रिया और नंदीश के साथ भी पहली बार शूटिंग की और बहुत मस्ती हुई। इस प्रोजेक्ट में कई 'पहली बार' वाली चीजें हुई। अभिनेता अनिल कपूर ने भी अपनी खुशी जाहिर की। सबसे पहले उन्होंने शो की होस्ट जॉनी लिवर की बेटी जैमी लिवर के काम की तारीफ की। उन्होंने कहा, 'जैमी, मैं आपका बहुत बड़ा फैन हूं। याद है, मैंने आपको सबसे पहले कॉल किया था, जब आपने करियर भी शुरू नहीं किया था।' इसके बाद अभिनेता ने टीम की सराहना करते हुए कहा, 'यहां मौजूद सभी लोग, विजय, हंसल, विक्रम, प्रोड्यूसर, मेरा पुराना दोस्त आकाश और बाकी सभी कलाकार। आप सभी के साथ काम करके बहुत मजा आया। ये सभी युवा कलाकार मुझे कड़ी टक्कर दे रहे हैं। जैसा कि मैं कहता हूं, मेरा मुकाबला बढ़ रहा है। इनके साथ मुकाबला करके मैं खुद को जवान महसूस करता हूं। आप सभी युवाओं के साथ काम करके बहुत अच्छा लगता है।'



# हमें कभी पांच फिल्मों का कॉन्ट्रैक्ट नहीं मिलता

एक्ट्रेस अदिति राव हैदरी हाल ही में 'गांधी टॉक्स' में विजय सेतुपति के अपोजिट नजर आई। अमर उजाला से खास बातचीत में उन्होंने बताया कि यह साइलेंट फिल्म उनके लिए कितनी खास थी? बातचीत के दौरान अदिति ने हिंदी फिल्मों में कम काम करने का कारण भी खुलकर बताया।

गांधी टॉक्स के लिए हामी भरने की सबसे बड़ी वजह क्या रही?

मेरा हमेशा से सपना रहा कि मैं किसी मूक फिल्म में काम करूं। जब गांधी टॉक्स मेरे पास आई, तो मैं सच में बेहद खुश हुई। फिल्म की टीम ने इसे और भी दिलचस्प बना दिया। जिस तरह किशोर (निर्देशक) ने इसका ढांचा बनाया, रहमान ने शानदार संगीत दिया और विजय सेतुपति, अरविंद स्वामी व सिद्धार्थ जाधव जैसे बेहतरीन कलाकार मिले। सबने मिलकर इस फिल्म को खास बना दिया। इसके अलावा मेरे किरदार को लेकर किशोर ने साफ कहा था कि यह सिर्फ एक लव इंटरेस्ट तक सीमित नहीं है, बल्कि कहानी का भावनात्मक हिस्सा भी है।

चार साल में हमने आपको ज्यादा हिंदी फिल्मों में नहीं देखा। क्या वजह रही?

बात बस इतनी सी है कि अगर मुझे अच्छा काम मिलेगा तो ही मैं हिंदी फिल्में करूंगी। सच्चाई यह है कि हम जैसे लोग जो बाहर से बॉलीवुड में आते हैं, हमें हर फिल्म के साथ बॉलीवुड में खुद को साबित करना पड़ता है और मैं यह बिना किसी शिकायत या नकारात्मकता के कह रही हूं। ऐसा कभी नहीं होता कि हमने पांच फिल्मों के कॉन्ट्रैक्ट साइन कर लिए हों। हमें हर नई फिल्म में खुद को फिर से प्रूव करना पड़ता है। मैं 2011 से काम कर रही हूं और मेरा मानना है कि टैलेंट अपना रास्ता खुद बना लेता है। बाकी मैं खुशकिस्मत हूं कि मुझे देश के कई शानदार निर्देशकों के साथ काम करने का मौका मिला।



# नीरज पांडे के साथ काम करना मेरे करियर के सबसे यादगार अनुभवों में से एक

भारतीय सिनेमा में जब किसी अभिनेता को बड़े फिल्मकारों और कलाकारों के साथ काम करने का मौका मिलता है, तो वह अनुभव उनके करियर को बदलने वाला साबित होता है। इस कड़ी में अभिनेता अक्षय ओबेरॉय को नीरज पांडे-रितेश शाह के निर्देशन और एक्टर मनोज बाजपेयी के साथ एक प्रोजेक्ट पर काम करने का अवसर मिला, जो उनके लिए सीखने और प्रेरणा लेने वाली यात्रा बन गई। इंटरव्यू में उन्होंने अनुभवों को साझा किया। अक्षय ओबेरॉय ने कहा, ''नीरज पांडे के साथ काम करना मेरे करियर के सबसे यादगार अनुभवों में से एक रहा है। वह जिस जॉनर में फिल्म बनाते हैं, उसमें उनकी पकड़ और समझ अनोखी है। सेट पर हर दिन उनके साथ काम करना किसी मास्टरक्लास से कम नहीं होता। उनकी सटीकता, कहानी पर पकड़ और विजुअल बनाने का तरीका मुझे लगातार सीखने का अवसर देता रहा है। मेरा मानना है कि इस फिल्म ने मुझे एक बेहतर अभिनेता बनने में मदद की है और मेरी कला को और निखारा है।'' फिल्म के निर्देशक रितेश शाह को लेकर अक्षय ने कहा, ''उनके काम की सबसे बड़ी खूबी यह है कि वह किरदारों और भावनाओं को गहराई से समझते हैं। उनके निर्देशन में हर सीन में एक वास्तविकता और वजन आता है। मैंने उनके साथ काम करते हुए हर सीन को अधिक संवेदनशील और प्रभावशाली ढंग से निभाने की कला सीखी। यह अनुभव मेरे लिए चुनौतीपूर्ण होने के साथ-साथ बेहद संतोषजनक भी रहा।''



# चिरंजीवी की अगली फिल्म में हुई अनुराग कश्यप की एंट्री

साउथ के मेगास्टार चिरंजीवी इन दिनों अपनी हालिया रिलीज फिल्म 'मन शंकर वर प्रसाद गारु' की सफलता का जश्न मना रहे हैं। इस फिल्म को न सिर्फ दर्शकों से शानदार प्रतिक्रिया मिली है, बल्कि फिल्म इंडस्ट्री के कई सितारों ने भी इसकी जमकर तारीफ की है। इसी बीच चिरंजीवी की अगली फिल्म को लेकर बड़ी खबर सामने आ रही है। रिपोर्ट्स के मुताबिक... ' चिरंजीवी ने अपनी अगली फिल्म फाइनल कर ली है, जिसका ऐलान जल्द किया जाएगा। खास बात यह है कि इस फिल्म में बॉलीवुड के जाने-माने निर्देशक और अभिनेता अनुराग कश्यप भी नजर आ सकते हैं। बताया जा रहा है कि अनुराग फिल्म में एक अहम किरदार निभाएंगे। चिरंजीवी इस प्रोजेक्ट के लिए निर्देशक बॉबी के साथ हाथ मिलाने जा रहे हैं। फिल्म का शुभारंभ फरवरी में किया जाएगा, जिसके तुरंत बाद शूटिंग शुरू होने की संभावना है।



# 'कॉकटेल 2' के बाद रोमांटिक कॉमेडी फिल्म का हिस्सा होंगे शाहिद और रश्मिका

शाहिद कपूर और रश्मिका मंदाना अपकमिंग फिल्म 'कॉकटेल 2' में एक-साथ नजर आने वाले हैं। खबर है कि इस फिल्म के अलावा वह एक नई फिल्म में नजर आएंगे। 'कॉकटेल 2' में दोनों की केमिस्ट्री को लेकर फैंस उत्साहित हैं। अब वह अनिल शर्मा के निर्देशन में बनने वाली नई फिल्म का हिस्सा होंगे।

काम करते हुए बनी बॉन्डिंग वैरायटी इंडिया के मुताबिक 'कॉकटेल 2' में काम करते हुए उनकी काफी तारीफ हुई। इस फिल्म से उनके लिए दूसरी फिल्म का रास्ता बना। बताया जाता है कि 'कॉकटेल 2' की शूटिंग के दौरान शाहिद और रश्मिका के बीच अच्छी बॉन्डिंग बन गई। जब उनसे नए प्रोजेक्ट के लिए संपर्क किया गया, तो वे एक-साथ काम करने के लिए तुरंत तैयार हो गए। अनाम फिल्म में रोमांस और कॉमेडी का मिश्रण होगा। इसे सुनील खेत्रपाल प्रोड्यूस करेंगे।

## कब रिलीज होगी 'कॉकटेल 2'

फिल्म 'कॉकटेल 2' ने निर्देशक होमी अदजानिया हैं। यह 2012 में रिलीज हुई फिल्म 'कॉकटेल' का सीक्वल है। इसमें शाहिद और रश्मिका के अलावा कृति सेनन भी अहम किरदार में हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक यह फिल्म इस साल सितंबर में रिलीज हो सकती है।

शाहिद और रश्मिका का काम वर्क फ्रंट की बात करें तो शाहिद कपूर, विशाल भारद्वाज के निर्देशन में बनी फिल्म 'ओ रोमियो' में नजर आने वाले हैं। गैंगस्टर हुसैन उस्तरा से प्रेरित यह फिल्म 13 फरवरी, 2026 को रिलीज होगी। वहीं, रश्मिका मंदाना विजय देवरकोंडा के साथ 'रणबाली' में नजर आएंगी। यह फिल्म 11 सितंबर, 2026 को रिलीज होगी।





# मैं टीवी सीरियल टाइप का काम नहीं करना चाहता था लेकिन....

**भारतीय टेलीविज़न में ओवरनाइट सक्सेस बहुत कम लोगों को मिलती है और उन्हीं बेहद कम लोगों में एक नाम पुलकित सम्राट का भी शामिल है। जी हाँ, एक साधारण से टीवी ऑडिशन, जिसे उन्होंने थोड़ी हिचकिचाहट के साथ स्वीकार किया था, वही आगे चलकर ना सिर्फ उनकी ज़िंदगी का सबसे बड़ा मोड़ साबित हुआ, बल्कि उसी ने उन्हें हर घर का चहिता चेहरा भी बना दिया।**

खुद को वर्सेटाइल एक्टर के तौर पर देखनेवाले पुलकित सम्राट अपने करियर की शुरुआत टीवी नहीं करना चाहते थे, क्योंकि उन्हें लगता था कि डेली सोप्स ज्यादातर मेलोड्रामा तक ही सीमित रहते हैं। लेकिन शायद किस्मत को कुछ और मंजूर था और उसी ने उन्हें लोकप्रियता के शिखर पर पहुंचा दिया। इस सिलसिले में पुलकित सम्राट कहते हैं, 'मुझे याद है मैंने साफ कहा था कि मैं टीवी सीरियल टाइप का काम नहीं करना चाहता, बल्कि मैं कुछ अलग और वर्सेटाइल करना चाहता था। लेकिन फिर कास्टिंग टीम ने मुझे समझाया कि यह किरदार बाकी टीवी रोल्स से अलग है। इसमें गहराई के साथ कुछ नया करने का मौका था और सबसे अहम बात यह थी कि मुझे एकता कपूर से मिलने का अवसर मिलने वाला था। इसी बात ने मुझे मुंबई आने के लिए राज़ी कर लिया और मैं रातों-रात दिल्ली से मुंबई आ गया।' गौरतलब है कि एकता कपूर पहले ही पुलकित की तस्वीरें देख चुकी थीं और उनसे मुलाकात के बाद वे निश्चिंत हो चुकी थी कि उनके सीरियल 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी' के लक्ष्य वीरानी वही होंगे। ऐसे में मुंबई आते ही उनकी ग्रूमिंग शुरू हुई। उन्हें नया हेयरकट दिया गया और स्क्रीन टेस्ट कराया गया और फुटेज देखते ही उनके नाम पर मोहर लगाते हुए एकता कपूर ने कहा, 'ओके, डन। रेडी।' हालांकि इस बड़ी सफलता के बीच भी पुलकित को रह-रहकर अपना परिवार याद आ रहा था, जिन्हें वे बिना बताए दिल्ली छोड़कर मुंबई चले आए थे। उनसे मिलने की तड़प और अपनी कामयाबी की खबर देने के लिए उन्होंने पीठ दर्द का बहाना बनाते हुए एक रात के लिए दिल्ली लौटने की इजाजत मांगी और पहुँच गए अपने पैरेंट्स से मिलने। दिल्ली एयरपोर्ट पर अपने पैरेंट्स को देखते ही वे भावुक हो उठे। उस घटना को याद करते हुए पुलकित बताते हैं, 'आंखों में आंसू लिए मैं उनके गले लगा। शब्द बहुत काम थे, बस थी तो भावनाएं। हालांकि कुछ ही घंटों बाद मैं फिर से मुंबई लौट आया लेकिन इस बार एक नए आत्मविश्वास और बदली हुई जिंदगी के साथ लौटा था।'

'क्योंकि सास भी कभी बहू थी' में पुलकित की एंट्री बेहद खास रही थी। शो की जेनरेशन लीप के साथ उन्हें लॉन्च किया गया था और वे 'वो कृष्णा है' गीत के साथ सीधे दर्शकों के दिलों में उतर गए। गौर करनेवाली बात ये भी है कि यह किसी टीवी किरदार के लिए बनाए गए शुरुआती फुल-लेंथ लॉन्च सॉन्ग्स में से एक था। और इस तरह मौनी रॉय के साथ मिलकर वह नई पीढ़ी का चेहरा बने। इस सिलसिले में पुलकित कहते हैं, 'रातों-रात मैं एक जाना-पहचाना नाम बन चुका था और फिर उसके बाद मैंने कभी पीछे मुड़कर नहीं देखा।

## 'ग्लोरी' से ओटीटी पर कदम रखने जा रहे हैं पुलकित

'फुकरे' की लोकप्रियता के बाद 'तैश', 'सनम रे' और 'राहु केतु' में अलग-अलग तरह के किरदार निभाते हुए फिलहाल वे 'ग्लोरी' से न सिर्फ ओटीटी प्लेटफॉर्म पर कदम रखने जा रहे हैं, बल्कि पहली बार बॉक्सर का किरदार निभाते हुए अपने करियर को लगातार आगे बढ़ा रहे हैं। फिलहाल पुलकित सम्राट की यह कहानी बताती है कि कभी-कभी एक सही मौका पूरी ज़िंदगी बदल देता है, लेकिन उस मौके को आगे ले जाने के लिए मेहनत, धैर्य और सही फैसले सबसे जरूरी होते हैं।

# टी20 विश्वकप : जिम्बाब्वे ने ऑस्ट्रेलिया को 23 रनों से हराकर किया उलटफेर



**कोलंबो (एजेंसी)।** जिम्बाब्वे ने टी20 विश्व कप 2026 मुकाबले में दो बार की विजेता रही ऑस्ट्रेलिया को 23 रन से हराकर इस विश्वकप का पहला उलटफेर किया है। इस मैच में जिम्बाब्वे ने ऑस्ट्रेलिया को जीत के लिए 170 रनों का लक्ष्य दिया था जिसका पीछा करते हुए ऑस्ट्रेलियाई टीम 146 रनों पर ही सिमट गयी। ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज जिम्बाब्वे के गेंदबाजों का सामना नहीं कर पाये। ब्लेसिंग मुज़रबानी ने 4 विकेट जबकि ब्रैड इवांस ने 3 विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करते हुए ऑस्ट्रेलिया की शुरुआत खराब रही। टीम ने 29 रन पर चार विकेट खो दिये। इसके बाद मैट रेनशॉ 65 और ग्लेन मैक्सवेल 31 ने पांचवें विकेट के लिए 75 रन की साझेदारी कर टीम को वापसी कराने का प्रयास किया पर जिम्बाब्वे के गेंदबाजों ने उन्हें खुलकर खेलने नहीं दिया।

वहीं इससे पहले ऑस्ट्रेलियाई टीम ने टॉस जीतकर जिम्बाब्वे को पहले बल्लेबाजी के लिए बुलाया। उसका ये फैसला ठीक नहीं रहा। जिम्बाब्वे के बल्लेबाजों ने अच्छी शुरुआत की सलामी बल्लेबाज ब्रायन बेनेट की नाबाद 64 रन की पारी की बदौलत जिम्बाब्वे ने दो विकेट पर 169 रन बनाये। बेनेट ने 56 गेंदों पर सात चौके लगाकर अपनी टीम के रन रेट को बनाये रखा। जिम्बाब्वे ने 15 ओवर में ही एक के नुकसान पर 125 रन बना लिए थे पर इसके बाद ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाजों ने कसी हुई गेंदबाजी करते हुए बचे हुए पांच ओवरों में केवल 44 रन ही दिए। जिम्बाब्वे की ओर से विकेटकीपर तादिवानाशे मारुमानी ने 35 और रयान बर्ल ने 35 रन जबकि ऑस्ट्रेलियास की ओर से मार्कस स्टोइनिस और कैमरन ग्रीन ने एक-एक विकेट लिया। ऑस्ट्रेलिया इस विश्व कप में अपने कई बड़े खिलाड़ियों के बिना खेल रही है, जिसका उन्हें आज नुकसान भी उठाना पड़ा। ऑस्ट्रेलियाई टीम के कप्तान मिचेल मार्श इस मैच में चोट की वजह से नहीं खेल पाये। ऐसे में ट्रेविस हेड टीम की कप्तानी करते हुए दबाव में आ गये और बड़ी पारी नहीं खेल पाये।

## अर्यांश और सोहैब की शानदार बल्लेबाजी से यूएई ने कनाडा को हराया

**नई दिल्ली ।** अर्यांश शर्मा और सोहैब खान के शानदार प्रदर्शन से यूएई ने टी20 विश्वकप मुकाबले में कनाडा को पांच विकेट से हरा दिया। ग्रुप-डी के इस मुकाबले में में कनाडा ने यूएई को जीत के लिए 151 रनों का लक्ष्य दिया था। इसे यूएई ने 19.4 ओवरों में ही हासिल कर लिया। यूएई की ये इस टूर्नामेंट में पहली जीत है। यूएई की जीत में सलामी बल्लेबाज अर्यांश की



अहम भूमिका रही। अर्यांश ने 6 चौके और तीन छक्के लगारक 53 गेंद पर नाबाद 74 रन बनाए। वहीं सोहैब ने केवल 29 गेंदों पर 51 रन बनाये। इसमें चार छक्के और चार चौके शामिल रहे। अर्यांश और सोहैब के बीच पांचवें विकेट के लिए 84 रनों की साझेदारी हुई, जिसने टीम लक्ष्य तक पहुंच पायी। वहीं कनाडा की ओर से साद बिन जफर ने सबसे ज्यादा तीन विकेट लिए। वहीं .इससे पहले टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए कनाडा ने 7 विकेट पर 150 रन बनाए। कनाडा की ओर से हर्ष ठाकेर ने 3 छक्के और दो चौके की मदद से 41 गेंदों पर सबसे अधिक 50 रन बनाये। वहीं . इसके अलावा नवनीत धालीवाल ने चार चौके लगाकर 28 गेंद पर 34 रनों की पारी खेली। विकेटकीपर बल्लेबाज श्रेयस मोव्वा ने 21 रन बनाये। यूएई की ओर से तेज गेंदबाज जुनैद सिद्दीकी ने 5 विकेट लिए।

## इंडिया अंडर-17 पुरुष टीम को दूसरे फ्रेंडली मैच में होस्ट तुर्किये से मिली हार



**मानवगत (तुर्की) (एजेंसी)।** इंडिया अंडर-17 पुरुष टीम यहां अंताल्या के मानवगत अतातुक स्टेडियम में होस्ट तुर्किये के खिलाफ अपने दूसरे फ्रेंडली मैच में 1-6 से हार गई। इंडिया मंगलवार को पहले फ्रेंडली मैच में 0-1 से हार गई थी। ब्लू कोल्ट्स इन मैचों का इस्तेमाल एएफसी अंडर17 एशियन कप सऊदी अरब 2026 की तैयारी के लिए कर रहे हैं, जो मई में होगा।

इंडिया ग्रुप डी में उज्बेकिस्तान, ऑस्ट्रेलिया और डीपीआर कोरिया से भिड़ेगा। गुरुवार को तेज हवा और बारिश वाले हालात में खेले गए मैच में, तुर्किये ने एफे सेसिल की मदद से शुरुआती बढ़त बनाई, जिन्होंने सातवें मिनट में बॉक्स के अंदर एक पतले एंगल से लूज बॉल को गोल में पहुंचाया।

इंडिया के थोड़े विरोध के बाद होस्ट्स ने बिबियानो फर्नांडीस की टीम को फिर से हरा दिया और हाफ-टाइम तक 5-0 की बढ़त बना ली। एफे फेटाहोग्लू ने 14वें मिनट में पेनल्टी स्पॉट से गोल किया, जिसके बाद अलाएटिन एकिसी ने जल्दी से दो गोल किए - 20वें मिनट में 10 याड से पहली बार में लिए गए शॉट को गोल में बदला और 28वें मिनट में दाईं ओर से आए क्रॉस को हेड करके स्कोर 4-0 कर दिया। कप्तान एरेन सयार ने 30वें मिनट में पांचवां गोल किया। भारत ने दूसरे हाफ में कुछ सुधार दिखाया और रीस्टाट के बाद जल्दी ही एक गोल वापस कर लिया। 47वें मिनट में, डायमंड सिंह थोकचोम ने बॉक्स के ठीक बाहर डेनी सिंह वांगखेम को चुना। बाद वाले ने 20 यार्ड की दूरी से दूर कोने में एक शानदार शॉट मारकर भारत को स्कोरशीट में ला दिया। तुर्किये ने 85वें मिनट में स्कोरिंग पूरी की, हसन टंसेल बॉक्स में घुसे और बाएं पैर से शॉट मारकर निचले कोने में गोल कर दिया।

## 2027 एकदिवसीय विश्वकप जीतना चाहते हैं रोहित

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान रोहित शर्मा का कहना है कि उनका लक्ष्य 2027 एकदिवसीय विश्वकप में टीम को जीत दिलाना है। रोहित की कप्तानी में ही भारतीय टीम पिछली बार फाइनल में पहुंचने के बाद भी हार के कारण खिताब हासिल नहीं हासिल कर पायी थी। इसके बाद उनकी कप्तानी में भारतीय टीम ने टी20 विश्व कप 2024 और चैंपियंस ट्रॉफी 2025 का खिताब जीता पर विश्व कप 2023 का खिताब न जीत पाने की निराशा उनके दिल से निकल नहीं पा रही है। इसी कारण रोहित अब एकदिवसीय प्रारुप में ही खेल रहे है और किसी भी हालत में इस खिताब को जीतकर ही संन्यास लेना चाहते हैं। रोहित ने एक कार्यक्रम में कहा कहा, वह केवल विश्व कप 2027 खेलना नहीं चाहते हैं बल्कि जीतना भी चाहते हैं। उन्होंने कहा, मैं 50-ओवर का विश्व कप देखते-देखते हुए बड़ा हुआ हूं। उस समय कोई टी20 विश्व कप नहीं था, कोई आईपीएल नहीं था और एकदिवसीय विश्वकप ही क्रिकेट का सबसे ऊंचा खिताबी मुकाबला था, जो हर चार साल में होता था। इसलिए इससे हासिल करने का सपना सभी का होता था। उस एक ट्रॉफी का इतना ज्यादा बोझ था। मैं सच में वह ट्रॉफी हासिल करना चाहता हूं, इसलिए मैं कड़ी मेहनत करने और उसे पाने के लिए अपनी पूरी ताकत और क्षमता का उपयोग



करना चाहता हूं। मैं अपने देश के लिए ये विश्व कप जीतना चाहता हूं। रोहित ने टी20 और टेस्ट से पहले ही संन्यास ले लिया है जिससे की उनकी फिटनेस 2027 विश्व कप तब बनी रहे। पिछले 6 महीने में रोहित ने अपनी फिटनेस पर काम किया और अपना वजन भी घटाया है। उनकी बल्लेबाजी में भी बदलाव आया है। न्यूजीलैंड के खिलाफ सीरीज में भले ही वह सफल नहीं रहे पर ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ उनका प्रदर्शन अच्छा रहा था। जिस प्रकार से वह फिटनेस और फॉर्म को बरकरार रखने का प्रयास कर रहे हैं। उससे अंदाजा होता है कि वह विश्वकप को लेकर कितने गंभीर और समर्पित हैं। 2027 विश्वकप दक्षिण अफ्रीका, जिम्बाब्वे और नामीबिया में संयुक्त रुप से खेला जाएगा।

# टी20 वर्ल्ड कप: भारत-पाक मैच के कारण कोलंबों का हवाई किराया बढ़ा ,होटलों में कमरों की मांग बढ़ी

**मुम्बई (एजेंसी)।** 15 फरवरी को श्रीलंका में होने वाले भारत-पाकिस्तान क्रिकेट टीमों के बीच मुकाबले को लेकर कोलंबो की उड़ानों और होटलों का किराया काफी बढ़ गया है। इसी कारण 13 और 14 फरवरी की टिकटों के दाम 50 फीसदी तक बढ़ गये हैं। एक रिपोर्ट के अनुसार दिल्ली सहित प्रमुख शहरों से कोलंबो जाने वाली सीधी उड़ाने का किराया एक लाख रुपये से ऊपर से अधिक बढ़ गया है। आम दिनों के हिसाब से कीमतें करीब दोगुनी हो गयी हैं। यह बढ़ोतरी काफी ज्यादा है।

इसस कारण इस रुट पर टिकटों की मांग बढ़ना है। इससे किराया बढ़ना स्वाभाविक है। उड़ानों का किराया बढ़ने अलावा होटल कारोबार में भी तेजी आई है।मैच से पहले की तारीखों में कई होटलों के कमरों की की कीमतें काफी बढ़ गयी हैं क्योंकि ये तेजी से बुक हुए हैं। भारत-पाक मुकाबलों को लेकर प्रशंसकों में हमेशा से ही उत्साह रहा है। ऐसे मुकाबलों से पर्यटन को भी बढ़ावा मिलता।द्य

प्राप्त जानकारी के अनुसार मुंबई से कोलंबो के लिए रिटर्न किराया ही अब करीब 70 हजार रुपये तक पहुंच गया है। दिल्ली से जाने पर किराया 90 हजार से 1 लाख रुपये के बीच है। वहीं हैदराबाद से लगभग 80 हजार रुपये का खर्च आ रहा है, जबकि बेंगलुरु, कोलकाता, अहमदाबाद और पुणे से किराया 60 से



65 हजार रुपये तक है। चेन्नई और कोचिन से किराया 50 हजार रुपये है। 13 और 14 तारीख की उड़ानों में करीब 1,000 से 2,000 रुपये की बढ़ोतरी हुई है, जो औसतन 10 से 20 फीसदी तक है। हालांकि मैच वाले दिन 15 तारीख को किराए में अतिरिक्त वृद्धि नहीं देखी गई।

इस मैच के कारण केवल उड़ानें ही नहीं, कोलंबो के होटलों में कमरों की मांग भी बढ़ी हैं। शहर के प्रमुख और प्रीमियम इलाकों में स्थित होटलों के कमरों की कीमतें बढ़ी हैं।इससे श्रीलंका के छोटे शहरों से भी लोग कोलंबो पहुंच रहे हैं जिससे भी होटल के साथ ही अन्य कारोबारियों को भी लाभ हुआ है क्योंकि मांग में तेजी आई है। कई कंपनियां भी कपने कुछ कर्मचारियों को मैच के लिए विशेष पैकेज के तहत कोलंबो ले जा रही हैं। इससे साफ है कि बड़े खेल आयोजनों में कॉरपोरेट सेक्टर की रुचि भी बढ़ रही है।

## PGTI लीग की नीलामी में शामिल होंगे 170 गोल्फर



नई दिल्ली। भारतीय पेशेवर गोल्फ टूर (PGTI) की प्रमुख लीग '72 द लीग' की सोमवार को यहां होने वाली पहली नीलामी में 11 देशों के 170 पेशेवर गोल्फर हिस्सा लेंगे। इस लीग में गोल्फरों के लिए कुल 60 स्थान उपलब्ध होंगे, क्योंकि छह फ्रेंचाइजी में से प्रत्येक अपनी-अपनी टीमों के लिए 10 खिलाड़ियों का चयन करेगी। नीलामी की कुल राशि छह करोड़ रुपए है। PGTI ने यह लीग गेम ऑफ लाइफ स्पोर्ट्स (GOLS) के सहयोग से शुरू की है। लीग 21 फरवरी को शुरू होगी और इसका फाइनल छह मार्च को खेला जाएगा। नीलामी के लिए जिन 170 गोल्फर ने अपना नाम दर्ज कराया है, उन्हें तीन श्रेणियों प्लैटिनम, गोल्ड और सिल्वर में रखा गया है।

## इसी माह डीवाई पाटिल टी20 टूर्नामेंट में खेलेंगे वैभव



नई दिल्ली। हाल में अंडर-19 विश्वकप क्रिकेट में शानदार प्रदर्शन कर सभी को प्रभावित करने वाले युवा बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी अब इसी माह 23 फरवरी मुंबई में होने वाले डीवाई पाटिल टी20 टूर्नामेंट में खेल सकते हैं। नवी मुंबई में होने वाले इस क्रिकेट टूर्नामेंट में करीब16 टीमें हिस्सा लेती हैं, और इसी में से किसी एक टीम से वैभव उतर सकते हैं। इससे उन्हें इसके बाद खेले जाने वाले आईपीएल के लिए भी अभ्यास का अच्छा अवसर मिलेगा। इस टूर्नामेंट में कई बड़े खिलाड़ी भी शामिल होते हैं। वैभव अभी नागपुर के पास तालेगांव में हैं, जहां राजस्थान रॉयल्स ने अभ्यास सत्र के लिए तैयारी की है। यहीं पर वैभव आईपीएल सत्र की तैयारी में लगे हैं। ये शिविर 21 फरवरी तक चलेगा जिसके बाद वैभव पटना वापस जाएंगे। वह अपने शहर में एक प्रमोशनल इवेंट में भी शामिल होंगे। यहां उन्हें एक गाड़ी उपहार में दिये जाने की उम्मीद है। इसके बाद डीवाई पाटिल टूर्नामेंट के लिए मुंबई पहुंचेंगे। गौरतलब है कि डीवाई पाटिल टूर्नामेंट, देश के सबसे पुराने टी20 टूर्नामेंटों में से एक है, जो 2003 में शुरू हुआ था। पिछले साल इस टूर्नामेंट में क्रुणाल पंड्या और हार्दिक पंड्या खेलते नजर आए थे। शिवम दुबे, नेहल वढेरा, दीपक चाहर और कई अन्य खिलाड़ी भी इसमें शामिल हुए थे।

# विक्टोरिया म्बोको ने ऑस्ट्रेलियन ओपन चैंपियन रयबाकिना को हराकर सेमीफाइनल में बनाई जगह

**दोहा (एजेंसी)।** पिछले कुछ महीनों में विक्टोरिया म्बोको ने टॉप 15 में पहुंचने के दौरान कई मौकों पर चैंपियन वाली सोच दिखाई है। कनाडा की इस टीनेजर ने शुक्रवार को कतर टोटल एनर्जीज ओपन में इसे फिर से दिखाया, फाइनल सेट में ब्रेक डाउन से उबरकर दूसरी सीड और मौजूदा ऑस्ट्रेलियन ओपन चैंपियन एलेना रयबाकिना को क्वार्टरफाइनल में बाहर कर दिया।

म्बोको अभी नंबर 13 पर हैं, पिछले अगस्त में मॉन्ट्रियल में नेशनल बैंक ओपन में अपने सफल टाइटल रन के रास्ते में रयबाकिना को पहले ही हरा चुकी थीं। लेकिन यह वर्ल्ड नंबर 3 थीं जिन्होंने पिछले साल वाशिंगटन और टोक्यो में म्बोको को हराने के बाद अपने हेड-टू-हेड रिकॉर्ड में 2-1 की बढ़त के साथ मैच में एंट्री की थी। उनकी नई दुश्मनी का चौथा चैप्टर तब शुरू हुआ जब म्बोको ने 2-0 की बढ़त बना ली, लेकिन रयबाकिना ने अगले छह में से पांच गेम जीतकर 5-3 की बढ़त बना ली। लेकिन कनाडाई खिलाड़ी ने फिर से मोमेंटम बदला, लगातार चार गेम जीतकर पहला सेट 7-5 से अपने नाम कर लिया।

रयबाकिना ने दूसरे सेट में जवाब दिया, जल्दी ब्रेक करके 3-1 की बढ़त बना ली। म्बोको ने ब्रेक करके 3-3 से बराबरी कर ली, लेकिन कज़ाख खिलाड़ी ने सेट 6-4 से अपने नाम कर लिया। रयबाकिना ने निर्णायक गेम के पांचवें गेम में एक बार फिर सर्विस तोड़ी और 4-2 से आगे हो गईं, लेकिन म्बोको ने फिर से अपना लेवल बढ़ाया। मुश्किल में होने के बावजूद, वह आक्रामक रहीं और 4-4 से वापसी की। 5-4 पर सर्विस करते हुए, म्बोको ने 10वें गेम में रयबाकिना की सर्विस पर 0-40 पर तीन मैच पॉइंट हासिल किए, लेकिन कज़ाख खिलाड़ी ने तीनों बचा लिए।

म्बोको ने कुछ देर बाद चौथा मैच पॉइंट हासिल किया, और इस बार इसका फ़ायदा उठाया। वह दूसरी सर्व में आईं और बैकहैंड रिटर्न मारा, जिससे रयबाकिना की गलती नेट में चली गई और 2 घंटे 23 मिनट में 7-5, 4-6, 6-4 से जीत पक्की हो गई। पूर्व फ्रेंच ओपन चैंपियन एलेना ओस्तापेंको इटली की लकी लूजर एलिसाबेटा कोकियारेटो पर 7-5, 6-4 से कड़ी टक्कर के साथ चौथी बार दोहा में सेमीफाइनल में पहुंचीं।



लातवियाई खिलाड़ी ने दोहा में अपने करियर की 24वीं जीत दर्ज की, जो टूर्नामेंट के इतिहास में किसी भी खिलाड़ी की सबसे ज्यादा जीत है। यह म्बोको और ओस्तापेंको के बीच पहली मुलाकात होगी। अगर म्बोको जीत जाती हैं, तो वह डब्ल्यूटीए रैंकिंग में टॉप 10 में पहुंचने वाली चौथी कनाडाई बन जाएंगी।

## अश्विन बोले, पाक स्पिनर तारिक का इस प्रकार सामना करे भारतीय टीम

चेन्नई। पूर्व स्पिनर आर अश्विन ने कोलंबो में रविवार को पाकिस्तान के खिलाफ होने वाले मुकाबले से पहले भारतीय टीम को अहम सलाह दी है। अश्विन के अनुसार पाक ऑफ स्पिनर उस्मान तारिक की रुक कर आने वाली साइड आर्म एक्शन से की गई गेंदों को फेंकते समय जब वह रुके तो बस क्रीज से दूर हट जाएं। तारिक की रुक-रुक कर गेंदबाजी करने की शैली पर काफी सवाल उठे हैं हालांकि अभी तक आईसीसी ने उनपर रोक नहीं लगायी है। तारिक ने अपनी इस अजीब गेंदबाजी से ने अब तक केवल चार टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में ही प्रति ओवर छह रन से भी कम देकर 11 विकेट लिए हैं। ऐसे में वह भारतीय टीम के बल्लेबाजों के लिए परेशानी खड़ी कर सकते हैं। अश्विन ने कहा, अगर गेंदबाज गेंद फेंकने से पहले थोड़ा रुक जाता है, तो बल्लेबाज को दूर हटने का अधिकार है। वह कह सकता है कि मुझे लगा कि वह रुक रहा है। इससे अंपायर के लिए बड़ी संशय की हालत होगी। उन्होंने कहा, अगर मैं वहां होता तो मैं भी यही करता।

## कुक जलडमरूमध्य को पार करने वाले पहले एशियाई पैरा तैराक बने भारत के सतेंद्र सिंह



नई दिल्ली। भारत के सतेंद्र सिंह लोहिया न्यूजीलैंड में कुक जलडमरूमध्य को पार करने वाले एशिया के पहले पैरा तैराक बन गए हैं। मध्य प्रदेश के भिंड जिले के रहने वाले 38 वर्षीय लोहिया को 2024 में पद्मश्री से सम्मानित किया गया था। लोहिया ने सोशल मीडिया पर पोस्ट किया, 'ऐतिहासिक उपलब्धि। न्यूजीलैंड में कुक जलडमरूमध्य पर जीत। दुनिया के सबसे चुनौतीपूर्ण समुद्री मार्गों में से एक न्यूजीलैंड के कुक जलडमरूमध्य को अपनी टीम के साथ सफलतापूर्वक पार करने के बाद आज मैं बेहद भावुक और गौरवान्वित महसूस कर रहा हूं। पहली बार एशिया के किसी पैरा तैराक ने कुक जलडमरूमध्य को पार किया है।' अधिकारियों के अनुसार यह पैरा तैराक जनवरी के तीसरे सप्ताह में न्यूजीलैंड पहुंचा और वहां उन्होंने बेहद ठंडे पानी में कड़ा अभ्यास किया। उन्होंने नौ घंटे और 22 मिनट में 23.6 किलोमीटर तैरकर यह उपलब्धि हासिल की। मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने कहा, 'पद्मश्री और तेनजिंग नोर्गे राष्ट्रीय साहसिक पुरस्कार से सम्मानित मध्य प्रदेश के अंतरराष्ट्रीय पैरा तैराक सतेंद्र एस लोहिया ने दुनिया के सबसे कठिन समुद्री मार्गों में से एक न्यूजीलैंड के कुक जलडमरूमध्य को सफलतापूर्वक पार करके इतिहास रच दिया है।' उन्होंने कहा, 'वह कुक जलडमरूमध्य को पार करने वाले एशिया के पहले पैरा तैराक बन गए हैं। मैं इस असाधारण उपलब्धि पर उन्हें हार्दिक बधाई देता हूं। देश और मध्य प्रदेश के लिए यह गौरवशाली क्षण उनकी अदम्य भावना और अटूट दृढ़ संकल्प को दर्शाता है, जो आने वाली पीढ़ियों को प्रेरित करता रहेगा।' डायरिया का उचित इलाज नहीं हो पाने के कारण लोहिया बचपन में ही दिव्यांग हो गए थे। उन्होंने 2017 में समुद्री तैराकी का अपना सफर शुरू किया था। वह इंग्लिश चैनल को भी पार कर चुके हैं।

# टी20 वर्ल्ड कप : मोहम्मद आमिर का अभिषेक शर्मा पर तीखा हमला, आउट करने की योजना भी बता गए

**मुम्बई (एजेंसी)।** आईसीसी पुरुष टी20 वर्ल्ड कप 2026 में भारत और पाकिस्तान के बहुप्रतीक्षित मुकाबले से पहले माहौल गरमा गया है। पाकिस्तान के पूर्व तेज गेंदबाज़ मोहम्मद आमिर ने भारतीय सलामी बल्लेबाज़ अभिषेक शर्मा की बल्लेबाजी शैली पर सवाल उठाए हैं। आमिर का कहना है कि अभिषेक आक्रामक तो हैं, लेकिन तकनीकी रूप से मजबूत नहीं। खास बात यह है कि ये बयान 15 फरवरी को होने वाले भारत-पाकिस्तान ग्रुप मैच से ठीक पहले आए हैं, जिससे मुकाबले का रोमांच और बढ़ गया है।

### आमिर का दावा: 'सिर्फ ताकत, तकनीक नहीं'

एक पाकिस्तानी टीवी कार्यक्रम में बातचीत के दौरान आमिर ने कहा कि अभिषेक की बल्लेबाजी हाई-रिस्क पर आधारित है। उनके मुताबिक, वह लगभग हर गेंद पर बड़ा शॉट खेलने की कोशिश करते हैं जिससे उनके आउट होने की संभावना भी बढ़ जाती है। आमिर का मानना है कि अभिषेक की पारियां निरंतर नहीं रही



हैं। उन्होंने संकेत दिया कि कई मैचों में छोटी पारियों के बाद एक बड़ी पारी आती है, लेकिन यह स्थिरता नहीं दर्शाती। आमिर ने साफ शब्दों में कहा कि उनकी नजर में अभिषेक तकनीकी रूप से परिपक्व बल्लेबाज नहीं हैं।

### 'ऐसे करें आउट' - आमिर की रणनीति

आमिर ने सिर्फ आलोचना ही नहीं की, बल्कि अभिषेक को आउट करने की योजना भी साझा की। उनका सुझाव था कि डीप कवर पर फील्डर तैनात कर शरीर की लाइन पर गेंदबाजी की जाए। इसके अलावा, उन्होंने धीमी गति की गेंदों (स्लोअर डिलीवरी) को प्रभावी हथियार बताया। कोलंबो में खेले जाने वाले इस हाई-वोल्टेज मैच में आमिर के अनुसार यही रणनीति भारतीय बल्लेबाज़ को फंसाने में कारगर हो सकती है।

### आंकड़े क्या कहते हैं?

आलोचना के बावजूद अभिषेक के टी20 अंतरराष्ट्रीय आंकड़े प्रभावशाली हैं। उन्होंने लगभग 200 के स्ट्राइक रेट से 1,297 रन बनाए हैं, जो उन्हें टूर्नामेंट में शीर्ष रैंक वाले बल्लेबाज़ों में शामिल करता है। उनकी आक्रामक शैली ने कई मौकों पर भारत को तेज शुरुआत दी है। हालांकि, यह भी सच है कि टी20 क्रिकेट में जोखिम भरा खेल दोधारी तलवार की तरह होता है। अगर टाइमिंग सही हो तो मैच पलट सकता है, और चूक होने पर पारी जल्दी समाप्त हो सकती है।

### बीमारी से जूझ रहे अभिषेक

भारत-पाकिस्तान मुकाबले से पहले एक और चिंता की बात यह है कि अभिषेक फिलहाल अस्वस्थ बताए जा रहे हैं। यदि वह फिट नहीं हो पाते, तो टीम संयोजन पर असर पड़ सकता है। ऐसे में उनकी उपलब्धता पर सभी की नजरें टिकी हुई हैं।

### अभिषेक का जवाब: तैयारी पूरी

अभिषेक पहले भी स्वीकार कर चुके हैं कि तेज गेंदबाज उनके खिलाफ गति कम रखते हैं और विविधताओं का इस्तेमाल करते हैं। न्यूज़ीलैंड राष्ट्रीय क्रिकेट टीम के खिलाफ हालिया सीरीज के दौरान उन्होंने कहा था कि वह संभावित रणनीतियों को ध्यान में रखकर अभ्यास करते हैं। उनका मानना है कि अगर आक्रामक क्रिकेट खेलना है, तो हर तरह की गेंदबाज़ी के लिए तैयार रहना होगा। यही मानसिकता उन्हें बड़े मंच पर आत्मविश्वास देती है।

### भारत-पाकिस्तान मैच पर असर

भारत और पाकिस्तान राष्ट्रीय क्रिकेट टीम के बीच होने वाला मुकाबला हमेशा भावनाओं और दबाव से भरा होता है। आमिर की टिप्पणी ने इस टकराव में नया मसाला जोड़ दिया है। अब देखना होगा कि अभिषेक मैदान पर बल्ले से जवाब देते हैं या आमिर की रणनीति कामयाब होती है। टी20 वर्ल्ड कप 2026 के इस महामुकाबले में सिर्फ रन और विकेट ही नहीं, बल्कि मानसिक बढ़त भी अहम भूमिका निभाएगी।

## आयरलैंड के कप्तान स्टर्लिंग विश्वकप से बाहर हुए



नई दिल्ली। आयरलैंड क्रिकेट टीम के कप्तान पॉल स्टर्लिंग घुटने में चोट के कारण विश्वकप से बाहर हो गए हैं। स्टर्लिंग को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मैच में जोश इंग्लिस का कैच पकड़ते समय ये चोट लगी। इसके बाद ही वह मैदान से बाहर चले गये। इस कारण लोरकान टकर ने टीम की कप्तानी की थी। वह बल्लेबाजी के लिए मैदान पर उतरे लेकिन रन लेने के दौरान उन्हें काफी परेशानी हुई जिस कारण उन्हें रिटायर हर्ट होकर वापस जाना पड़ा। इसके बाद जांच में उनकी चोट गंभीर पायी गयी जिससे वह टूर्नामेंट से बाहर हो गए हैं। वहीं उनकी जगह टीम में अब अनकैप्ड विकेटकीपर-बल्लेबाज सैम टॉपिंग को टीम में शामिल किया है। टॉपिंग अभी चेन्नई में अभ्यास सत्र से गुजर रहे हैं। टीम के एक अन्य खिलाड़ी बेन कैलिट्ज़ भी फिट नहीं हैं। ऐसे में स्टर्लिंग के बाहर होने से आयरलैंड की मुश्किलें और बढ़ गयी हैं।

## झारखंड : हजारीबाग में हाथियों का आतंक, एक ही परिवार के चार समेत 6 की मौत

हजारीबाग (एजेंसी)। झारखंड के हजारीबाग जिले में गुरुवार देर रात हाथियों के झुंड ने जमकर उत्पात मचाया। चुरचू प्रखंड के गोंदवार गांव में हुए इस हमले में एक ही परिवार के चार सदस्यों समेत कुल छह लोगों की दर्दनाक मौत हो गई। घटना रात करीब एक से दो बजे के बीच की बताई जा रही है। हादसे के बाद पूरे गांव में मातम और दहशत का माहौल है। स्थानीय ग्रामीणों के अनुसार पांच हाथियों का झुंड अचानक बस्ती में घुस आया। अधिकतर लोग गहरी नींद में थे। हाथियों ने कच्चे मकानों को तोड़ दिया और बाहर निकलकर जान बचाने की कोशिश कर रहे लोगों को कुचल दिया। शोर मचाकर और मशाल जलाकर ग्रामीणों ने हाथियों को भगाने की कोशिश की, लेकिन झुंड काफी देर तक गांव के आसपास डटा रहा। मृतकों में सूरज भूइया (55), उनकी पुतोहु सुमन देवी (25) और दो मासूम बच्चे शामिल हैं। इसके अलावा मंगरा भुईयां (58) और धनेश्वर राम (करीब 55) की भी जान चली गई। एक ही परिवार के चार सदस्यों और अन्य की हुई मौत से गांव में शोक की लहर है। हाथियों के उत्पात की सूचना मिलते ही दारू और चरही वन विभाग की टीमें रात में ही मौके पर पहुंचीं। यह क्षेत्र दारू वन क्षेत्र के अंतर्गत आता है। वन विभाग के फॉरेस्टर मुकेश कुमार ने बताया कि टीम ने हालात का जायजा लिया है और मुआवजा प्रक्रिया शीघ्र शुरू की जाएगी। पुलिस ने सभी शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वन विभाग ने इलाके में गश्त बढ़ा दी है और ग्रामीणों को रात के समय सतर्क रहने की सलाह दी है। ग्रामीणों का कहना है कि करगी जंगल के आसपास हाथियों की गतिविधि लगातार बढ़ रही है और झुंड इन दिनों काफी उग्र है। उन्होंने प्रशासन से स्थायी समाधान और मृतकों के परिजनों को शीघ्र मुआवजा देने की मांग की है।

## मुख्तार के शूटर शोएब की दिनदहाड़े हत्या

बाराबंकी (एजेंसी)। बाराबंकी में माफिया मुख्तार अंसारी के शूटर शोएब किदवई उर्फ बॉबी की गोली मारकर हत्या कर दी गई। वारदात शुक्रवार दोपहर उस वक्त हुई, जब वह कार से लखनऊ से बाराबंकी जा रहा था। हाईवे से 100 मीटर आगे बढ़ते ही दो बाइक सवार बदमाश आ गए। जब तक शोएब कुछ समझ पाता, उसकी कार पर पिस्टल से अंधाधुंध फायरिंग शुरू कर दी गई। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, शोएब पर 25 से ज्यादा गोलियां चलाई गईं। वह घायल होकर गिर पड़ा। वारदात के बाद हमलावर अयोध्या की तरफ फरार हो गए। सूचना मिलते ही पुलिस तत्काल पहुंची और शोएब को अस्पताल ले आई, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। वारदात कोतवाली क्षेत्र के लखनऊ-अयोध्या हाईवे पर असेनी मोड़ के पास हुई। कार पर जगह-जगह बुलेट के निशान हैं। पुलिस ने घटनास्थल को सील कर दिया है। फॉरेंसिक टीम मौके से साक्ष्य जुटा रही है।

## रणवीर-रोहित को फिर मिली धमकी



मुंबई (एजेंसी)। बॉलीवुड एक्टर रणवीर सिंह और फिल्ममेकर रोहित शेट्टी को एक बार फिर धमकी मिली है। लॉरेंस गैंग से जुड़े गैंगस्टर हैरी बॉक्सर के नाम से यह धमकी दी गई है। इससे पहले रोहित शेट्टी के घर पर हुई पांच राउंड फायरिंग की घटना के बाद 10 फरवरी को रणवीर सिंह को पहली धमकी मिली थी। पुलिस में शिकायत दर्ज कराने को लेकर दोनों को दोबारा धमकाया गया है। कथित धमकी संदेश में रणवीर सिंह का नाम लेते हुए कहा गया कि उन्होंने ही रोहित शेट्टी को शिकायत करने की सलाह दी थी। संदेश में उनके मैनेजरों और परिवार की गतिविधियों की जानकारी होने का दावा करते हुए गंभीर परिणाम भुगतने की चेतावनी दी गई है, जिसमें कहा गया है कि अब हम तुम्हें दिखाएंगे कि हमारी ताकत के आगे तुम्हारी सात पुश्तें भी कुछ नहीं बिगाड़ पाएंगी।

## सपा प्रवक्ता एससी-एसटी एक्ट के तहत गिरफ्तार

बाराबंकी (एजेंसी)। बाराबंकी के सफदरगंज थाना क्षेत्र में शुक्रवार सुबह समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता मनोज यादव को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। यह कार्रवाई दो दिन पहले दर्ज मुकदमे के आधार पर की गई। पुलिस सूत्रों के अनुसार, मनोज यादव को उस समय पकड़ा गया जब वे अपने कुछ साथियों के साथ सफदरगंज क्षेत्र से गुजर रहे थे। गिरफ्तारी के बाद उन्हें बड़ागांव सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां नियमानुसार उनका मेडिकल परीक्षण कराया गया। एएसपी विकास चंद्र त्रिपाठी ने बताया कि सफदरगंज थाने में दो दिन पूर्व छेड़छाड़ और एससी-एसटी एक्ट के तहत एक मामला दर्ज किया गया था। उसी प्रकरण में साक्ष्यों और विवेचना के आधार पर यह कार्रवाई की गई है। उन्होंने स्पष्ट किया कि गिरफ्तारी स्थानीय पुलिस द्वारा की गई है। पिछले दो दिनों से मनोज यादव के संपर्क में न होने को लेकर चर्चा तेज थी। उनकी पत्नी ने लखनऊ के गोमती नगर विस्तार थाना में गुमशुदगी की रिपोर्ट भी दर्ज कराई थी। इसी बीच सफदरगंज में पुलिस की यह कार्रवाई सामने आई, जिससे पूरे घटनाक्रम को नया मोड़ मिल गया। अभी तक समाजवादी पार्टी की ओर से कोई आधिकारिक बयान सामने नहीं आया है। स्थानीय स्तर पर कार्यकर्ताओं में चर्चा का दौर जारी है।

## लखनऊ-काशी समेत 5 कोर्ट को उड़ाने की धमकी

वाराणसी (एजेंसी)। लखनऊ, वाराणसी, अयोध्या, मेरठ और मिर्जापुर कोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। सभी जगहों पर धमकी का ईमेल सरकारी मेल पर आया। इसका पता लगते ही हडकंप मच गया। फिलहाल, पांचों कोर्ट परिसरों को पुलिस ने खाली करा दिया है। कोर्ट की कार्रवाई को फिलहाल रोक दिया गया है। काशी में 3 हजार से अधिक वकील और 5 हजार वादकारियों ने आनन-फानन में कोर्ट छोड़ दिया। जिला जज भी कैंपस से बाहर आ गए। पुलिस, डॉग स्क्वॉड और बम स्क्वॉड की टीमें कोर्ट के एक-एक कोने की जांच कर रही हैं। हालांकि, अभी तक कहीं भी कुछ नहीं मिला है। पुलिस के मुताबिक, ज्यादातर मेल का पैटर्न एक जैसा है। हालांकि, मेल किसने भेजा और कहां से आया, इसका पता अब तक नहीं चल पाया है। पुलिस जांच कर रही है कि एक साथ मेल क्यों भेजे गए। क्या इसके पीछे कोई साजिश है। सूत्रों के मुताबिक, पूरे मामले पर लखनऊ के बड़े अफसर नजर रख रहे हैं। साइबर सेल और सुरक्षा एजेंसियां

# यूपी चुनाव से पहले नजर आई बंगला राजनीति, मायावती को बड़ा बंगला मिलने पर उठ रहे सवाल

### -अखिलेश पर तीखा हमला तो योगी से मुलाकात ने खोले कयासों के द्वार



नई दिल्ली (एजेंसी)। उत्तर प्रदेश की सियासत में एक बार फिर हलचल तेज है। बहुजन समाज पार्टी प्रमुख मायावती को दिल्ली में टाइप-8 श्रेणी का नया सरकारी बंगला आवंटित किए जाने के बाद राजनीतिक गलियारों में चर्चाओं का दौर शुरू हो गया है। आम तौर पर राष्ट्रीय पार्टी के अध्यक्ष को टाइप-6 या टाइप-7 श्रेणी का आवास मिलता है, ऐसे में उच्च श्रेणी का बंगला मिलने को राजनीतिक संकेतों से जोड़कर देखा जा रहा है।

मीडिया रिपोर्ट के अनुसार इस घटनाक्रम की शुरुआत अप्रैल 2024 से मानी जा रही है, जब लोकसभा चुनाव के दौरान मायावती के भतीजे आकाश आनंद ने सीतापुर की रैली में भारतीय जनता पार्टी पर तीखा हमला किया था। उन्होंने पार्टी को नफरत फैलाने वाली और आतंकवादियों की पार्टी तक कह दिया था। इस बयान से नाराज होकर मायावती ने उन्हें नेशनल कोऑर्डिनेटर पद से हटा दिया और इसकी जानकारी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर सार्वजनिक रूप से दी।

दिलचस्प बात यह रही कि आकाश आनंद समाजवादी पार्टी पर भी हमलावर थे, लेकिन इस पर मायावती ने सार्वजनिक नाराजगी नहीं जताई। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि इससे यह संदेश गया कि मौजूदा समय में मायावती भाजपा से सीधे टक्कर लेने से बचना चाहती हैं। हालांकि, रैलियों में वे राजनीतिक आलोचना करती रहीं।

#### सीएम योगी का आभार जताया

इसके बाद 9 अक्टूबर 2025 को एक रैली में मायावती ने भारतीय जनता पार्टी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का सार्वजनिक रूप से आभार जताया। इस बयान ने अटकलों को और हवा दी। जनवरी 2026 में उन्हें दिल्ली में नया टाइप-8 बंगला आवंटित होने के बाद यह चर्चा तेज हो गई कि क्या भाजपा और बसपा के बीच कोई रणनीतिक समीकरण बन रहा है। यूपी चुनाव से पहले इस घटनाक्रम ने राजनीतिक गलियारे में चर्चा का बाजार गर्म कर दिया है।

#### अखिलेश को सबसे बड़ा दुश्मन बताया

मायावती ने हाल के बयानों में अखिलेश यादव को अपना 'सबसे बड़ा राजनीतिक दुश्मन' बताया है। इससे साफ संकेत मिलता है कि बसपा की मुख्य राजनीतिक लड़ाई समाजवादी पार्टी से है।

हालांकि, भाजपा और बसपा के बीच किसी औपचारिक गठबंधन की घोषणा नहीं हुई है, लेकिन अंदरखाने संभावित समझदारी या चुनावी रणनीति को लेकर कयास लगाए जा रहे हैं। यूपी विधानसभा चुनाव से पहले बदलते समीकरणों ने राज्य की राजनीति को नई दिशा दे दी है। अब देखना होगा कि यह नजदीकियां महज राजनीतिक रणनीति हैं या आने वाले चुनाव में किसी बड़े गठबंधन की भूमिका तैयार कर रही हैं।

## तीनों मामलों में सांसद पप्पू यादव को मिली जमानत, समर्थकों में उत्साह



पटना (एजेंसी)। सांसद राजेश रंजन उर्फ पप्पू यादव को राहत देकर अदालत ने उनके खिलाफ दर्ज तीनों मामलों में जमानत दे दी है। इससे उनके समर्थकों में उत्साह का माहौल दिखाई दिया। एमपी-एमएलए विशेष अदालत में शुक्रवार को संबंधित मामलों पर सुनवाई हुई। बचाव पक्ष की ओर से दलील दी गई कि आरोपों का स्वरूप गंभीर नहीं है और अभियुक्त जांच में सहयोग कर रहे हैं। लेकिन सुनवाई के दौरान अभियोजन पक्ष ने जमानत का विरोध कर कहा कि मामले की निष्पक्ष सुनवाई के लिए सख्ती जरूरी है। हालांकि अदालत ने दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद जमानत याचिका स्वीकार कर ली। जानकारी के अनुसार, तीनों मामले अलग-अलग तिथियों में दर्ज किए गए थे और इनमें कोतवाली थाना कांड संख्या भी शामिल है। अदालत ने शर्तों के साथ जमानत मंजूर की है। इसके पहले पप्पू यादव को न्यायिक हिरासत में भेजा गया था। जमानत मिलने के बाद उनकी रिहाई की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। कानूनी औपचारिकताएं पूरी होते ही उन्हें जेल से रिहा किया जाएगा। सांसद पप्पू यादव को जमानत की खबर मिलते ही समर्थकों ने खुशी जाहिर की है। कई कार्यकर्ताओं ने इस न्याय की जीत बताया। वहीं, राजनीतिक गलियारों में भी इस फैसले को लेकर चर्चा तेज हो गई है।

## गैंगस्टरों के खिलाफ सीएम मान की बड़ी स्ट्राइक, पुलिस ने 72 घंटे में 3 हजार गिरफ्तारियां



लुधियाना (एजेंसी)। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के निर्देश पर राज्य को गैंगस्टर मुक्त बनाने के लिए 'गैंगस्टरां ते वार' मुहिम के तहत 72 घंटे का 'ऑपरेशन प्रहार-2' चलाया गया। इस विशेष अभियान की अगुवाई गौरव यादव ने की, जिसमें राज्यभर में 12,000 पुलिसकर्मियों की 2,000 से अधिक टीमों ने हिस्सा लिया। अभियान के दौरान वांछित अपराधियों से जुड़े 8,278 ठिकानों पर छापेमारी की गई। 3 दिनों की कार्रवाई में कुल 7,498 लोगों को हिरासत में लिया गया, जिसमें से 3,260 आरोपियों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार किए गए व्यक्तियों में 135 फरार अपराधी भी शामिल हैं। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 47 हथियार, 4.8 किलोग्राम हेरोइन, 3.6 किलोग्राम अफीम, 42,797 नशीली गोलियां, 68 किलोग्राम भुक्की और 30 लाख रुपये की ड्रग मनी बरामद की। इसके अतिरिक्त 1,450 लोगों को एहतियातन हिरासत में लिया गया, जबकि जांच के बाद 2,788 व्यक्तियों को रिहा किया। विशेष डीजीपी (कानून एवं व्यवस्था) अर्पित शुक्ला ने बताया कि यह अभियान उम्मीद से अधिक सफल रहा है और राज्य को पूरी तरह गैंगस्टर मुक्त बनाने तक कार्रवाई जारी रहेगी। आम नागरिकों से अपील की गई है कि वे एंटी-गैंगस्टर हेल्पलाइन नंबर 93946-93946 पर गुप्त रूप से सूचना दे सकते हैं। इसी दौरान 'युद्ध नशेयां विरुद्ध' अभियान के 347वें दिन 164 नशा तस्करों को गिरफ्तार कर 11.9 किलोग्राम हेरोइन, 344 नशीली गोलियां और 4,700 रुपये की ड्रग मनी बरामद की गई। पिछले 347 दिनों में कुल 49,129 नशा तस्कर गिरफ्तार किए जा चुके हैं। साथ ही 14 लोगों को नशा मुक्ति और पुनर्वास के लिए प्रेरित किया गया है।

# चुनावी रेवड़ी या महिला सम्मान? स्टालिन ने करोड़ों महिलाओं को दिए 5000 रुपये



चेन्नई (एजेंसी)। दक्षिण के राज्य तमिलनाडू के सीएम एम के स्टालिन ने महिलाओं के लिए बड़ी आर्थिक सहायता की घोषणा कर 'कलाइग्नार मगलीर उरिमाई थोगई' योजना के तहत 1.31 करोड़ महिला लाभार्थियों के बैंक खातों में 5,000 रुपये जमा करवाए हैं। चेन्नई में जारी वीडियो संदेश में उन्होंने बताया कि फरवरी, मार्च और अप्रैल महीनों के लिए अग्रिम रूप से 3,000 रुपये (प्रति माह 1,000 रुपये) दिए गए हैं, जबकि 2,000 रुपये की अतिरिक्त ग्रीष्मकालीन विशेष सहायता भी प्रदान की गई है।

सीएम स्टालिन ने स्पष्ट किया कि यह केवल चुनावी वादा नहीं, बल्कि महिलाओं के सामाजिक और आर्थिक योगदान का सम्मान है। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार के 'द्रविड़ मॉडल 2.0' के तहत यदि उनकी पार्टी दोबारा सत्ता में आती है, तब वर्तमान 1,000 रुपये की मासिक सहायता राशि को बढ़ाकर 2,000 रुपये किया जाएगा। तमिलनाडु में 234 सदस्यीय विधानसभा का कार्यकाल 10 मई 2026 को समाप्त हो रहा है और चुनाव 2026 की पहली छमाही में प्रस्तावित हैं। 2021 के चुनावों में डीएमके के नेतृत्व वाले गठबंधन ने 133 सीटें जीतकर सरकार बनाई थी, जबकि एआईएमडीएमके को 66 सीटें मिली थीं।

यह योजना सितंबर 2023 में शुरू की गई थी और शुरुआत में 1.13 करोड़ महिलाओं को इसका लाभ मिला था। बाद में इसका दायरा बढ़ाकर 1.31 करोड़ महिलाओं तक किया गया। स्टालिन सरकार का कहना है कि यह आर्थिक सहायता महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने और परिवार की आय में सहयोग देने के उद्देश्य से दी जा रही है।

राजनीतिक विश्लेषकों के अनुसार, चुनाव से पहले इतनी बड़ी राशि का वितरण विपक्ष द्वारा 'चुनावी रेवड़ी' कहा जा रहा है, जबकि सत्तारूढ़ दल इसे महिला सशक्तिकरण की दिशा में ऐतिहासिक कदम बता रहा है। अब देखना यह होगा कि आगामी चुनावों में महिलाओं का समर्थन किस दिशा में जाता है।

## पूर्व सीजेआई गवई ने जेपीसी के समक्ष वन नेशन वन इलेक्शन का किया समर्थन

नई दिल्ली(एजेंसी)। 'एक देश, एक चुनाव' विधेयक पर चल रही संसदीय पड़ताल के बीच भारत के पूर्व मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई ने संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) के समक्ष इसका समर्थन किया है। उन्होंने कहा कि यह प्रस्ताव न तो संविधान के मूल ढांचे का उल्लंघन करता है और न ही इससे संघीय ढांचे या लोकतांत्रिक प्रणाली पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा। यह विधेयक लोकसभा और राज्यों की विधानसभाओं के चुनाव एक साथ कराने के उद्देश्य से लाया गया है। जानकारी के मुताबिक, भाजपा सांसद पीपी चौधरी की अध्यक्षता वाली जेपीसी के समक्ष जस्टिस गवई ने कहा कि देश में एक साथ चुनाव कराने के लिए केवल एक चुनावी चक्र को समायोजित करने की आवश्यकता होगी। उन्होंने विधेयक की संवैधानिक वैधता का समर्थन करते हुए कहा कि इसके लागू होने से संविधान की मूल संरचना में कोई बदलाव नहीं होगा। बैठक के बाद समिति अध्यक्ष ने कहा कि यह प्रस्ताव संसद की विधायी क्षमता के दायरे में आता है और इससे व्यापक चुनाव सुधार संभव है।

अन्य पूर्व सीजेआई की राय- अब तक 129वें संविधान संशोधन विधेयक, 2024 पर छह पूर्व मुख्य न्यायाधीश समिति के सामने अपनी राय रख चुके हैं। इनमें रंजन गोगोई, डी. वाई. चंद्रचूड़, जे. एस. खेहर और जस्टिस गवई ने इसे संविधान के मूल ढांचे के अनुरूप बताया है। वहीं दूसरी तरफ यूयू ललित और संजिव खन्ना ने केशवानंद भारती मामला का हवाला देते हुए कुछ संवैधानिक चिंताएं जताई हैं।

'वन नेशन, वन इलेक्शन' पर अंतिम फैसला संसद की प्रक्रिया और आवश्यक संवैधानिक संशोधनों के बाद ही स्पष्ट होगा, लेकिन पूर्व न्यायाधीशों की राय ने बहस को नई दिशा दे दी है।

# सेवानिवृत फौजियों के लिए किताब लिखने पर नए नियम? नरवणे विवाद पर सरकार का रुख




नई दिल्ली (एजेंसी)। पूर्व सेना प्रमुख जनरल एमएम नरवणे की अप्रकाशित किताब को लेकर चल रहे विवाद के बीच रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह ने बताया कि सेवानिवृत्त सेना अधिकारियों के लिए पुस्तक लेखन संबंधी नए दिशानिर्देश लाने के किसी प्रस्ताव की उन्हें जानकारी नहीं है। रक्षा सचिव सिंह ने कहा कि इसतरह के मामलों के लिए पहले से ही नियम और कानून मौजूद हैं, जिसमें आधिकारिक गोपनीयता अधिनियम (ओएसए) भी शामिल है। उन्होंने कहा कि मुख्य मुद्दा दिशानिर्देशों का अभाव नहीं है, बल्कि यह है कि क्या किसी मौजूदा नियम का उल्लंघन किया गया है।

रक्षा सचिव सिंह ने बताया कि ईमानदारी से कहूं, मुझे इस विशेष मुद्दे की जानकारी नहीं है जिसका आप जिक्र कर रहे हैं कि क्या नए दिशानिर्देशों पर विचार हो रहा है। मौजूदा दिशानिर्देश हैं और आधिकारिक गोपनीयता अधिनियम लागू होता है। मामले में मुद्दा यह नहीं है कि दिशानिर्देश मौजूद नहीं हैं, मुद्दा यह है कि क्या किसी ने उनका उल्लंघन करने की कोशिश की है। सार्वजनिक सूत्रों से मुझे पता चला है कि एजेंसियां इस मामले की जांच कर रही हैं। हालांकि, मुझे किसी नए दिशानिर्देश की जानकारी नहीं है, और वैसे भी, संवेदनशील मामलों में मौजूदा दिशानिर्देश और मौजूदा कानून, विशेष रूप से ओएसए, लागू होते हैं।

यह घटना तब सामने आई जब राहुल गांधी ने बजट सत्र के दौरान लोकसभा में जनरल नरवणे की आत्मकथा फोर स्टार्स ऑफ डेस्टिनी का हवाला देने की कोशिश की, इससे बजट सत्र के दौरान चीन के साथ 2020 के गतिरोध का मुद्दा चर्चा में आ गया और राजनीतिक विवाद खड़ा हो गया। दिल्ली पुलिस ने 9 फरवरी को विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म और समाचार मंचों पर मिली जानकारी का संज्ञान लिया, जिसमें दावा किया गया था कि फोर स्टार्स ऑफ डेस्टिनी पुस्तक की एक प्री-प्रिंट प्रति प्रसारित हो रही है। स्पेशल सेल ने अभी तक स्वीकृत न हुई पुस्तक के कथित रिसाव/उल्लंघन के संबंध में मामला दर्ज किया है।

वहीं बताया गया हैं कि दिल्ली पुलिस स्पेशल सेल ने पूर्व सेना प्रमुख जनरल नरवणे की पुस्तक के कथित रिसाव के संबंध में पेंगुइन इंडिया के अधिकारियों से लगातार दो दिनों तक पूछताछ की। सूत्रों के अनुसार, दोनों दिन पूछताछ कई घंटों तक चली, जिसमें जांचकर्ताओं ने पांडुलिपि और उसकी डिजिटल फाइलों के प्रबंधन और वितरण के बारे में विस्तृत जानकारी प्राप्त करने का प्रयास किया।

## बर्फबारी से पहाड़ी इलाकों में कड़ाके की ठंड तो कई मैदानी राज्यों में तापमान 30 डिग्री के पार



नई दिल्ली (एजेंसी)। देश में फरवरी के दूसरे सप्ताह में मौसम के दो अलग-अलग रंग देखने को मिल रहे हैं। मैदानी राज्यों में जहां गर्मी दस्तक देने लगी है, वहीं पहाड़ी इलाकों में कड़ाके की ठंड और बर्फबारी का दौर जारी है।

राजस्थान, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ के कई शहरों में तापमान 30 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंच गया है। राजस्थान के चित्तौड़गढ़ में अधिकतम तापमान 31 डिग्री दर्ज किया गया। वहीं मध्य प्रदेश के 15 शहरों में पारा 30 डिगी तक पहुंच गया है। हालांकि सुबह और देर शाम हल्की ठंड अब भी महसूस की जा रही है। इसके उलट हिमालयी राज्यों में सर्दी का प्रकोप जारी है। उत्तराखंड के 7 शहरों में न्यूनतम तापमान माइनस 10 डिग्री सेल्सियस से नीचे दर्ज किया गया। मुनस्यारी में गुरुवार को पारा गिरकर माइनस 26 डिग्री तक पहुंच गया, जो इस सीजन के सबसे कम तापमान में से एक है। हिमाचल प्रदेश के सात शहरों में भी तापमान 5 डिग्री से नीचे रहा। जम्मू-कश्मीर के ऊंचाई वाले इलाकों में हल्की बर्फबारी जारी है। अनंतनाग में बुधवार-गुरुवार को ताजा बर्फबारी दर्ज की गई। कश्मीर को जम्मू से जोड़ने वाली ऐतिहासिक मुगल रोड पर कई फीट बर्फ जमी होने के कारण मार्ग अब भी बंद है, जिससे आवाजाही प्रभावित है। मौसम विभाग ने अगले 12 घंटों में लद्दाख, जम्मू-कश्मीर और अरुणाचल प्रदेश में भारी बारिश और तेज हवाओं की चेतावनी जारी की है। हवा की रफ्तार 40 से 50 किमी प्रति घंटे तक पहुंच सकती है। कुछ इलाकों में आकाशीय बिजली गिरने की आशंका भी जताई गई है। किसानों को सावधानी बरतने की सलाह दी गई है। मौसम विभाग के अनुसार, 16 फरवरी तक बारिश के प्रभाव से तापमान में गिरावट और ठंड बढ़ने की संभावना है। 14 फरवरी को राजस्थान में मौसम साफ रहने और तापमान में 1-2डिग्री की बढ़ोतरी का अनुमान है, जबकि 15 फरवरी को हिमाचल प्रदेश के ऊपरी क्षेत्रों में बर्फबारी से राहत मिल सकती है और निचले इलाकों में मौसम साफ रहने की संभावना है।

# 8वें वेतन आयोग लागू हुआ तो 1 से 5 लेवल तक के कर्मचारियों की होगी बल्ले-बल्ले

### -एरियर की अवधि 18 से 24 महीनों तक की हो सकती है

नई दिल्ली (एजेंसी)। केंद्रीय कर्मचारी आठवें वेतन आयोग की सिफारिशों का इंतजार कर रहे हैं। वेतन आयोग की सिफारिशें फिटमेंट फॉर्मूले के तहत लागू होने की उम्मीद है। वहीं, सिफारिशें एक जनवरी 2026 से लागू होंगी तो ऐसे में कर्मचारियों को उम्मीद है कि उन्हें एरियर भी मिलेगा। एरियर की अवधि 18 से 24 महीनों तक की हो सकती है। अब सवाल है कि आखिर कितना एरियर मिलेगा। लेवल 1 से लेवल 5 तक के कर्मचारियों के लिए यह एरियर लाखों रुपए में मिल सकता है।

जानकारी के मुताबिक अगर 1 जनवरी 2026 को प्रभावी तिथि मानते हुए 20 महीनों का एरियर लिया जाए और फिटमेंट फैक्टर 2.0, 2.15, 2.28 या 2.57 के आधार पर गणना की जाए, तो लेवल 1 से 5 तक के कर्मचारियों को एकमुश्त बड़ी रकम मिल सकती है। मान लीजिए कि सातवें वेतन आयोग के तहत लेवल 1 कर्मचारियों की बेसिक सैलरी 18,000 रुपए है। वहीं, लेवल 5 कर्मचारियों की सैलरी 29,200 रुपए है। अब आठवें वेतन आयोग के तहत कर्मचारियों का 20 महीने का एरियर 3.60 लाख रुपए से 9.17 लाख रुपए तक बनता है। यह कैल्कुलेशन फिटमेंट फैक्टर 2.0, 2.15, 2.28 और 2.57 के आधार पर किया गया है।

बता दें एरियर की गणना का तरीका सीधा होता है। इसमें 7वें वेतन आयोग के तहत मौजूदा बेसिक पे पर स्वीकृत फिटमेंट फैक्टर लागू कर नई बेसिक सैलरी तय की जाती है। इसके बाद पुरानी और नई सैलरी के बीच का मासिक अंतर निकाला जाता है और उसे देरी के महीनों की संख्या से गुणा किया जाता है। आमतौर पर एरियर में बेसिक-पे का अंतर और संशोधित वेतन के मुताबिक महंगाई भत्ते का अंतर शामिल होता है।

बता दें हाल ही में 8वें केंद्रीय वेतन आयोग ने अपनी आधिकारिक वेबसाइट लॉन्च कर दी है। आयोग ने पोर्टल पर एक संरचित प्रश्नावली के जरिए मंत्रालयों, विभागों, केंद्रीय कर्मचारियों और अन्य हितधारकों से सुझाव भी मांगे हैं। मतलब यह कि आप वेतन आयोग को किसी भी तरह के सुझाव दे सकते हैं। अगर सुझाव सही होंगे तो उस पर अमल भी किया जाएगा। बता दें केंद्र सरकार ने जनवरी 2025 में 8वें वेतन आयोग की घोषणा की थी, जबकि वित्त मंत्रालय ने 3 नवंबर को इसकी अधिसूचना जारी की।




नवबिहार मीडिया प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक डॉ. रामाज्ञा तिवारी द्वारा विश्वेश्वरा पब्लिकेशनंस एलएलपी की ओर से शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पंप, रातू, रांची (झारखंड)- 835222 से मुद्रित एवं उद्योग भवन मार्ग, 19 A कोकर औद्योगिक क्षेत्र रांची- 834001 (झारखंड) से प्रकाशित।
**संपादक- डॉ. रामाज्ञा तिवारी, कार्यकारी संपादक- भीष्म सिंह, प्रबंध संपादक- पंकज कु. सिंह*, प्रधान संपादक- देवेंद्र सिंह** (*पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार), **प्रबंधक- नरेंद्र कुमार सिंह.** 9334331934, 7903538992, 9570107019, **RNI Regn.: JHAHIN/2011/40902**